www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 9 मई, 2024 | वर्ष-17 | अंक-33 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए



चुनाव में भाजपा की हालत खराब : तेजस्वी 02
■ लोकतंत्र बचाने को एकजुट हो रहे आमजन : आप
■ विद्यार्थियों ने की भविष्य की अत्याधुनिक गेमिंग... 03
■ रफा हमले से पहले हमास युद्धविराम के मसौदे पर...
■ बांग्लादेश में रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती पर... 07
हमारी मांगों को पूरा करने वाले दल को मिलेगा... 10

## सार संक्षेप

### भाजपा ने तीन और उम्मीदवारों के नाम किए घोषित



**नई दिल्ली।** भाजपा ने अपने लोकसभा उम्मीदवारों की 19वीं सूची जारी कर दी है। पार्टी ने बुधवार को पंजाब तीन 3 लोकसभा उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। भाजपा ने आनंदपुर साहिब लोकसभा सीट से डॉ. सुभाष शर्मा, फिरोजपुर से राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी को उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं, पंजाब के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता भगवंत मान के गृह क्षेत्र संगरूर से भाजपा ने अरविंद खन्ना को चुनावी मैदान में उतारा है।

### धर्म के नाम पर वोट मांग रहे मोदी : कपिल सिब्बल



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी धर्म के नाम पर जनता से वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी धर्म के नाम पर लोगों से वोट मांग रहे हैं। ताज्जुब तो इस बात को लेकर है कि उम्मीदवार उन्हें खुद बुला रहे हैं और उन्हें इस बात से कोई आपत्ति नहीं है कि उनका कोई स्टार कैंपेनर धर्म के नाम पर उनके संसदीय क्षेत्र में वोट मांग रहा है।

### भारतीय वन सेवा के परिणाम घोषित ऋत्विका शीर्ष पर



**नई दिल्ली।** संघ लोकसेवा अयोग ने बुधवार को भारतीय वन सेवा परीक्षा 2023 के अंतिम परिणामों की घोषणा की जिसमें 147 अभ्यर्थियों की नियुक्ति किए जाने की अनुशंसा की गई है। इस परीक्षा में पहले पांच स्थानों पर रहे अभ्यर्थियों में क्रमशः ऋत्विका पांडे, काले प्रतीक्षा नानासाहेब, स्वास्तिक यदुवंशी, पंडित शिरीन संजय और विद्यांशु शेखर झा के नाम हैं।

### साहित्य अकादमी की बच्चों के लेखन पर कार्यशाला जून में



**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी बच्चों के लिए हिंदी और अंग्रेजी में रचनात्मक लेखन पर एक कार्यशाला 'किस्सा-ओ-कलमः बोलती कलम' का आयोजन जून के प्रथम सप्ताह में करेगी। साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बुधवार को यहां बताया कि कार्यशाला का आयोजन तीन से सात जून तक राष्ट्रीय राजधानी में साहित्य अकादेमी के परिसर में किया जाएगा।

### हैदराबाद में बारिश से दीवार गिरी, सात की मौत

**हैदराबाद।** ग्रेटर हैदराबाद में भारी बारिश से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण दीवार ढह गई, जिसके नीचे दबकर चार साल के बच्चे समेत सात प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई।

---

तेलंगाना की चुनावी रैली में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# अंबानी-अडानी पर अचानक चुप हो गए शहजादे

## मोदी ने कहा, लोगों को गुप्त समझौते की बू आ रही, कुछ तो दाल में काला है

**करीमनगर,** 8 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से कांग्रेस नेता अंबानी-अडानी पर अचानक चुप क्यों हो गए। पांच साल तक कांग्रेस नेता एक ही राग अलापते रहे। जब उनका राफेल मुद्दा शांत हो गया तो उन्होंने नया राग छेड़ दिया। पांच उद्योगपति, पांच उद्योगपति, पांच उद्योगपति। धीरे-धीरे उन्होंने अंबानी-अडानी कहना शुरू कर दिया। लेकिन जब से चुनाव की घोषणा हुई है उन्होंने अंबानी और अडानी को गाली देना बंद कर दिया। पीएम ने कहा कि आज मैं तेलंगाना की धरती से पूछना चाहता हूं कि आपने अंबानी, अडानी से कितना पैसा लिया है? आपने रातों-रात अंबानी और अडानी को गाली देना क्यों बंद कर दिया? कुछ तो दाल में काला है। आपने पांच साल तक उद्योगपतियों को गाली दी लेकिन अचानक चुप हो गए। लोगों को गुप्त समझौते की बू आ रही है।

■ पांच साल तक एक ही राग अलापते रहे
■ अंबानी, अडानी से कितना पैसा लिया



### राहुल अडानी का नाम लेकर साधते रहे हैं निशाना

राहुल गांधी ने बार-बार नरेंद्र मोदी सरकार पर शीर्ष उद्योगपतियों का पक्ष लेने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा है कि जहां भाजपा सरकार ने 22 भारतीयों को 'अरबपति' बनाया है, वहीं कांग्रेस का लक्ष्य सत्ता में आने पर करोड़ों लोगों को 'लखपति' बनाना है। राहुल गांधी अडानी का नाम लेकर केद्र सरकार और पीएम मोदी को निशाना बनाते रहे हैं।

देश में तीन चरणों के चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुर्सी 'डगमगा रही है' और उन्होंने अपने ही 'मित्रों' पर हमला शुरू कर दिया है : मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष



### तीन चरण की हार से बौखलाए मोदी : कांग्रेस

**अप्रैल से अब तक राहुल 103 बार अडानी और 30 बार अंबानी का नाम ले चुके**

*नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अडानी अंबानी का नाम लेना बंद करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आरोप को गलत बताते हुए कांग्रेस ने कहा है कि श्री गांधी लगातार इन उद्योगपतियों का नाम ले रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री तीन चरण के मतदान में अपनी हार सुनिश्चित देखकर बौखला गए हैं इसलिए उल्टे सीधे बयान दे रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा तीन चरणों के चुनाव के बाद नरेंद्र मोदी इतने बौखला गए कि अडानी-अंबानी के खिलाफ बोलने लगे।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राहुल गांधी जी अडानी-अंबानी का नाम नहीं लेते। सच्चाई ये है कि अप्रैल से अब तक राहुल 103 बार अडानी और 30 बार अंबानी का नाम ले चुके हैं।*

### राहुल रोज अडानी की सच्चाई बताते है : प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा आज नरेंद्र मोदी ने कहा- राहुल गांधी जी अडानी का नाम नहीं ले रहे हैं। सच्चाई ये है- राहुल गांधी जी हर दिन अडानी की बात करते हैं, वे रोज अडानी की सच्चाई आपके सामने रखते हैं, उसका खुलासा करते हैं। उन्होंने आगे कहा राहुल गांधी रोज बताते हैं कि नरेंद्र मोदी की बड़े-बड़े उद्योगपतियों के साथ सांठ-गांठ है। नरेंद्र मोदी ने अपने मित्रों के 16 लाख करोड़ रुपए माफ कर दिए, लेकिन किसानों का एक रुपए माफ नहीं किया। नरेंद्र मोदी इस बात का जवाब दें..।

---

राहुल ने मोदी को दिया जवाब

## आपने 22 अरबपति बनाए हम करोड़ों लखपति बनाएंगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी के अडानी और अंबानी वाले बयान पर पलटवार किया है। राहुल गांधी ने आधिकारिक हैंडल एक्स पर वीडियो जारी कर कहा कि भाजपा के भ्रष्टाचार के टेम्पो का 'ड्राइवर' और 'खलासी' कौन है, देश जानता है। इसके अलावा, राहुल ने अपने वीडियो में कहा कि नमस्कार मोदी जी, थोड़ा सा घबरा गए क्या? आमतौर पर आप बंद कमरों में अडानी और अंबानी जी की बात करते हो। आपने पहली बार पब्लिक में अंबानी, अडानी बोला। आपको ये भी मालूम है कि ये टेम्पो में पैसा देते हैं। निजी अनुभव है क्या?'राहुल गांधी बोले- 'एक काम कीजिए. सीबीआई और ईडी को इनके पास भेजिए. पूरी जानकारी करिए। जांच करवाइए। जल्दी से जल्दी करवाइए। घबराइए मत मोदी जी। मैं देश को फिर दोहराकर कह रहा हूं कि जितना पैसा नरेंद्र मोदी जी ने इनको दिया है न.. उतना ही पैसा हम हिंदुस्तान के गरीबों को देने जा रहे हैं। इन्होंने 22 अरबपति बनाए हैं। हम करोड़ों लखपति बनाएंगे। पीएम मोदी ने तेलंगाना की करीमनगर की रैली के दौरान उन्होंने अंबानी-अडानी को लेकर राहुल गांधी की चुप्पी पर सवाल उठाए थे। पीएम ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे पिछले 5 साल से ही सुबह उठते ही 5 उद्योगपति की माला जपते थे।

---

## एचडी रेवन्ना को 14 तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**बेंगलुरु,** 8 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में पीड़िता के अपहरण के आरोपी और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना को 14 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उन पर शहर के केआर नगर पुलिस स्टेशन में अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। एसआईटी अधिकारियों ने 4 मई को उन्हें गिरफ्तार किया था।

कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में फंसे पूर्व प्रधानमंत्री के बेटे एचडी रेवन्ना और पोते प्रज्वल रेवन्ना पर यौन शोषण का आरोप लगाया गया था। सांसद प्रज्वल रेवन्ना इस बात के बाद देश छोड़कर भाग गए। आरोप है कि पीड़िता की मां का एचडी रेवन्ना के जरिए अपहरण करवाया है। जद(एस) संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना और उनके विश्वासपात्र सतीश बबन्ना पर महिला के अपहरण के आरोप में 29 अप्रैल को मामला दर्ज किया गया था। एचडी रेवन्ना ने कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दायर की थी। बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज करते हुए 14 मई तक की न्यायिक हिरासत में भेजा है।

कर्नाटक सेक्स स्कैंडल



■ एसआईटी ने 4 मई को उन्हें गिरफ्तार किया था

**कुमारस्वामी को साजिश का संदेह**

जनता दल (सेक्युलर) नेता एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि उनके भतीजे और हासन से पार्टी उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स स्कैंडल के वीडियो वाली 25,000 पेन ड्राइव चुनाव से पहले बांटी गई थी।

---

## केजरीवाल की जमानत पर कल आ सकता है फैसला

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट शराब घोटाले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुना सकता है।

बुधवार को जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने खुली अदालत में कहा कि वह सीएम केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के सवाल पर 10 मई को अपना फैसला सुनाएगी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने संकेत दिया था कि वह मौजूदा आम चुनाव को देखते हुए आप नेता को अंतरिम जमानत देने पर विचार कर सकती है। इसमें कहा गया कि यह एक असाधारण स्थिति है और सीएम केजरीवाल आदतन अपराधी नहीं हैं। जांच एजेंसी ने अंतरिम राहत देने का विरोध करते हुए कहा था कि यह एक गलत मिसाल कायम करेगा और राजनेताओं के पास सामान्य नागरिकों की तुलना में कोई विशेष अधिकार नहीं है। यह याचिका दिल्ली हाई कोर्ट के 10 अप्रैल के फैसले के खिलाफ दायर की गई थी, जिसमें ईडी की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज हो गई थी। सीएम केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। तब से वो हिरासत में हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी थी।



■ चुनाव को देखते हुए जमानत देने पर विचार कर सकता है कोर्ट
■ राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 मई तक बढ़ा दी थी न्यायिक हिरासत

### सिसोदिया की जमानत पर हाई कोर्ट में हुई सुनवाई

**सीबीआई-ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए दिया चार दिन का समय**

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने जांच एजेंसी सीबीआई-ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए चार दिन का और समय दिया है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने 3 मई को सिसोदिया की याचिका पर नोटिस जारी कर दोनों एजेंसियों केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा था। बुधवार को एजेंसियों ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगा। ईडी के वकील ने कहा कि जांच अधिकारी अभियोजन की शिकायत के साथ जांच में व्यस्त हैं, इसलिए जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह और चाहिए। वकील ने कहा, हम सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक अन्य सह-अभियुक्त के मामले से भी निपट रहे हैं।

---

## पांचवें चरण में 695 उम्मीदवार लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में कुल 695 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। पांचवें चरण का मतदान 8 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में होना है। पांचवें चरण में इन 8 प्रदेशों के कुल 49 संसदीय क्षेत्रों में 20 मई को मतदान होगा। अंतिम चरण का मतदान 1 जून और नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। बुधवार को पांचवें चरण के संबंध में जानकारी देते हुए निर्वाचन आयोग ने बताया कि पांचवें चरण के लिए कुल 1,586 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन-पत्र दाखिल किए गए थे।

सभी 8 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में पांचवें चरण के लिए नामांकन-पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 3 मई, 2024 थी। दाखिल किए गए सभी नामांकन पत्रों की जांच के बाद केवल 749 नामांकन-पत्र वैध पाए गए। नामांकन वापसी के बाद चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम संख्या 695 रह गई है। पांचवें चरण में जिन स्थानों पर चुनाव होना है, उनमें बिहार की 5 सीटें, जम्मू एवं कश्मीर की 1, झारखंड की 3, लद्दाख की 1, महाराष्ट्र की 13 सीटें, ओडिशा की 5, उत्तर प्रदेश की 14 और पश्चिम बंगाल की 7 सीटें शामिल हैं। पांचवें चरण में, महाराष्ट्र के 13 संसदीय क्षेत्रों में अधिकतम 512 नामांकन-पत्र दाखिल किए गए थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश के 14 संसदीय क्षेत्रों में 466 नामांकन-पत्र दाखिल किए गए थे। झारखंड के चतरा संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 69 नामांकन-पत्र प्राप्त हुए और इसके बाद उत्तर प्रदेश के लखनऊ संसदीय क्षेत्र में 67 नामांकन-पत्र प्राप्त हुए। पांचवें चरण के लिए एक संसदीय क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 14 है।




■ 20 मई को 49 सीटों पर होगा चुनाव
■ 1,586 उम्मीदवारों ने नामांकन किए थे

---

## सैम पित्रोदा ने ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। भारत में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा का विवादित बयान उन पर भारी पड गया।

देश में मचे राजनीतिक बवाल के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बुधवार सुबह ही अमेरिका में अपने एक साक्षात्कार के दौरान पित्रोदा ने पूर्वी और दक्षिण भारतीयों को लेकर नस्लवादी टिप्पणी की थी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पूरी भाजपा हमलावर हो गई और पित्रोदा के बहाने पूरी कांग्रेस पार्टी को कटघरे में खडा कर दिया। माना जा रहा है कि पित्रोदा का यह इस्तीफा चुनावी बेला में राजनीतिक नुकसान से बचने के लिए दिया गया है। हालांकि कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि सैम पित्रोदा ने अपनी मर्जी इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने उनका यह त्यागपत्र तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। पित्रोदा अक्सर विवादित बयान देकर कांग्रेस को परेशानी में डालते रहते है। कुछ दिन पहले विरासत कर का जिक्र उन्होंने विवाद खड़ा कर दिया था।

**पूर्वी और दक्षिण भारतीयों को लेकर नस्लवादी टिप्पणी की थी**

---

## पुंछ आतंकी हमले के संदिग्धों की तस्वीरें सामने आई

**जम्मू-कश्मीर,** 8 मई (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर के पुंछ में वायु सेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इस घटना में शामिल आतंकियों की तस्वीरें कैमरे में कैद हो गई है। दरअसल, 4 मई को शाम छह बजे के करीब स्टूडेंट कोर्ट इलाके में पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट के आतंकियों ने घात लगाकर वायु सेना के काफिले पर हमला किया, जिसमें वायु सेना का एक जवान शहीद और चार जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सुरक्षा बलों की ओर से आतंकियों की तलाश को लेकर पिछले पांच दिनों से लगातार सर्च ऑपरेशन जारी है। जंगलों में चप्पे-चप्पे पर छानबीन जारी है, लेकिन, अभी तक हमले में शामिल आतंकियों का कोई सुराग नहीं लग सका है।

**सेना का सर्च ऑपरेशन जारी**

---

निर्णय | *विवाद के बीच कंपनी ने लिया बड़ा फैसला*

## दुनियाभर से अपनी कोरोना वैक्सीन वापस लेगी एस्ट्राजेनेका

**लंदन, 8 मई (एजेंसियां)। एस्ट्राजेनेका की कोविड वैक्सीन को लेकर उठ रही सुरक्षा चिंताओं के बीच कंपनी ने कहा है कि उसने दुनिया भर से अपने टीकों को वापस लेने की पहल की है। कंपनी ने कहा है कि वह यूरोप के भीतर वैक्सजेवरिया नाम से दी जा रही वैक्सीन को वापस ले रही है। भारत में एस्ट्राजेनेका की कोविड वैक्सीन कोविशील्ड के नाम से लगी थी।**

देश में अधिकांश लोगों को कोविशील्ड का ही टीका लगा है। एस्ट्राजेनेका ने ये कदम ऐसे समय में उठाया है जब पिछले दिनों ही उसने ब्रिटेन की कोर्ट में स्वीकार किया था कि उसकी वैक्सीन से खून में थक्का जमना की दुर्लभ संभावना हो सकती है।

**ब्रिटेन में कई मामले दर्ज हुए**

एस्ट्राजेनेका के खिलाफ ब्रिटेन में कई मामले दर्ज हुए हैं, जिसमें लोगों ने वैक्सीन लगवाने के बाद गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों का दावा किया है। हालांकि कंपनी ने अपनी वैक्सीन वापसी के पीछे टीकों की अधिकता को कारण बताया है। कंपनी ने कहा, वैक्सीन को वापस लेने का फैसला उपलब्ध अपडेटेड टीकों की अधिकता के कारण है, जिसके चलते 'वैक्सीन की मांग में गिरावट' हुई है। कंपनी ने कहा, चूंकि कई प्रकार को कोविड-19 वैक्सीन विकसित की गई हैं, ऐसे में अपडेटेड टीके अधिक मात्रा में उपलब्ध हैं।




**वैक्सीन को यूरोप से वापस मंगाया**

### भारत में कोविशील्ड नाम से मौजूद

हालांकि, कंपनी ने वैक्सीन को वापस लेने का फैसला अभी यूरोप में ही लिया है, लेकिन इसके बाद एक सवाल उठने लगा है कि क्या भारत में कोविशील्ड नाम से मौजूद इसके टीके को भी वापस लिया जा सकता है। कोविशील्ड का उत्पादन पुणे स्थित दुनिया की सबसे बड़ी वैक्सीन निर्माता कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने किया है। ऐसे में टीके को वापस लेने का फैसला सीरम को ही करना होगा। भारत में भी वैक्सीन को लेकर चिंताएं उठाई गई हैं।

# देश

**उवाच** “ देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को दो बार मौका दिया लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने आम जनता के हित में एक भी वादा पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री ने देश की जनता को छलने का काम किया है।

**–मीसा भारती,इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.0 | 28.0 |
| मुंबई | 31.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 30.0 | 24.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 30.0 |

# चुनाव में भाजपा की हालत खराब : तेजस्वी

## राजद नेता ने प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा पर बोला हमला

**पटना,** 8 मई (देशबन्धु)। बिहार में तीसरे चरण के मतदान के बाद अब अगले चरण के चुनाव की तैयारी में तमाम पार्टियां जुट गईं हैं। महागठबंधन के तमाम दल भी चुनाव प्रचार में लगे हैं। इसी क्रम में बुधवार को राजद नेता तेजस्वी यादव पलामू, काराकाट और जहानाबाद लोकसभा में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे। तेजस्वी यादव ने इन तीनों सीट से महागठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी और भाजपा पर जमकर हमला बोला।

वही चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने के बाद तेजस्वी पटना एयरपोर्ट पर पहुंचे। बुधवार को फिर व्हील चेयर के सहारे वो पटना एयरपोर्ट से बाहर अपनी गाड़ी तक पहुंचे। जहां पहले से मीडिया कर्मी मौजूद थे। पटना एयरपोर्ट के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी और भाजपा पर फिर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार देश को दिशा दशा दिखाता है। इस बार भाजपा की हालत टाईट है। बिहार में चौकाने वाला रिजल्ट आएगा। ऐसा चौकाएंगे कि भाजप की सरकार गिर जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 मई को पटना में रोड शो करने वाले हैं। पीएम मोदी के रोड शो को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम रोड शो करेंगे तो तेजस्वी जॉब शो करेगा। कितना दिन तक



प्रधानमंत्री रोड शो करेंगे तो हम जॉब शो करेगें कितने दिन तक लेंगे झूठ का सहारा : **तेजस्वी यादव**

झूठ का सहारा लेंगे। अब जनता जगने लगी है। अभी तो रगराई ढंग से होई। अभी तो तीने फेज ना भेल बा चार फेज अभी बाकिए बा..अभी एकदम लालाइट हैं लोग ढूंढ़ता इवीएम मशीनवा जल्दी मिली कि जल्दी ललटेनवा पर बटन दबाई और भाजपा के भगाई।

**मुद्दे की बात नहीं कर रहा है भाजपा का कोई भी नेता**

राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा का कोई भी नेता मुद्दे की बात नहीं कर रहा है। चार चीज असंभव है सूर्य भगवान का पश्चिम में उगना, रेगिस्तान में मछली मारना, आसमान में पेड़ लगवाना और भाजपा और मोदी के नेताओं से मुद्दे और काम की बात सुनना असंभव है। इनकों बताना चाहिए कि मोदी जी कितना नौकरी दिए हैं। अमीर और अमीर होता जा रहा है और गरीब और गरीब होता जा रहा है। इनके जुबान से कभी शिक्षा और चिकित्सा की बात सुनने को नहीं मिलती है। ये सिर्फ मंदिर मस्जिद करते रहते हैं। भाजपा के लोग बेकार की बात करते रहते हैं। इनके मुंह से कभी गलती से भी आपने शिक्षा और चिकित्सा की बात सुनी है क्या? ये सिर्फ हिंदू, मंदिर-मस्जिद, पाकिस्तान, कश्मीर करते हैं। भाजपा से सिर्फ बेकार की बातें सुनने को मिलती हैं। वहीं दूसरी ओर जेडीयू विधायक गोपाल मंडल ने कहा कि हम सत्य बोलते हैं.. झूठ तो बोलते ही नहीं हैं..बीजेपी एनडीए गठबंधन 32 सीट लाएगा.. 40 नहीं पूरेगा। इसके पीछे का कारण पूछे जाने पर गोपाल मंडल ने कहा कि कितना पूछिएगा नरेंद्र मोदी हमारे गठबंधन के प्रधानमंत्री हैं। उनके खिलाफ क्या बोलेंगे। नरेंद्र मोदी अगर देश के लिए अच्छा काम किए होंगे तो चालीसों सीट मिल जाएगा और देश के लिए अच्छा काम नहीं किए होंगे तो चालीसों का चालीस सीट नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी का प्रभाव घट गया है।

## देश में प्रधानमंत्री मोदी का प्रभाव घटा : गोपाल मंडल



**पटना/भागलपुर।** अपने बयानों के कारण अक्सर चर्चा में रहने वाले भागलपुर के गोपालपुर से जेडीयू विधायक गोपाल मंडल ने गठबंधन में रहते हुए भाजपा के चार सौ पार के दावे की हवा निकाल दी है। गोपाल मंडल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बिहार में भाजपा सभी 40 सीटों पर जीत का दावा कर रही है। लेकिन एनडीए गठबंधन को महज 32 सीटों पर ही संतोष करना पड़ेगा। उन्होंने इसकी वजह पीएम मोदी के प्रभाव का गिरना बताया है। दरअसल, भाजपा और एनडीए में शामिल दल लगातार दावा कर रहे हैं कि इस बार के लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन पूरे देश में चार सौ से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगा। इसके साथ ही उनका यह भी दावा है कि बिहार की सभी 40 सीटें एनडीए की झोली में आएंगी। हालांकि इससे इतर जेडीयू के बवाली विधायक गोपाल मंडल ने दो टूक शब्दों में कह दिया है कि बिहार में एनडीए को 32 से अधिक सीटें नहीं मिलने जा रही हैं।

## फुलवारी शरीफ विधायक गोपाल रविदास के खिलाफ आरोप तय

**पटना,** 8 मई (एजेंसियां)। बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में फुलवारी शरीफ विधायक गोपाल रविदास और बेहरावां पंचायत के पूर्व मुखिया जयप्रकाश पासवान के खिलाफ बुधवार को आरोप तय कर दिया। सांसदों एवं विधायकों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत की न्यायाधीश सारिका बहालिया की अदालत में फुलवारी शरीफ के विधायक गोपाल रविदास और बेहरावां पंचायत के पूर्व मुखिया जयप्रकाश पासवान सशरीर उपस्थित थे। अदालत ने दोनों आरोपियों को उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों का सारांश पढ़ कर सुनाया। दोनों आरोपियों ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों से इनकार किया और विचारण का दावा किया। अदालत ने अभियोजन को अपने साक्ष्य पेश करने का निर्देश दिया। मामले की प्राथमिकी 2 नवंबर 2021 को भारतीय दंड विधान की धारा 188 और 171 (एच) के तहत पटना के पिपरा थाना कांड संख्या 87/2021 के रूप में दर्ज की गई थी। पुलिस ने उन्हीं धाराओं में दोनों आरोपियों के खिलाफ 31 फरवरी 2022 को आरोप पत्र दाखिल किया था।

## जम्मू-कश्मीर के लोगों का अधिकार छीनने का हो रहा प्रयास : महबूबा

**श्रीनगर,** 8 मई (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर के लोगों की पहचान और अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है। मुफ्ती ने पार्टी उम्मीदवार के लिए प्रचार करते हुए मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के चदूरा इलाके में मीडियाकर्मियों से कहा, पांच अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद केंद्र सरकार हमारे कानून, राज्य के विषय, अधिवास और भूमि की स्थिति को बदलने के लिए प्रत्येक दिन नए-नए फरमान जारी कर रही है।

उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधानों को समाप्त करने के बाद भी सब कुछ समाप्त नहीं हुआ है लेकिन केंद्र सरकार सारे अधिकार छीनने और लोगों को उनकी जमीनों से बेदखल करने पर तुली हुई है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि यहां के लोगों को ऊंची दरों पर बिजली प्रदान की जा रही है जबकि देश के अन्य हिस्सों को सस्ती दरों पर और यहां तक कि मुफ्त में बिजली मिल रही है। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि इन चुनावों में हिस्सा लेना आवश्यक हो गया था जिससे लोग केंद्र सरकार को यह संदेश दे सकें कि उन्होंने 2019 में जो किया वह असंवैधानिक और तार्किक रूप से अवैध था और जम्मू-कश्मीर के लोगों को स्वीकार्य नहीं था। महबूबा ने लोगों से पार्टी को वोट देने की अपील की जो राष्ट्रीय राजधानी में जम्मू-कश्मीर के लोगों के मुद्दों को सच्चाई के साथ और निडरता से उठाएगी। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि पीडीपी लोगों के दिलों में बसती है। हो सकता है कि लोग कुछ समय के लिए पीडीपी से नाराज हों, लेकिन लोग समझते हैं कि पीडीपी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो बहुत कम समय तक सरकार में रही और कई प्रमुख कार्य किए।



केंद्र पर लगाया लोगों को उनकी जमीनों से बेदखल करने का आरोप

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर पीडीपी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद के तीन वर्षों के शासन की तुलना की जाए तो श्रीनगर-मुजफ्फराबाद और रावलकोट की सड़कें खोली गईं, जो जम्मू-कश्मीर के राजनेताओं और लोगों के दिमाग में कभी नहीं आई थीं।

## सार संक्षेप

### कलराज मिश्र ने की राष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट



**नई दिल्ली।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। राष्ट्रपति भवन में हुई इस भेंट में श्री मिश्र ने राष्ट्रपति से विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। इसके उपरांत मिश्र ने पूर्व उप प्रधानमंत्री भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी के निवास पर उनसे मुलाकात की। उन्होंने शॉल ओढ़ाकर, पुष्प गुच्छ और स्मृति चिह्न प्रदान करके आडवाणी का अभिनंदन भी किया। राज्यपाल ने आडवाणी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली तथा उनके स्वस्थ, दीर्घायु जीवन की कामना की।

### तलाला के निकट महसूस किए गए भूकंप के दो झटके

**गिर सोमनाथ।** गुजरात में गिर सोमनाथ जिले के तलाला के निकट बुधवार को भूकंप के दो झटके महसूस किए गए। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान के अनुसार बुधवार अपराह्न तीन बजकर 14 मिनट पर 3.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र सौराष्ट्र क्षेत्र में तलाला से 13 किलोमीटर दूर उत्तर-उत्तरपूर्व में था। दूसरा अपराह्न तीन बजकर 18 मिनट पर 3.4 तीव्रता का भूकंप का झटका आया, जिसका केंद्र तलाला से 12 किलोमीटर दूर उत्तर-उत्तरपूर्व में था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान की अभी तक कोई खबर नहीं है।

### नर्मदा नदी में चार बच्चें डूबे, दो की मौत, दो को बचाया

**नरसिंहपुर।** मध्य प्रदेश के नर्मदा नदी में आज नहाते समय चार बच्चे डूब गए, जिनमें से दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर पुलिस थाना साईखेडा के तहत नर्मदा नदी के सोकलपुर घाट पर सुबह में नहाते समय चार बच्चें डूब गए। जिनमें से दो बच्चों को मौजूद वहाँ पर लोगों ने बचा लिया। जबकि दो बच्चें गहरें पानी में चले जाने से डूब जाने से उनकी मौत हो गई।

### नाइजीरियाई प्रतिनिधिमंडल ने उत्पल कुमार से की भेंट

**नई दिल्ली।** नेशनल असेंबली सर्विस कमीशन (एनएएससी), नाइजीरिया के आयुक्त एकिंटोमाइड मोटुनरेयो फिलिप के नेतृत्व में एक नाइजीरियाई प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को संसद भवन में लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह से शिष्टाचार भेंट की। प्रारंभ में, सिंह ने भारतीय संसद में प्रतिभागियों का स्वागत किया और विश्वास व्यक्त किया कि प्राईड द्वारा आयोजित क्षमता निर्माण सत्र, प्रतिभागियों के लिए लाभ दायक सिद्ध होगा। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए प्रतिनिधिमंडल को भारत में चल रहे आम चुनावों के विषय में भी जानकारी दी।

## ओम बिरला ने रवीन्द्रनाथ टैगोर को पुष्पांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। बुधवार को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्य सभा के उपसभापति, हरिवंश; संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित की। लोक सभा के महासचिव, उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा के महासचिव, पी.सी.मोदी ने भी गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर को पुष्पांजलि अर्पित की। बुधवार को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर उन्हें गयाद किया। भारत के पहले नोबेल पुरस्कार विजेता, गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने भारतीय साहित्य में एक अमिट छाप छोड़ी। उनकी कृतियों से भारतीय जनमानस में देशभक्ति की भावना जागृत हुई और उनकी दो महत्वपूर्ण रचनाएं, जन गण मन और ‘आमार शोनार बांग्ला क्रमश: भारत और बांग्लादेश के राष्ट्र गान हैं। संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में स्थापित गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के चित्र को अतुल बोस ने तैयार किया था और भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 12 सितंबर, 1958 को इसका अनावरण किया गया था।



# संविधान के रक्षकों व भक्षकों के बीच है चुनाव : अखिलेश

## तीन चरण में सपा व इंडिया गठबंधन के पक्ष में जीत का किया दावा

**शाहजहांपुर,** 8 मई (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव संविधान मंथन का चुनाव है जिसमें एक तरफ संविधान की रक्षक इंडिया समूह है तो दूसरी ओर संविधान के भक्षक की भूमिका में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोग हैं।

यादव ने यहां एक चुनावी जनसभा में कहा जो लोग संविधान को बदलना चाहते हैं हम उन्हें बदल देंगे एक तरफ संविधान के रक्षक हैं तो दूसरी तरफ संविधान के भक्षक, आप सभी लोगों को संविधान बचाना है। उन्होंने दावा किया कि तीन चरण में समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के पक्ष में जनता ने समर्थन देकर सबसे ज्यादा सीटों पर जीतने का फरमान सुना दी है। पहले चरण से जो हवा चली थी, उसने भारतीय जनता पार्टी को पलट दिया और जो झूठ के शहंशाह के खिलाफ मतदान कर करके उनका सफाया करने का काम किया। सपा मुखिया ने कहा अभी यहां पर कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री भी आकर जा चुके हैं। लखनऊ वाले और दिल्ली वालों ने मिलकर के जो झूठी बातें की हैं जो झूठे आपके वादे किए हैं उनका हिसाब किताब करने का समय आ गया है और पिछले 10 साल का हिसाब किताब निकाले भारतीय जनता पार्टी के लोगों की हर बात झूठी निकलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से वादा किया था कि उनकी आय दो गुनी हो जाएगी लेकिन किसान की आय तो क्या फसल की यह सरकार कीमत भी नहीं दिलवा पाई और जब किसान अपने हक की लड़ाई लड़ने दिल्ली गया तो इन बीजेपी वालों ने न जाने कितना अन्याय किया। यादव ने कहा कि जो लोग विश्व गुरु बनना चाहते हैं हम उन्हें कहना चाहते हैं कि जब तक हमारे किसानों की आय नहीं बढ़ेगी एमएसपी नहीं लगेगी तक ना हमारा किसान खुशहाल हो पाएगा ना हमारा देश विकसित बन पाएगा इसलिए हम अपने किसानों को भरोसा दिला कर जा रहे हैं समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन ने तय किया है आने वाले समय में सरकार बनेगी और अपने किसानों को लागत की अच्छी कीमत भी देंगे उनकी आय बढ़ेगी और कानूनी अधिकार एसपी का देकर के उनके घर परिवार में खुशहाली लाने का काम करेंगे। यादव ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार ने नौजवानों का भी भविष्य छीन लिया यहां नौजवान हमें दिखाई दे रहे हैं यह तमाम वह नौजवान है जो निराश हो गए सरकार से जब नौकरी के लिए इन्होंने परीक्षा का फॉर्म भरा परीक्षा देने गए तो इनका पेपर लिख कर दिया सरकार ने उनके हाथ में ना रोजगार है ना नौकरी है और यह देश की पहली सरकार है न जाने कहां से लीक हो रहे पेपर लीकेज नहीं रोक पा रहे हैं।



पिछले दस साल का हिसाब किताब निकालें तो भाजपा के लोगों की हर बात झूठी निकलेगी : **अखिलेश यादव**

### दस साल में 16 लाख करोड़ के उद्योगपतियों के कर्ज माफ किए गए : सपा

सपा अध्यक्ष ने कहा कि यह सरकार बड़े-बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर चुकी है इस सरकार ने 10 साल में 16 लाख करोड़ के उद्योगपतियों के कर्ज माफ कर दिए लेकिन हमारे किसानों का कर्ज नहीं माफ किया जिस समय सरकार बैंकों का कर्ज माफ कर रही थी उस समय भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने नियम बनाया कि जिन लोगों ने 5 करोड़ से ऊपर का बैंकों से कर्ज लिया है उन्हें का कर्ज माफ होगा इसलिए बड़े-बड़े लोगों का तो कर्ज माफ हो गया लेकिन हमारे किसान और गांव में रहने वाले गरीब जो लाखों में कर्ज लेते हैं उनका कर्ज माफ नहीं हुआ।

# प्रज्वल से जुड़े अश्लील वीडियो वायरल होने के पीछे कुमारस्वामी : शिवकुमार

## उपमुख्यमंत्री ने कुमारस्वामी पर लगाया ब्लैकमेलिंग का आरोप

**बेंगलुरु,** 8 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक की राजनीति में हलचल मची हुई है। कई महिलाओं से यौन शोषण के आरोप झेल रहे पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल रेवन्ना की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। वहीं, इस मामले में आरोप-प्रत्यारोप का दौर बढ़ता जा रहा है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने अश्लील वीडियो वायरल करने के पीछे कुमारस्वामी का हाथ बताया। साथ ही जेडीएस नेता को ब्लैकमेलिंग का राजा और कहानी के प्रमुख, निर्देशक और निर्माता भी कहा। विवाद उस सयम और गहरा गया जब कुमारस्वामी ने शिवकुमार को अपने भतीजे प्रज्वल को फंसाने वाले कथित सेक्स वीडियो के प्रसार में ‘प्रमुख साजिशकर्ता’ करार देते हुए उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। सांसद प्रज्वल (33) पर यौन शोषण के गंभीर आरोप है, जिससे सत्तारूढ़ कांग्रेस और भाजपा-जद-एस गठबंधन के बीच राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। जहां कांग्रेस सरकार ने मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया है, वहीं भाजपा और जद (एस) गठबंधन सहयोगी राजनीतिक गतिरोध को बढ़ाते हुए मामले को सीबीआई को स्थानांतरित करने की जोरदार मांग कर रहे हैं। उन्होंने कुमारस्वामी की राजनीतिक उन्मूलन और ब्लैकमेल की कथित रणनीति की निंदा करते हुए इस मामले पर विधानसभा में चर्चा का आग्रह किया। आरोप प्रत्यारोपों का दौर उस समय चरम पर पहुंच गया जब कुमारस्वामी ने दावा किया कि चुनाव से पहले महिलाओं के साथ प्रज्वल के कथित यौन दुर्व्यवहार के वीडियो वाले 25 हजार पेन ड्राइव प्रसारित किये गये थे। कांग्रेस पार्टी की संलिप्तता से संबंधित सवालों के जवाब में शिवकुमार ने कुमारस्वामी पर भाजपा के समर्थन से पूरे घोटाले को अंजाम देने का आरोप लगाया।



## हम गठबंधन को मजबूती से बढ़ा रहे हैं आगे : उदित राज



**नई दिल्ली** 8 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस, भाजपा से उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट में प्रचार और बूथ प्रबंधन में बहुत आगे निकल चुकी है। इसलिए यह सीट नई दिल्ली की हॉट सीट भी बनी हुई है। इसकी मुख्य वजह कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. उदित राज हैं। जो पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय कर संगठन को मजबूती से आगे बढ़ा रहे हैं। मंगलवार देर शाम उन्होंने संगठन को मजबूती देने के लिए ही रिठाला विधानसभा के बुध विहार में कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि उनके लोकसभा क्षेत्र के हालात जल्द बदलने वाले हैं। उन्होंने आयोजन के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता शंभू दयाल शर्मा का धन्यवाद किया। इस दौरान इंद्रजीत शौकीन, निगम पार्षद अमृतलाल जैन, सुखबीर शर्मा, सूरज गुप्ता, आम आदमी पार्टी के शुभम त्रिपाठी, विनीत उपाध्याय व अन्य सम्मानित साथियों के साथ आम जनता उपस्थित रही।

## ईडी ने झारखंड सचिवालय में मंत्री के पीएस का चैंबर खंगाला

**रांची,** 8 मई (एजेंसियां)। ईडी ने झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव कुमार लाल के सचिवालय स्थित चैंबर से भी लाखों रुपए बरामद किए हैं। बुधवार को संजीव कुमार लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम को रिमांड पर लेने के बाद ईडी की टीम उन्हें लेकर सचिवालय पहुंची।

उनकी मौजूदगी में उनके चैंबर की तलाशी ली। उनके टेबल के दराज में रुपयों के बंडल मिले। ईडी की टीम ने दफ्तर के कागजात भी खंगाले हैं। तलाशी के दौरान ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज भी थोड़ी देर के लिए मौजूद रहे। बता दें कि इसके पहले सोमवार और मंगलवार को रांची में एक दर्जन से भी ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी में ईडी ने 37.37 करोड़ रुपये बरामद किए हैं। इसमें से जहांगीर आलम के फ्लैट से 32.20 करोड़, संजीव लाल की पत्नी की कंपनी में पार्टनर बिल्डर मुन्ना सिंह के घर से 2.93 करोड़, संजीव लाल के घर से 10.50 लाख और एक कांट्रैक्टर राजीव सिंह के फ्लैट से डेढ़ करोड़ रुपए मिले। ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर आलम को रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में जो आवेदन दिया था, उसमें कहा गया है कि झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओ में 15 प्रतिशत की दर से वसूली होती है। संजीव लाल टेंडर मैनेज कर कमीशन वसूलता है और इस रकम का बड़ा हिस्सा बड़े अफसरों और राजनीतिज्ञों तक जाता है। यह तय माना जा रहा है कि कई अन्य अफसर और नेता इस मामले में ईडी के रडार पर आएंगे।



लाखों रुपए बरामद

**चुनौती** *राजौरी-पुंछ में आतंकियों का फन कुचलने के लिए सेना तैयार*

# सेना ने सैंकड़ों की संख्या में सुरक्षाबलों को मैदान में उतारा

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 8 मई (देशबन्धु)। पुंछ और राजौरी के जुड़वा जिलों में आतंकियों द्वारा सेना के जवानों पर किए जाने वाले लगातार घातक हमलों से गुस्साई सेना ने अब अपने हजारों सैनिकों को मैदान में उतारा है जिनकी मदद की खातिर लड़ाकू हेलिकाप्टर भी आसमान पर पहरा दे रहे हैं।**

हालांकि उनकी चिंता वे पूर्व पाक फौजी भी हैं जो आतंकी बन इस इलाके में एक्टिव हैं। सेना के बकौल, ताजा हमले को 7 से 10 पाक परस्त आतंकियों के दो गुटों ने इस कृत्य को अंजाम दिया है जिनको ढेर करने की खातिर डीकेजी इलाके में सैंकड़ों की संख्या में जवानों को उतारा गया है। उनकी मदद को न सिर्फ खोजी कुत्ते, ड्रोन और लड़ाकू हेलिकाप्टर लगाए गए हैं बल्कि एनआईए की टीम भी पहुंची है। एनआईए की टीम हमले वाले इलाके में पहुंची, जहां सुरक्षाकर्मी डेरा की गली के जंगली इलाके में तलाशी अभियान चला रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सेना ने डेरा की गली से कुछ संदिग्धों को जांच के लिए हिरासत में लिया है। सुरक्षाकर्मी जम्मू के राजौरी जिले के डेरा की गली के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान चला रहे हैं, जहां शनिवार को वायुसेना के दो वाहनों पर भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया था और एक वायुसैनिक शहीद हो गया था। रक्षा सूत्रों ने इसे माना है कि इस हमले में भी वे ही आतंकी गुट शामिल है जो पिछले करीब तीन साल से इस इलाके में एक्टिव है और एक बार अक्तूबर 2021 में वह सेना के सैकड़ों जवानों को 20 से अधिक दिनों तक छका चुका है। तब भी सेना के 9 जवान मारे गए थे। उन्होंने बताया कि आतंकियों की तलाश में एब बहुत बड़ा आप्रेशन लांच किया गया है जिसमें हजारों जवान शामिल हैं जिन्हें खोजी कुत्तों, ड्रोनों व लड़ाकू हेलिकाप्टरों की स्पोर्ट दी जा रही है जबकि एनआईए की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच कर जांच का काम शुरू कर चुकी है। हमले के बाद इलाके में हाई अलर्ट जारी करने के साथ ही इस मार्ग को आवाजाही के लिए बंद किया जा चुका है। जबकि स्थानीय लोगों को कथित तौर पर तब तक घरों से बाहर न घूमने के निर्देश जारी किए गए हैं जब तक तलाशी अभियान समाप्त नहीं हो जाता। हालांकि रक्षाधिकारियों ने इसे माना है कि राजौरी व पुंछ में सेना को आतंकवाद का सफाया करने में अब फिर से कड़ी मेहनत करनी होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि पाकिस्तान ने अब अपने रिटायर्ड फौजियों को आतंकी बना प्रदेश में भेजना आरंभ किया है।

सेना मानती है कि ऐसा होने से आतंकवाद के खिलाफ भारत की जंग एक नए मोड़ पर पहुंच गई है। सेना की उत्तरी कमान के आर्मी कमांडर ने कुछ अरसा पूर्व इसे माना था कि प्रदेश में मारे गए कई विदेशी आतंकियों की पृष्ठभूमि की जांच के दौरान यह जानकारी मिली है कि वे पाक सेना में काम कर चुके हैं।



■ आतंकी हमलों के खिलाफ लड़ाकू हेलिकॉप्टर तैनात

उल्टा पुल्टा

पिता ने बेटे से कहा : लड़की वालों के सामने बड़ी-बड़ी बातें करना, लड़की वालों के आते ही बेटे ने पिता से कहा : पापा चाबी देना वो ट्रेन धूप में खड़ी है, उसे अंदर कर दूं...

# कैपिटल ज़ोन

## लोकतंत्र बचाने को एकजुट हो रहे आमजन : आप

### भाजपा के संविधान बदलने के मंसूबे के खिलाफ एकजुट होने का किया आह्वान

**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में रह रहे अलग-अलग तबके के लोगों के लिए सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा किए गए कार्यों को उन तक पहुंचाने का निर्णय लिया है। इसके लिए आप 13 मई से चुनावी कैंपेन के चौथे चरण की शुरुआत करेगी। आप दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि 13 से 23 मई तक चलने वाले कैंपेन के दौरान समाज के चार अलग-अलग तबके को टारगेट किया जाएगा। कैंपेन की शुरुआत पूर्वी दिल्ली में ट्रेड टाउन हॉल, पश्चिमी दिल्ली में ग्रामीण पंचायत, नई दिल्ली में महिला संवाद और दक्षिणी दिल्ली में पूर्वांचल समागम से की जाएगी।

हमारा यह कैंपेन सभी लोकसभा क्षेत्रों में अलग-अलग जगहों पर होगा, जिसमें हम जनता को बताएंगे कि पिछले 9 सालों में केजरीवाल सरकार ने आपके सर्वांगीण विकास के लिए क्या-क्या काम किया है? वहीं, हमारा पहले से चल रहा चुनावी कैंपेन डोर-टू-डोर, 'जेल का जवाब वोट से' संकल्प सभा और सुनीता केजरीवाल का रोड शो जारी रहेगा। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि मंगलवार को भारत में तीसरे चरण का चुनाव संपन्न हुआ है। इन चरणों में लोकसभा की कुल आधे से ज्यादा सीटों पर मतदान हो चुका है। पूरे देश से जो खबरें आ रही हैं, उससे ये पता चल रहा है कि देश की जनता को बीजेपी का 400 पार का नारा पसंद नहीं है। बीजेपी के 400 सीटें जीतकर संविधान बदलने के मंसूबे के खिलाफ लोग इकट्ठा हो रहे हैं। देश किसी भी कीमत पर संविधान को बदलने और लोकतंत्र को खत्म करने के बीजेपी के गुप्त मिशन को कामयाब नहीं होने देगा। इसके संकेत साफ तौर पर तीन चरणों के मतदान में दिख रहे हैं। जिन राज्यों में बीजेपी को पिछली बार जितनी सीटें मिली थीं, इस बार हर जगह उनकी सीटें कम हुई हैं।




**पार्टी के चुनावी कैंपेन का चौथा चरण 13 मई से, जनता तक पहुंचाएंगे केजरीवाल के काम : गोपाल राय**

बीजेपी को भी पहले से ये बात पता थी इसलिए बीजेपी जिन नए राज्यों में अपने पैर पसारने की कोशिश कर रही थी, वहां पर भी उसे जनता स्वीकार नहीं कर रही है। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री को इन्होंने उठाकर जेल में डाल दिया। भारत के छोटे से गांव से लेकर दुनिया के हर हिस्से तक, एक चुने हुए मुख्यमंत्री को जेल में डालने की सरकार की तानाशाही का विरोध हुआ। लेकिन सरकार जिद पर अड़ी रही। उसे अहंकार हो गया था कि हम इस देश में कुछ भी करेंगे, लेकिन जनता हमें 400 सीटें देकर इस तानाशाही को जारी रखने का मौका देगी। लेकिन आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी सीधे-सीधे बीजेपी की तानाशाही का ट्रेलर बन गया है कि अगर इतने प्रचंड बहुमत से चुने हुए मुख्यमंत्री को बिना किसी सबूत, बिना एफआईआर के उठाकर जेल में डाल सकते हैं तो अगली सरकार में एक आम आदमी की आवाज उठाने की हिम्मत किसके पास बचेगी। गोपाल राय ने कहा कि इन्होंने सोचा था कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी खत्म हो जाएगी, हम विधायकों को तोड़ लेंगे, सरकार को खत्म कर देंगे, पार्टी तितर-बितर हो जाएगी। लेकिन जिस तरह से दिल्ली की जनता और आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और साथियों ने मिलकर एकजुटता के साथ इनकी तानाशाही का मुकाबला किया है। इस गिरफ्तारी ने आम आदमी पार्टी को और ताकत और एकता दी है। इसने हमें संघर्ष करने की और हिम्मत दी है।

लोग हमसे सवाल करते थे कि अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद पार्टी का चुनाव प्रचार कैसे होगा? लेकिन हमें इस बात की खुशी है कि आज अरविंद केजरीवाल भले ही जेल में हैं, लेकिन दिल्ली में इस वक्त आम आदमी पार्टी का चुनाव प्रचार दूसरी पार्टियों की तुलना में अधिक मजबूती से चल रहा है।

### 23 मई तक चलेगा चुनाव अभियान : गोपाल राय

**नई दिल्ली।** राजधानी में 23 मई तक आम आदमी पार्टी का चुनाव अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि अपने पहले चरण के चुनावी कैंपेन में हमने डोर-टू-डोर जेल का जवाब वोट से कैंपेन शुरु किया था। पूरी दिल्ली में जिन चार सीटों पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली और नई दिल्ली में सबसे पहले हमने घर-घर जाकर जेल का जवाब वोट से कैंपेन शुरू किया था। दूसरे चरण में हमने दिल्ली की इन चारों लोकसभा सीटों पर जेल का जवाब वोट से संकल्प सभा की शुरुआत की, जिसमें बड़े पैमाने पर हर वॉर्ड पर ये संकल्प सभा हो रही है। इन वार्ड की संकल्प सभाओं में जिस जोश के साथ लोग शामिल होकर शपथ ले रहे हैं, शायद कोई और पार्टी वार्ड के स्तर पर ऐसी सभाएं नहीं कर पा रही है। तीसरे चरण में हमने दिल्ली में अरविंद केजरीवाल का संदेश लेकर उनकी धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल का रोड शो शुरू किया, जे पूरी दिल्ली में चल रहा है। इन तीन चरणों का हमारा कैंपेन दिल्ली में अभी भी जारी है। हमें जनता से लगातार समर्थन मिल रहा है। 23 मई तक हमारा यह चुनाव अभियान ऐसे ही जारी रहेगा।

## किसी भी पार्टी में कार्यकर्ता की भूमिका सबसे अहम : लवली

**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए अरविंदर सिंह लवली ने बुधवार को कहा कि वो राजनीति छोड़ देंगे, लेकिन भाजपा नहीं छोड़ेंगे। लवली ने पहले कांग्रेस छोड़ दी थी और अप्रैल 2017 में मलिक के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे। हालांकि कुछ महीनों के भीतर वह 2018 में वापस कांग्रेस में शामिल हो गए। लवली पूर्व मंत्री राज कुमार चौहान, नसीब सिंह और अमित मलिक सहित दिल्ली कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पिछले सप्ताह भाजपा में शामिल हुए।



लवली 2018 से कांग्रेस में थे। उन्होंने दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पसंद को लेकर पार्टी नेतृत्व के साथ मतभेद के चलते कांग्रेस छोड़ दी थी। कांग्रेस छोड़ने के बाद लवली ने कहा कि पिछली बार मैंने गुस्से के कारण कांग्रेस छोड़ने का फैसला लिया था। हालांकि, इस बार हमने ठंडे दिमाग और बहुत सोच-विचार के साथ फैसला लिया है। अब हम बीजेपी में ही राजनीति करेंगे या राजनीति छोड़ देंगे। लवली के साथ आए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि वह और अन्य नेता पार्टी में अपनी भूमिका तय करने के लिए स्वतंत्र होंगे। किसी भी पार्टी में कार्यकर्ता की भूमिका सबसे अहम होती है और उन्हें जहां भी जाने को कहा जाएगा, वह उस भूमिका को निभाएंगे और पार्टी के लिए प्रचार करेंगे। लवली दिल्ली चुनाव के लिए भाजपा के 40 स्टार प्रचारकों में से एक हैं। उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले दिनों में दिल्ली कांग्रेस के कई अन्य नेता भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

**सार संक्षेप**

### रॉलप्लग व साकेत सेवन स्टार इण्डस्ट्रीज लिमिटेड हुए एकजुट

**नई दिल्ली।** साकेत सेवन स्टार इण्डस्ट्रीज लिमिटेड एसएसएसआईएल और रॉलप्लग प्रोडेक्ट एण्ड सर्विसेज इण्डिया लि. दो दिग्गज वैश्विक निर्माण समूह भारत के इजीनियरिंग क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार के एक नए युग की शुरूआत करने के लिए एकजुट हुए हैं। यह महत्वपूर्ण साझेदारी भारत में रॉलप्लग के आधिकारिक लॉन्च का प्रतीक है और देशभर में निर्माण और इंजीनियरिंग के भविष्य को फिर से परिभाषित करने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। रॉलप्लग की उत्पत्ति वर्ष 1887 में हुई, जब रॉलिंग्स ब्रदर्स एक छोटी प्लम्बिंग और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग कंपनी की स्थापना लंदन में की थी। कम्पनी को बड़ी सफलता वर्ष 1910 में मिली जब उसने दुनिया के पहले वॉल प्लग का आविष्कार किया, जिसने निर्माण और डू इट योर सेल्फ (डीआईवाई) उद्योगों में क्रांति ला दी।

### गोल्ड मेडलिस्ट गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** तिमारपुर में 21 अप्रैल को युवक पर गोली चलाकर जान से मारने के प्रयास मामले में अपराध शाखा ने राज्य स्तरीय पहलवान सुमित को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ कर बाकी साथियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। आरोपी दिल्ली की ओर से खेलते हुए दो बार गोल्ड मेडल जीत चुका है। एक दोस्त की प्रेमिका को लेकर हुए विवाद में सुमित ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर विष्णु पर गोली चला दी थी, लेकिन वह बाल-बाल बच गया था। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त ने घटना को लेकर बताया कि सतीश कुमार ने बताया कि तिमारपुर में विष्णु पर गोली चलाई गई थी, लेकिन गोली उसे न लगकर कहीं और लगी थी। हमले के बाद आरोपी फरार हो गए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 24 अप्रैल को हत्या के प्रयास, जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया था। छानबीन के दौरान एसीपी विवेक त्यागी, इंस्पेक्टर सतीश मलिक व अन्यों की टीम को सुमित के मुकरबा चौक के आसपास आने की जानकारी मिली।

## तानाशाही का मुंहतोड़ जबाव देगी जनता : आतिशी

### केजीरवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ भाजपा पर साधा निशाना

**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ आप नेता आतिशी व दक्षिणी दिल्ली से लोकसभा प्रत्याशी सहीराम पहलवान ने जेल का जबाव, वोट से कैंपेन के तहत गोविन्दपुरी, कालकाजी में पदयात्रा की। मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी से नाराज लोगों ने कहा कि लोकसभा चुनावों में भाजपा की अपने इस षड्यंत्र का कड़ा जबाव मिलेगा। लोगों ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को अपना परिवार माना है, उनके खिलाफ ऐसा अत्याचार हम बर्दाश्त नहीं करेंगे; भाजपा को इस अति का परिणाम भुगतना होगा। इस मौके पर वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने कहा कि, अरविंद केजरीवाल ने 2 करोड़ दिल्लीवासियों को अपना परिवार माना है। उनकी हर जरूरतों में साथ खड़े रहे है। आज जब केजरीवाल को जरूरत तो पूरी दिल्ली उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि भाजपा भूल गई है अरविंद केजरीवाल सिर्फ मुख्यमंत्री नहीं है, दिल्ली वालों के लिए उनके बेटे, उनके भाई है, दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल से प्यार करते हैं। यही कारण है कि, मोदी ने एक केजरीवाल को गिरफ्तार किया तो आज दिल्ली के हर गली-मोहल्ले से हजारों केजरीवाल मोदी की तानाशाही का मुंहतोड़ जबाव देने के लिए निकल पड़े है। और 25 मई को जनता भाजपा की तानाशाही और अत्याचार का सूपड़ा साफ करने के लिए, अपने भाई-अपने बेटे अरविंद केजरीवाल जी को जेल से बाहर निकालने के लिए वोट देगी। आप नेता आतिशी ने कहा कि, दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल की प्यार करते है।



लोगों को पता है कि अरविंद केजरीवाल ही है जिन्होंने सरकारी स्कूलों को वर्ल्ड क्लास बनाकर आम लोगों के बच्चों को बेहतरीन शिक्षा दी। केजरीवाल ही है जिन्होंने दिल्ली के 2 करोड़ लोगों को अपना परिवार माना है और उनके लिए शानदार अस्पताल, मोहल्ला क्लिनिक की व्यवस्था की है, शानदार स्वास्थ्य व्यवस्था दी है। महिलाओं को फ्री बस यात्रा दी है, बुजुर्गों के तीर्थयात्रा पर जाने का सपना पूरा किया है। दिल्ली के लोग जानते है कि, केजरीवाल जी ही है जिन्होंने उनकी ज़िंदगी को बेहतर बनाने का काम किया है। ऐसे में अरविंद केजरीवाल जी की गिरफ़्तारी से लोगों में बहुत गुस्सा है। लोग जानते है कि अरविंद केजरीवाल जी की गिरफ़्तारी साज़िश के तहत की गई है। केजरीवाल जी को झूठे आरोपों में गिरफ़्तार किया गया है। ऐसे में इस गिरफ़्तारी से लोग बहुत ग़ुस्सा है। और इस गिरफ़्तारी का ग़ुस्सा लोग अपने वोट के साथ दिखाएंगे।



■ नई दिल्ली स्थित गीता कॉलोनी के एक तालाब में गर्मी से राहत पाने के लिए पानी में खेलते बच्चे। दिल्ली-एनसीआर में तापमान बढ़ने के साथ लोगों की परेशानी बढ़ गई है। फोटो इम्तियाज खान

## वॉयलेट लाइन पर कुछ देरी के बाद बहाल हुई मेट्रो सेवा



**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। दिल्ली मेट्रो की वॉयलेट लाइन पर बुधवार को मेट्रो सेवा में अस्थाई विलंब होने के कारण यात्रियों को परेशानी हुई। दिल्ली मेट्रो रेल प्रबंधन (डीएमआरसी) के अधिकारियों ने इस बाबत जानकारी देते हुए बताया कि डीएमआरसी द्वारा संचालित अन्य लाइनों की सेवा में कोई समस्या नहीं आई। डीएमआरसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा सरिता विहार से मोहन एस्टेट तक मेट्रो सेवा में विलंब हो रहा था। बाकी लाइनों पर सेवाएं सामान्य रहीं। वायलेट लाइन का उपयोग करने वाले एक यात्री ने कहा कि स्टेशनों पर घोषणाओं के माध्यम से पता चला कि रास्ते में तकनीकी समस्याओं के कारण देर हो रही है। बता दें कि वायलेट लाइन मध्य दिल्ली में कश्मीरी गेट को हरियाणा के फरीदाबाद में राज नाहर सिंह से जोड़ती है। बाद में डीएमआरसी ने कहा कि प्रभावित लाइन पर सामान्य परिचालन बहाल हो गया है।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने डीपफेक तकनीक के नियमन की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को देश में डीपफेक तकनीक के अनियमित उपयोग से संबंधित एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से जवाब मांगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा की याचिका पर मंत्रालय से जवाब मांगा। सुनवाई के दौरान पीठ ने डीपफेक तकनीक के प्रसार के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की, जिसमें गलत सूचना की संभावना और सार्वजनिक चर्चा और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर इसके प्रभाव का हवाला दिया गया।




अदालत ने इस मुद्दे के संबंध में राजनीतिक दलों की शिकायतों पर भी गौर किया और इसे संबोधित करने पर सरकार के रुख पर सवाल उठाया। जनहित याचिका में डीपफेक तकनीक से उत्पन्न विभिन्न खतरों पर जोर दिया गया है, जिसमें धोखाधड़ी, पहचान की चोरी और जनता की राय में हेरफेर में इसका संभावित उपयोग शामिल है। यह विशेष रूप से राजनेताओं, खेल हस्तियों और अभिनेताओं जैसे प्रभावशाली व्यक्तियों के डीपफेक बनाने से जुड़े जोखिमों को रेखांकित करता है। याचिका में डीपफेक तकनीक के दुरुपयोग से जुड़े संभावित नुकसान को कम करने के लिए सख्त विनियमन और सक्रिय उपायों का आग्रह किया गया है। इसका तर्क है कि पर्याप्त विनियमन का अभाव संविधान के तहत गारंटीकृत मौलिक अधिकारों का हनन करता है, जिसमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, गोपनीयता और निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार शामिल है।

शर्मा की जनहित याचिका में कहा गया है, ...उनके दुरुपयोग से जुड़े संभावित नुकसान को कम करने के लिए सख्त प्रवर्तन और सक्रिय कार्रवाई की तत्काल जरूरत है।

## डेनमार्क दूतावास के पास पड़े कूड़े को हटाया

**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। देश की राजधानी का नई दिल्ली इलाका अपनी साफ-सफाई को लेकर चर्चा में रहता है। लेकिन दिल्ली में डेनमार्क दूतावास के पास पड़े कूड़े पर राजदूत स्वेन फ्रीडी ने चिंता जताई। उनके एक्स पर पोस्ट डालने के कुछ ही घंटों में नई दिल्ली नगर निगम यानी एनडीएमसी की टीम वहां पहुंची। जिसके बाद एनडीएमसी ने उस क्षेत्र की सफाई की। बता दें कि भारत की राजधानी दिल्ली में डेनमार्क के राजदूत ने एंबेसी के पीछे की गंदगी को लेकर एक वीडियो एक्स पर पोस्ट डालकर साझा किया था। वीडियो में खुद डेनिश राजदूत एंबेसी के पीछे सर्विस रोड पर गए और गंदगी को वीडियो के जरिए दिखाया। राजदूत फ्रेडी ने संबंधित विभाग से इस गंदगी को हाथ जोड़कर साफ करने की अपील की। जिसके बाद एनडीएमसी ने तुरंत कदम उठाते हुए उस लेन पर पड़े कचरे को साफ कर दिया। इस कार्रवाई के बाद राजदूत ने एनडीएमसी को धन्यवाद भी किया।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 20/एस0टी0-एस0डी0एम0/2013-14 दिनांक 15.10.2023 के अनुसार मृतक स्व0 भगत सिंह पुत्र यादराम नि0 ग्राम मूंजखेडा, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 04.01.2014 को हो चुकी है जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुंजखेडा | 264 | 242 | भगत सिंह पुत्र यादराम नि0 ग्राम मूंजखेडा, परगना दनकौर व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती ओमवती | 58 वर्ष | पत्नी | विधवा |
| | | | | देवीराम उर्फ बलवीर | 30 वर्ष | पुत्र | विवाहित |
| | | | | सतपाल | 28 वर्ष | पुत्र | विवाहित |
| | | | | सत्तन | 50 वर्ष | पुत्री | विवाहित |
| | | | | कमलेश | 43 वर्ष | पुत्री | विवाहित |
| | | | | बाला | 33 वर्ष | पुत्री | विवाहित |
| | | | | ललिता | 26 वर्ष | पुत्री | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण


## विद्यार्थियों ने की भविष्य की अत्याधुनिक गेमिंग टेक्नोलॉजी को जीतने की तैयारी

### कार्यक्रम में सौ से अधिक विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। प्रमुख वेब-3 प्लेटफॉर्म, क्रेटोस गेमिंग नेटवर्क ने नई पीढ़ी के गेमर्स को वेब 3 गेमिंग और इनकम के अवसरों और अल्टरनेट करियर सहित इससे जुड़े बेनिफिट्स के बारे में शिक्षित करने के लिए दिल्ली में एक रोमांचक मीटअप का आयोजन किया। इस कार्यक्रम ने लगभग 100 से अधिक स्टूडेंट्स ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। इवेंट में पार्टिसिपेट करने वाले स्टूडेंट्स की एवरेज एज 21 वर्ष थी, ब्लॉकचेन के भविष्य को देखते हुए ये स्टूडेंट्स इस टेक्नोलॉजी के बारे में जानने के लिए बेहद एक्साइटेड नजर आए।



इस कार्यक्रम उद्देश्य एक अच्छे करियर विकल्प की संभावनाओं को यूथ के साथ शेयर करना था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पटना के 21 वर्षीय अमृतांश के साथ बातचीत थी, जो बड़े सपनों के साथ गेमिंग दिग्गज हैं।

उन्होंने कहा कि एक नॉर्मल बैकग्राउंड से होने के बावजूद, वह अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने की राह पर हैं। केवल गेम खेलकर केजेन से अच्छी कमाई कर, वह आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो गए हैं और दिल्ली में अपने खर्चों को पूरी तरह से अपनी ब्लॉकचेन गेमिंग इनकम के जरिए मैनेज कर रहे हैं।

### केजेन एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां गेमिंग व उद्देश्य एक साथ मिलते है : हितेश

ब्लॉकचेन गेमिंग के माध्यम से मैक्सिमम अर्निंग करने वाले करने वाले गेमिंग दिग्गज हितेश कनारिया ने कहा कि केजेन एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां गेमिंग और उद्देश्य एक साथ मिलते है। अपने परिवार को सपोर्ट करने से लेकर मेरे सोशल और नेगोशिएशन स्किल को तेज करने तक में इसका अहम योगदान है। यह सिर्फ एक वेब 3 गेमिंग प्लेटफॉर्म नहीं है-यह है एम्पॉवरमेंट का एंट्री गेट है। इस प्लेटफार्म के माध्यम से, मैं नवंबर 2022 और अक्टूबर 2023 के बीच लगभग 8.5 लाख रुपए की इनकम अर्जित करने में सफल रहा हूं। प्रत्येक कम्युनिटी के निर्माण के साथ, मैं सिर्फ गेम नहीं खेल रहा बल्कि एक ग्लोबल रिवॉल्यूशन को लीड भी कर रहा हूं।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई-बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है-

| ई-कैटलॉग सं. (E-Catalogue No.) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-07-2024 | दिनांक 22.05.2024 को 12:00 बजे | बादली 2nd एंट्री (BHD), दिल्ली 2nd एंट्री (DLI) (C-S-C), शकूरबस्ती 1st एंट्री (SSB), दिल्ली सदर बाजार (कुतुब रोड DSB), दिल्ली शाहदरा (DSA) = कुल 5 साइटें |

**वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है :- https://ireps.gov.in/**

**ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएं:-** आई आर ई पी एस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है: **1.** इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर ई पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर ई पी एस खाता रखने वाली संस्थाएं भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। **2.** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान। **3.** भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता। **4.** आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण। **5.** फण्ड का लियन मार्किंग। **6.** टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation). **7.** जिन ठेकेदारों के पास आई आर ई पी एस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर ई पी एस खाता नहीं है, वे आई आर ई पी एस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

**सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी :-**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055; **Email:** pkg.delhidivision@gmail.com, **Tel:** 011-23743084

सं.: 23AC/393/E-Auction/2022 दिनांक: 07.05.2024 1384/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ब्लाक-पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, पिन कोड-201308
जिला गौतमबुद्ध नगर (उ0प्र0) दूरभाष नं0-0120

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एल0एफ0डी0 परियोजना के अन्तर्गत आवंटित भूखण्ड सं0-AMN0080504 IN AMAN TOWER-08 AT JAYPEE GREEN AMAN, SEC-151, NOIDA AREA 132.84 SQM. जो कि LATE AKHLESH NARAYAN SHUKLA के नाम पर सबलीज डीड है। सबलेसी की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति को उनके पुत्र SH. SUSHANT SHUKLA के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया गया है। अब

अतः इस नामांतरण (Death Mutation) के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन कि तिथि से 35 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में LATE AKHLESH NARAYAN SHUKLA की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति को उनके पुत्र SH. SUSHANT SHUKLA के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (सम्पत्ति)

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

विवेकानंद नगर में कोई मंदिर नहीं तोड़ा गया है बल्कि अवैध रूप से जिस रास्ते पर अतिक्रमण किया गया था उसको हटाया गया है । वह भी हाई कोर्ट के आदेश के अनुपालन में किया गया है। यादव ने कहा कि भविष्य में कोई मंदिर नहीं तोड़ा जाएगा और ना ही अभी तक कोई मंदिर नगर निगम ने तोड़ा है : **अरुण यादव, अपर नगर आयुक्त**

## विदेश भेजने के नाम पर लोगों से ठगी, 11 गिरफ्तार





**कॉल सेंटर की आड़ में चलाते थे फर्जी कंपनी, एनसीआर में थे सक्रिय**

**नोएडा,** 8 मई (देशबन्धु)। विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर मोटी रकम ठगने वाले एक संगठित गैंग के 11 ठगों को थाना सेक्टर-126 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें एक महिला भी शामिल है। ये लोग नोएडा के सेक्टर-132 में अरबटेक ट्रेड सेंटर में इको प्राइजेज नाम से कंपनी आपरेट कर रहे थे। इनके पास से कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, वाईफाई राउटर, नगदी, भारत सरकार के मंत्रालयों के फर्जी दस्तावेज, 140 से ज्यादा पासपोर्ट बरामद किए गए। ये लोग अब तक 1000 से ज्यादा लोगों से ठगी कर चुके है। एनसीआर में ये करीब 4 साल से सक्रिय थे।

डीसीपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि इन लोगों ने आपस में मिलकर एक संगठित गिरोह बनाया। इनका मकसद जल्द से जल्द अमीर बनने का था। इस लिए इन लोगों ने एक फर्जी कॉल सेंटर खोला। इसी कॉल सेंटर को इको इंटरप्राइजेज कंपनी का नाम दिया। कंपनी का प्रचार ऑनलाइन प्लेटफार्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम आदि के जरिए किया। इस प्रचार पर विश्वास कर आम नागरिक कंपनी द्वारा दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर जानकारी करते हैं।

जिस पर ये लोगों को अपने जाल में फंसाकर विदेश भेजने व वहां अच्छी नौकरी दिलाने के नाम पर हवाई यात्रा का खर्चा, वीजा का खर्चा व नौकरी दिलवाने का कमीशन के नाम पर उनसे पैसे ले लेते है। दस्तावेज के नाम पर उनके मूल पासपोर्ट, अन्य दस्तावेज व फोटो आदि ले लेते है। अभियुक्तों द्वारा फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार करके असली बताकर उन्हें दे देते है। ये लोग व्यक्ति से करीब 80 हजार रुपए तक वसूल करते थे। इनकी पहचान समीर शाह, नन्द किशोर, मुस्ताक खान, मोहम्मद अली अख्तर, मोहम्मद एजाज अहमद, इन्द्रजीत दास, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद एजाज, एजाज अहमद, किशोर प्रसाद और एक महिला ठग नजराना पत्नी जियर खान हुई है। इनको कॉल सेंटर से ही गिरफ्तार किया गया। पैसे मिल जाने के बाद ये लोग विदेश जाने वाले सभी लोगों को एक ही दिन और एक स्थान पर बुलाते थे। इन सभी फोन पर बताया जाता था कि एजेंट एयरपोर्ट पर आपके पासपोर्ट, वीजा, टिकट व जिस देश में जा रहें है उस देश की करेंसी के साथ मिलेगा। जब लोग विदेश में नौकरी की चाह लेकर एयरपोर्ट पहुंचते हैं। तब कंपनी का कोई भी आदमी नहीं मिलता। इस पर जब लोग इनके दिए दिए मोबाइल नंबर और ऑफिस में संपर्क करने की कोशिश करते हैं। मोबाइल व ऑफिस बंद मिलते हैं। डीसीपी ने बताया कि ये लोग संगठित रूप से जगह-जगह घूम-घूम कर अपनी कंपनी का नाम बताकर विदेश में नौकरी दिलवाने के नाम पर भोले-भाले लोगों से पैसे की ठगी कर लेते हैं। इस तरह के काम से जो भी पैसा इकट्ठा करते है आपस में बांट लेते है। पकड़े न जाए इसके लिए ये अपना नाम बदलकर लोगों के सामने आते है।

## ब्याज के पैसों के लेनदेन में हुई थी कुणाल की हत्या

### पुलिस मुठभेड़ में तीन आरोपी गिरफ्तार, एक आरोपी के पैर में लगी गोली



■ पुलिस को अपहरण और हत्या के मामले में बड़ी सफलता मिली

**नोएडा,** 8 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा पुलिस को व्यापारी कृष्ण कुमार शर्मा के बेटे कुणाल शर्मा की हत्या ब्याज के पैसे और होटल हपर कब्जा करने को लेकर हुई थी। इस मामले में बीटा-2 पुलिस को अपहरण और हत्या के मामले में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया है। इसका नाम मनोज बताया गया। वहीं कांबिंग के बाद हिमांशु और कुणाल को गिरफ्तार किया गया। तीनों का मेडिकल चेकअप कराने के लिए जिला अस्पताल लाया गया है।

पुलिस ने बताया कि ब्याज के पैसों के लेनदेन को लेकर कुणाल की हत्या की गई। मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस की सूचना मिली थी कि कुणाल शर्मा की हत्या के आरोपी लोग आज फिर से किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले थे। इस सूचना पर पुलिस ने रविवार देर रात ग्रेटर नोएडा के बोड़ाकी इलाके में एक चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान बदमाशों की गाड़ी रोकने का प्रयास किया गया तो उन्होंने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश मनोज के पैर में गोली लग गई। इसकी उम्र करीब 25 साल बताई जा रही है। वारदात में इस्तेमाल की गई स्विफ्ट डिजायर गाड़ी और तमंचे समेत अन्य साजो-सामान के साथ पकड़ा गया है। मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश मौके से फरार हो गए। हालांकि कांबिंग के बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया। इस मुठभेड़ के बाद पुलिस को लगभग एक दर्जन अन्य संदिग्धों के बारे में भी जानकारी मिली है। इनमें से कुछ लोग सुपरिचित आपराधिक रिकॉर्ड वाले बताए जा रहे हैं। इनकी तलाश की जा रही है।

इससे पहले, व्यापारी कृष्ण शर्मा के 16 वर्षीय बेटे कुणाल शर्मा का एक मई अपहरण कर लिया गया था और फिर उसकी हत्या कर दी गई थी। उसकी लाश पांच मई को बुलंदशहर गंग नहर में मिली थी। इस मामले में कुछ और लोगों को भी हिरासत में लिया गया था। प्रमुख साजिशकर्ता भी पुलिस की गिरफ्त में है। इस मुठभेड़ से उम्मीद जगी है कि पुलिस बाकी लोगों तक भी पहुंच जाएगी।

## सार संक्षेप

### निर्धारित समय के बाद भी अवैध रूप से बेची जा रही शराब

**खोड़ा।** शराब की बिक्री के लिए निर्धारित समय से पहले और बाद में मध्य रात्रि तक देशी शराब बेचने का कार्य धड़ल्ले से जारी है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि जिला आबकारी अधिकारी से ट्विटर और फोन पर शिकायत करने के बावजूद ठेके के सेल्समैन द्वारा शटर के नीचे से ओवर रेट पर शराब की बिक्री की जा रही है। नेहरू गार्डेन स्थित पुलिस चौकी से सौ कदम की दूरी पर देशी शराब का ठेका संचालित होता है। पुलिस भी शराबियों पर कोई कारवाई नहीं करती। लोगों का आरोप है कि देशी ठेके के सेल्समैन द्वारा रात्रि ग्यारह बजे के बाद शटर गिराकर नीचे से प्रिंट रेट से अधिक दर पर शराब बेची जा रही है। सुबह ठेका खुलने से पहले सात बजे से खुलेआम शराब धड़ल्ले से बेची जा रही। ठेके के सामने से सुबह और शाम हजारों की संख्या में कामगार और महिलाएं गुजरती है। नशे में धुत शराबी महिलाओं पर छींटाकशी करते है। महिलाए आबकारी विभाग को कोसती हुई निकल जाती है। शराबी सड़कों पर गिरे पड़े रहते है। स्थानीय सभासद सीपी शर्मा ने बताया की ओवर रेट और ठेके के निर्धारित समय के बाद शराब परोसने की शिकायत जिला आबकारी अधिकारी और आबकारी इंस्पेक्टर से की गई थी। लेकिन कोई कारवाई नही की गई।

### सर्विस रोड पर अतिक्रमण से आवाजाही में परेशानी

**खोड़ा।** खोड़ा में दुकानदारों द्वारा सर्विस रोड पर अतिक्रमण करने से लोगो को आवागमन में परेशानी हो रही है। दुकानदारों द्वारा सर्विस रोड पर दुकानें आगे तक सजा लेने की वजह से पैदल निकलना मुश्किल हो रहा है। दीपक विहार और राजीव विहार के बीच में नोएडा प्राधिकरण की जमीन पर मुख्य मार्ग से पहले लगभग एक किलोमीटर क्षेत्रफल में सर्विस रोड बना है सर्विस रोड के सामने सैकड़ों दुकानें है। दुकानों में मोटर गैराज हार्डवेयर परचून कबाड़ी खराद पेंट परचून ए सी रिपेयरिंग कबाड़ी टिंबर आदि दुकानें है। दुकानदारों ने दुकानों को सर्विस रोड पर सजाकर गाड़ियों की मरम्मत डेंटिंग पेंटिंग का कार्य सर्विस रोड पर ही कर रहे है। बची जगह पर स्ट्रीट वेंड्रो ने भी कब्जा जमा लिया है। लोगों को अब पैदल निकलने में दिक्कतें हो रही है।

### धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



**नोएडा।** भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर ब्राह्मण रक्षा दल द्वारा शुक्रवार 10 मई को सेक्टर 22 जी ब्लॉक स्थित श्री मनकामेश्वर मंदिर में एक भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भगवान परशुराम का पूजन, भजन-कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सेक्टर 22 आरडब्ल्यूए के संरक्षक और ब्राह्मण रक्षा दल के अध्यक्ष पंडित रवि शर्मा ने बताया कि 3 वर्ष पूर्व अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर मनकामेश्वर मंदिर में भगवान परशुराम की मूर्ति की स्थापना बड़े धूमधाम के साथ की गई थी।

## सीईओ ने किया भंगेल एलिवेटेड रोड की निरीक्षण , काम धीमा होने पर जताई नाराजगी

■ सेक्टर में गंदगी मिलने पर ठेकेदार पर लगाया जुर्माना
■ सफाई निरीक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश

**नोएडा,** 8 मई (देशबन्धु)। प्राधिकरण मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने शहर के विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इसमें डीएससी मार्ग पर निर्माणाधीन भंगेल एलिवेटेड रोड, सेक्टर-82, 108, 110 एवं ग्राम गेझा में विकास कार्य आदि शामिल है। इस मौके पर उनके साथ प्राधिकरण उप महाप्रबंधक (सिविल) विजय रावल व संबंधित वर्क सर्किल के वरिष्ठ प्रबन्धक उपस्थित रहे।

सीईओ ने सबसे पहले निर्माणाधीन एलिवेटेड परियोजना का निरीक्षण किया। जिसमें पिलर संख्या 10-11 के समीप एक ओर का बॉक्स गर्डर लगभग पूर्ण पाया गया। दूसरी ओर का बॉक्स गर्डर का कार्य आगामी 10 दिनों में शुरू करने के निर्देश दिए गए। सेक्टर-47, 48 के मध्य मार्ग से होते हुए एलिवेटेड रोड परियोजना के अन्य कार्यस्थल विश्वकर्मा मार्ग के जंक्शन का निरीक्षण किया। यहां स्टील गर्डर का कार्य अभी भी अपूर्ण है, जिस पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई। इस संबंध में सेतु निगम के उपस्थिति अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि स्टील गर्डर का निर्माण फैक्ट्री में चल रहा है, जिसमें 2 माह का समय लगना संभावित है। उक्त स्टील गर्डर के स्थल पर आने के उपरान्त 15-20 दिनों में स्टील गर्डर को लांच कर कार्य पूरा किया जाएगा। एलिवेटेड रोड के नीचे विश्वकर्मा मार्ग के जंक्शन पर ग्राम-बरौला की ओर ट्राई-पोड का निर्माण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। विश्वकर्मा मार्ग पर हनुमान मूर्ति के सामने से यू-टर्न लेकर सेक्टर-82 टी-प्वाइंट पहुंचे। यहां एलिवेटेड रोड के पिलर संख्या 137-138 के बीच में बॉक्स गर्डर का कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं किया गया है, जिसपर अप्रसन्नता व्यक्त की गई।

## 55 दुकानों पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर



■ गोल्फ एवेन्यू सोसाइटी के सामने ध्वस्त किया अवैध बाजार
■ सोरखा में 75 करोड़ की जमीन को कराया कब्जा मुक्त

**नोएडा,** 8 मई (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-75 स्थित गोल्फ एवेन्यू-2 सोसाइटी के सामने बनी अवैध बाजार को प्राधिकरण ने ध्वस्त कर दिया। यहां करीब 55 दुकानों को तोड़ा गया। ये सभी दुकान अवैध रूप से थी। जिन्होंने टीन शेड लगाकर यहा अवैध अतिक्रमण किया था। दरअसल मंगलवार को इसी अवैध मार्केट की एक दुकान में आग लग गई थी। जिसमे सिलेंडर भी फटे थे। इसके बाद सोसाइटी वासियों ने प्राधिकरण से शिकायत की थी। ये बाजार पूरी तरह से अवैध है। बिल्डर की मिलीभगत से इसे लगाया जा रहा है।

प्राधिकरण ने मामले को संज्ञान में लिया और अवैध बाजार हटाने के लिए लिखित में निर्देश जारी किए। निर्देश मिलते ही प्राधिकरण के सर्किल-6 के वरिष्ठ प्रबंधक और उनकी टीम बुधवार दोपहर करीब 11 बजे सेक्टर-75 गोल्फ ऐवन्यू सोसाइटी पहुंची। यहां चार बुलडोजर की मदद से सभी 55 दुकानों को हटाया गया। इनके शेड तोड़े गए। बतौर दुकान दारों ने यहां पक्के काउंटर तक बनाए थे। जिनको बुलडोजर की मदद से हटाया। इस दौरान कुछ लोगों ने हल्का विरोध किया। लेकिन स्थानीय पुलिस की मदद से उनको समझाकर शांत कराया गया।

करीब 30 मिनट तक बुलडोजर ने यहां अवैध दुकानों को हटाया। इसके बाद प्राधिकरण अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि दोबारा यहां निर्माण या दुकानों का संचालन किया जाएगा तो संचालन कर्ता के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। साथ ही संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसके बाद प्राधिकरण ने सेक्टर-78 स्थित ग्रीन बेल्ट में बने अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। खबर लिखे जाने तक प्राधिकरण की अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की प्रक्रिया चल रही है।

## 24 घंटें में दो महिलाओं समेत तीन की हत्या

### लोनी में मां व भाई की हत्या में बेटा गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 8 मई (देशबन्धु)। पिछले 24 घंटे के दौरान दो महिलाओं समेत तीन लोगों की सनसनीखेज तरीके से हत्या कर दी गई।पहली हत्या थाना इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में मंगलवार के देर रात में एक महिला की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई जबकि उसके पति को घायल कर दिया गया। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के गुलाब वाटिका कॉलोनी में बुधवार की रात में बदमाशों ने एक मॉ-बेटे की हत्या कर दी गई। पुलिस ने महिला के दूसरे बेटे धर्मेंद्र को गिरफ्तार किया है।



इंदिरापुरम में मरने वाली महिला का नाम ज्योति है और उसके पति का नाम लंकेश है। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बुधवार को बताया कि अभय खंड चौकी पर सूचना मिली कि मकनपुर में एक महिला व उसके पति पर चाकू से हमला किया गया। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की उन्होंने बताया कि जांच पड़ताल ने पता चला कि ज्योति अपने पति लंकेश के साथ मकनपुर में अपनी माता चंपा देवी के पास आई हुई थी। देर रात्रि में वहां पर चंपा देवी,अजय चौधरी और बॉबी भी मौजूद थे। आपस में उनके बीच बात हो रही थी तभी बॉबी ने चाकू से ज्योति और लंकेश पर हमला कर दिया। ज्योति को तत्काल एक निजी अस्पताल में ले जाया गया।

## एलिवेटेड के चौथे फेज का काम शुरू होने पर रहेगा डायवर्जन

**नोएडा,** 8 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-60 से सेक्टर-18 तक एलिवेटेड मार्ग पर नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा रि-सरफेसिंग (मरम्मत) का कार्य किया जा रहा है। इसके चौथे फेज का काम 10 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। इसमें एलिवेटेड मार्ग पर सेक्टर-31/25 से सेक्टर-18 तक रि-सरफेसिंग का कार्य किया जाना है। जिसके चलते एलिवेटेड मार्ग पर सेक्टर-31/25 से सेक्टर-18 तक यातायात प्रतिबंधित रहेगा। सेक्टर-60 अंडरपास से सेक्टर-33 इस्कॉन मंदिर तक एलिवेटेड मार्ग पर दिन के समय यातायात का संचालित रहेगा। वहीं रि-सरफेसिंग कार्य होने के कारण सेक्टर-31/25 एलिवेटेड मार्ग से सेक्टर-18 होते हुए डीएनडी,चिल्ला,नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे,परी चौक की ओर जाने वाले यातायात का डायवर्जन किया जाएगा। आमजन असुविधा से बचने के लिए निम्नानुसार मार्गों एवं वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग कर सकते है।

सेक्टर-33 इस्कॉन मंदिर से सेक्टर-31/25 चौक होकर सेक्टर-18, नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे की ओर जाने वाला यातायात सेक्टर-35 मोरना होकर एमपी-3 मार्ग से अपने गंतव्य को जा सकेगा। सेक्टर-33 इस्कॉन मंदिर से सेक्टर-31/25 चौक होकर सेक्टर-18, चिल्ला/डीएनडी की ओर जाने वाला यातायात सेक्टर-31/25 चौक से पूर्व यू-टर्न कर एडोब चौक से स्टेडियम चौक होकर एमपी-1 मार्ग से अपने गंतव्य को जा सकेगा। सेक्टर-62/मॉडल टाउन, एनएच-24 की ओर से एलिवेटेड मार्ग का प्रयोग कर सेक्टर-18 की ओर जाने वाले वाहन सेक्टर-60 अंडरपास से होकर, सेक्टर-71/52 होते हुए एमपी-03 मार्ग (होशियारपुर, सिटी सेन्टर, सेक्टर-37/बॉटनिकल गार्डन) का प्रयोग कर अपने गंतव्य की ओर जा सकेगे।

सेक्टर-71 की ओर से एलिवेटेड मार्ग का प्रयोग कर सेक्टर-18 की ओर जाने वाले वाहन सेक्टर-52 मेट्रो होते हुए एमपी-3 मार्ग (होशियारपुर, सिटी सेन्टर, सेक्टर-37/बॉटनिकल गार्डन) का प्रयोग कर अपने गंतव्य की ओर जा सकेगे।

## गाजियाबाद में मंदिर हटाने का मामला गरमाया

■ विहिप का निगम मुख्यालय पर धरना 10 को ■ नगर निगम ने कहा, मंदिर नहीं तोड़ा, अतिक्रमण हटाया

**गाजियाबाद,** 8 मई (देशबन्धु)। विवेकानंद नगर तथा महानगर के अन्य क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा कथित तौर पर मंदिरों को हटाने का मामला जोर पकड़ रहा है। विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस करके इस मसले को उठाया और नगर निगम पर महानगर के मंदिरों को ध्वस्त करने का आरोप लगाते हुए 10 मई को नगर निगम मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया। जैसे ही इसकी खबर नगर निगम अधिकारियों को लगी तो उन्होंने भी एक प्रेस कांफ्रेंस की। अपर नगर आयुक्त अरुण यादव व अन्य अधिकारियों ने कहा कि विवेकानंद नगर में कोई मंदिर नहीं तोड़ा गया है बल्कि अवैध रूप से जिस रास्ते पर अतिक्रमण किया गया था उसको हटाया गया है । वह भी हाई कोर्ट के आदेश के अनुपालन में किया गया है। यादव ने कहा कि भविष्य में कोई मंदिर नहीं तोड़ा जाएगा और ना ही अभी तक कोई मंदिर नगर निगम ने तोड़ा है।



इससे पहले विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग व अन्य पदाधिकारी ने नायक मार्केट स्थित एक रेस्टोरेंट में प्रेस कांफ्रेंस की। जिसमें उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से देखने में आ रहा है कि नगर निगम महानगर के मंदिरों को तोड़ने में लगा है। उन्होंने बकायदा 12 मंदिरों की एक सूची भी जारी की और कहा गया कि नगर निगम ने इन मंदिरों को तोड़ दिया है। आलोक गर्ग ने कहा कि विवेकानंद नगर डबल स्टोरी में मंदिर को ध्वस्त कर दिया गया। जो बेहद गंभीर मामला है। आलोक ने कहा कि महानगर में मंदिर तोड़े जाने के खिलाफ 10 मई को नगर निगम मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा। किसी भी सूरत में नगर निगम को मंदिर नहीं तोड़ने दिए जाएंगे। उधर शाम को प्रेस कांफ्रेंस में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने कहा कि नगर निगम ने कोई मंदिर नहीं तोड़ा है बल्कि विवेकानंद नगर में मंदिर थोड़े के बाद बात की जा रही है वह बिल्कुल गलत है विवेकानंद नगर में पार्क में जो रास्ते पर अतिक्रमण किया गया था उसे हाई कोर्ट के आदेश के अनुपालन में हटाया गया था। उन्होंने कहा कि नगर निगम की कोई मंशा नहीं है कि कोई मंदिर तोड़ा जाए अभी तक नरेंद्र कोई मंदिर नहीं तोड़ा है और ना ही भविष्य में कोई तोड़ा जाएगा। इस मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश कुमार सिंह मुख्य अभियंता एन के चौधरी तथा उद्यान प्रभारी वह पशु कल्याण अधिकारी डॉक्टर अनुज कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

**उधर नगर निगम ने बुधवार को देर शाम एक बयान जारी कर दावा किया है कि नगर निगम ने कोई मंदिर नहीं तोड़ा है जिन मंदिरों को तोड़े जाने की सूची विश्व हिंदू परिषद ने जारी की थी। नगर निगम प्रशासन ने विहिप की सूची में दर्शाए गए सभी 12 मंदिरों की वर्तमान की फोटो भी जारी की है और कहा है कि नगर निगम में कोई मंदिर नहीं तोड़ा है।**



## एनजीटी के आदेश पर महागुनपुरम में निरीक्षण करने पहुंची जीडीए टीम



**गाजियाबाद,** 8 मई (देशबन्धु)। एनएच-9 से सटी महागुनपुरम सोसायटी में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश पर मास्टर प्लान ग्रीन एरिया में लगाए गए 1600 पेड़ डेढ़ साल में ही उजड़ने व मास्टर प्लान ग्रीन एरिया गंदे पानी के तालाब में तब्दील होने के संबंध में जीडीए अधिकारियों ने अभियंताओं की टीम सोसायटी का निरीक्षण करने पहुंची। सबसे पहले टीम ने मास्टर प्लान ग्रीन एरिया का ही निरीक्षण किया। रेजिडेंट द्वारा लगाए गए आरोपों के क्रम में जीडीए टीम ने एक-एक प्वाइंट पर जाकर जांच की। एसटीपी में जाकर वहां ऑपरेटरों से पूछताछ की। जीडीए के सहायक अभियंता अजित सिंह ने बताया कि मामले में विस्तृत रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों के सामने पेश की जाएगी। इसके बाद बिल्डर को नोटिस जारी किया जाएगा।

जीडीए ओएसडी गुंजा सिंह ने बताया कि सोसायटी का रखरखाव करने वाली एजेंसी को निर्देश देकर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जाएंगी। इस दौरान रेजिडेंट नवीन तोमर, एससी वर्मा, इशांत वत्स, गर्विता सिरोही व अंशु तोमर भी मौके पर मौजूद रहीं। दरअसल, बिल्डर ने मास्टर प्लान ग्रीन एरिया पर अतिक्रमण कर रखा था। इस पर रेजिडेंट्स ने एनजीटी में याचिका दायर की थी जिस पर सुनवाई के बाद एनजीटी ने जुलाई 2022 में सोसायटी के पीछे करीब 16500 वर्गमीटर मास्टर प्लान ग्रीन एरिया को अतिक्रमण मुक्त कराने के साथ पौधे रोपित करने के आदेश दिए थे। इसके बाद मास्टर प्लान ग्रीन एरिया को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए जीडीए ने बिल्डर से मास्टर प्लान ग्रीन एरिया की 13 हजार वर्गमीटर जमीन पर 1600 पौधे रोपित कराए थे लेकिन बिल्डर की घोर लापरवाही के कारण सारे पेड़ डेढ़ साल में ही उजड़ गए हैं। सोसायटी के एसटीपी से अशोधित पानी की निकासी मास्टर प्लान ग्रीन एरिया में की जा रही है।

### जीडीए उपाध्यक्ष ने किया मटियाला का औचक निरीक्षण सुपर वाइजर सस्पेंड, अभियन्ता को नोटिस



**गाजियाबाद।** जीडीए उपाध्यक्ष ने बुधवार को मटियाला में औचक निरीक्षण किया। उन्होंनेअवैध निर्माण के मामले में एक सुपरवाइजर को निलंबित कर दिया है। जबकि जोन अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही जांच में दोषी पाए जाने पर शासन को कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रहे हैं। बुधवार को उन्होंने प्रवर्तन जोन तीन की टीम के साथ मटियाला गांव क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बड़े स्तर पर अनाधिकृत कॉलोनियों का विकास होते हुए अवैध निर्माण कार्य पाया गया। उपरोक्त कॉलोनियो में कुछ में पूर्व में ध्वस्तीकरण किया जाना दर्शित हुआ, लेकिन इसके उपरांत भी निर्माणकर्ता दोबारा से निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया। जीडीए उपाध्यक्ष ने देखा कि मटियाला में अधूरा ध्वस्तीकरण किया गया था, जिस कारण यह लोग अब फिर से निर्माण कर रहे है। इसमें मुख्य रूप से 12 जून 2017 को सदरपुर निवासी सचिन कुमार, मोहित कुमार, प्रदीप चौधरी उमाकान्त शर्मा, 18 अगस्त 2022 में मौ. आबिद, मौ. अतीक, इन्द्रपाल, 17 जून 2023 जयपाल सिंह, वेदपाल सिंह, कुलदीप, 24 जनवरी 2022 फ्रैंडस कॉलोनी निवासी अमित चौधरी, सचिन चौधरी आदि के अवैध निर्माण पर पूर्व में ध्वस्तीकरण किया, लेकिन अब फिर निर्माण कर रहे हैं।

## लिफ्ट में कुत्ते ने बच्ची को काटा, सीसीटीवी में कैद हुई घटना, कार्रवाई की मांग

**नोएडा,** 8 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-107 स्थित लोटस 300 सोसाइटी की लिफ्ट में 10 साल की बच्ची पर पालतू कुत्ते ने हमला दिया। इससे वह घायल हो गई। बच्ची की मां ने सोसाइटी प्रबंधन से शिकायत कार्रवाई की मांग की है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सोसाइटी निवासी मोनिका अग्रवाल ने बताया कि तीन मई को उनकी बेटी रात नौ बजे खेलने के लिए लिफ्ट से नीचे जा रही थी। लिफ्ट दूसरे फ्लोर पर खुली, तभी पालतू कुत्ते ने उनकी बेटी पर हमला कर दाएं हाथ पर काट लिया।



कुत्ते के काटने से बच्ची के हाथ में खून बहने लगा। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि बच्ची के साथ लिफ्ट में एक कुत्ता है। लेकिन कुत्ते का मालिक नहीं है। दूसरे फ्लोर पर लिफ्ट रुकती है इसके बाद बाहर से मालिक आता है और कुत्ते लिफ्ट से बाहर निकालता है। इस दौरान ही कुत्ते ने बच्ची को काट लिया। दरअसल प्राधिकरण की पॉलिसी के अनुसार कुत्ते के मालिक ने उसे मजल नहीं पहनाया था। इस कारण ये हादसा हुआ। फिलहाल वीडियो वायरल होने के बाद बच्ची की मां ने एक्शन लेने की बात कही है।

उवाच "

इस व्यवस्था के लागू होने से आवंटियों को प्राधिकरण में आने की आवश्यकता नहीं होगी एवं आवंटी घर बैठक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के संबंध प्राधिकरण द्वारा की जा रही कार्यवाही को भी ट्रैक कर सकते है। सपंत्ति विभाग को आदेश जारी कर दिया गया है कि आठ मई के बाद मानचित्र स्वीकृति की भौतिक आवेदन किए जाने की व्यवस्था समाप्त कर दी गई, अब पूर्णत: बीपीएमएस के माध्यम से नक्शा स्वीकृति स्वीकार किया जाएगा : **डॉ अरूणवीर सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे**

# कैपिटल ज़ोन

## यीडा में अब आवासीय भूखंड के मानचित्र ऑनलाइन होंगे स्वीकृत

**ग्रेटर नोएडा**, 8 मई(देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने अपने एकल आवासीय आवंटियों को बुधवार बड़ी राहत दी है। आवंटियों को अब भवन का निर्माण करने पर नक्शा पास कराने के लिए प्राधिकरण कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

आवंटी घर बैठे ऑनलाइन नक्शा पास करा सकते है। यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरूणवीर सिंह ने नक्शा स्वीकृति प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए बुधवार को बिल्डिंग प्लान मैनेजमेंट सिस्टम का शुभारंभ किया। प्राधिकरण के वेब पोर्टल पर यह सुविधा उपलब्ध करा दिया गया। ऑफलाइन नक्शा स्वीकृति की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया गया है। दरअसल यमुना प्राधिकरण में अभी तक नक्शा स्वीकृति के लिए आवंटियों को प्राधिकरण कार्यालय पर चक्कर लगाना पड़ता था। वास्तुविद की सहायता से नक्शा स्वीकृति के लिए प्राधिकरण आकर आवेदन करना पड़ता था, इस प्रक्रिया में काफी लंबा समय लगा जाता था।



- सेक्टर-18,20, 22ए, 22 डी, 17 एवं 16 के हजारों एकल आवासीय को मिली बड़ी राहत
- नक्शा स्वीकृति के लिए आवंटियों को अब प्राधिकरण कार्यालय नहीं लगाना होगा चक्कर
- यमुना प्राधिकरण के सीईओ ने बिल्डिंग प्लान मैनेजमेंट सिस्टम का किया शुभारंभ

**इस व्यवस्था के लागू होने से आवंटियों को प्राधिकरण में आने की आवश्यकता नहीं होगी एवं आवंटी घर बैठक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के संबंध प्राधिकरण द्वारा की जा रही कार्यवाही को भी ट्रैक कर सकते है। सपंत्ति विभाग को आदेश जारी कर दिया गया है कि आठ मई के बाद मानचित्र स्वीकृति की भौतिक आवेदन किए जाने की व्यवस्था समाप्त कर दी गई, अब पूर्णत: बीपीएमएस के माध्यम से नक्शा स्वीकृति स्वीकार किया जाएगा : डॉ अरूणवीर सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

आवंटियों को महीनों प्राधिकरण कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था। आवंटियों की सहूलियत के लिए यीडा सीईओ ने ऑनलाइन नक्शा स्वीकृति की सुविधा उपलब्ध करा दी। अभी यह योजना सिर्फ एक आवासीय भूखंड योजना में लागू है, आगे इसे औद्योगिक, बिल्डर ग्रुप हाउसिंग समेत सभी योजनाओं में लागू किया जाएगा। प्राधिकरण द्वारा अपने सभी आवंटियों हेतु पूर्व में ही प्रापर्टी मैनेजमेंट सिस्टम का डाटा तैयार किया जा चुका है। जिसमें सभी आवासीय आवंटियों को यूजर आईडी उपलब्ध कराई गई है। आवंटी यूजर आईडी का उपयोग करते हुए प्राधिकरण की वेबसाइट पर बिल्डिंग प्लान मैनेजमेंट के लिए यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रीयल अर्थारिटी डॉट काम पर लॉगिन कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में आवंटी आर्किटेक्ट की सहायता से मानचित्र तैयार कराकर भवन मानचित्र स्वीकृति ऑलाइन फीस जमा कर आवेदन करना होगा।

## खरीदारों के नाम फ्लैटों की जल्द रजिस्ट्री कराएं, नहीं तो कार्रवाई होगी : सीईओ

**ग्रेटर नोएडा**, 8 मई(देशबन्धु)। बिल्डर परियोजनाओं में फ्लैट खरीदारों के नाम जल्द रजिस्ट्री कराने के मकसद से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने बुधवार को क्रेडाई के साथ बैठक की। सीईओ ने बिल्डरों को फ्लैट खरीदारों के नाम रजिस्ट्री शीघ्र कराने के निर्देश दिए और जिन बिल्डरों ने प्रोजेक्ट पर कुल बकाया राशि का 25 फीसदी जमा नहीं किया है, वे एक सप्ताह में भुगतान कर खरीदारों के नाम फ्लैटों की रजिस्ट्री शुरू कराएं, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

फ्लैट खरीदारों को उनका आशियाना दिलाने के मकसद से गठित अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों के आधार पर फ्लैटों की रजिस्ट्री कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण प्रयासरत है। ऐसे कुल 96 परियोजानाओं में खरीदारों के नाम रजिस्ट्री होनी है। इन 96 में से 15 परियोजनाएं ऐसी हैं जिन पर ड्यूज नहीं है। इन परियोजनाओं के फ्लैटों की रजिस्ट्री हो रही है। इन 15 परियोजनाओं में अब तक 2322 फ्लैटों की रजिस्ट्री हो चुकी है। इसके अतिरिक्त 40 ऐसी परियोजनाएं हैं जिनके बिल्डरों ने कुल बकाया रकम का 25 फीसदी लगभग 276 करोड़ रुपए प्राधिकरण में जमा कर दिया है। इन 40 परियोजनों से लगभग 1200 करोड़ रुपये की प्राप्ति और होनी है। 25 फीसदी रकम जमा करने के बाद इन परियोजनाओं में भी रजिस्ट्री शुरू हो चुकी है। इनमें अब तक 315 फ्लैटों की रजिस्ट्री भी हो चुकी है। शेष 41 परियोजानाओं में 25 फीसदी रकम जमा होते ही रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इन मसलों को लेकर बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में क्रेडाई के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। सीईओ ने निर्देश दिए कि जिन 40 बिल्डरों ने 25 फीसदी रकम जमा कराकर रजिस्ट्री शुरू करा दी है, वे सभी रजिस्ट्री की प्रक्रिया और तेजी से संपन्न कराएं और जिन 41 परियोजनाओ से जुड़े बिल्डरों ने अभी तक 25 फीसदी धनराशि जमा नहीं की है, वे एक सप्ताह के भीतर भुगतान कर रजिस्ट्री शुरू कराएं। अन्यथा इस अवधि के बाद प्राधिकरण इन बिल्डरों पर कड़ी कार्रवाई करेगा।

बैठक में क्रेडाई से मनोज गौड़, गीतांबर आनंद, दिनेश गुप्ता सहित कई पदाधिकारीगण मौजूद रहे।



- सीईओ ने क्रेडाई के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक
- सीईओ ने फ्लैट खरीदारों के नाम रजिस्ट्री जल्द करने के दिए निर्देश
- अब तक 40 प्रोजेक्टों के एवज में बिल्डरों ने 276 करोड़ प्राधिकरण में जमा किए

## नोएडा एयरपोर्ट पर विमानों का लैंडिंग के लिए लगा ग्लाइड पाथ एंटीना

**ग्रेटर नोएडा**, 8 मई(देशबन्धु)। नोएडा एयरपोर्ट से सितंबर में विमानों का उड़ान भरने की दिशा में तेजी से काम चल रहा है। एयरपोर्ट का रनवे करीब बनकर तैयार हो गया। जहां पर जून से विमानों का ट्रायल शुरू करने की तैयारी है। उससे पहले बुधवार को एयरपोर्ट साइट पर विमानों का लैंडिंग के लिए ग्लाइड पाथ एंटीना लगा दिया गया। ग्लाइड पाथ एंटीना विमानों के लिए निर्बाध लैंडिंग के लिए निर्धारित करता। ग्लाइड पाथ एंटीना, इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम का एक हिस्सा जो लैंडिंग दृष्टिकोण के दौरान विमान का मार्गदर्शन करता है, नोएडा एयरपोर्ट रनवे पर इसे सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है। ग्लाइड स्लोप स्टेशन उड़ानपट्टी के टचडाउन क्षेत्र के निकटस्थ एक एंटीना सारणी का उपयोग करता है। जीएस संकेत उपस्कर के वाहिका आवइत्ति पर लोकलाईजर की ही भांति भेजा जाता है। ग्लाइड स्लोप संकेत का केन्द्र लगभग 3ए क्षैतिज (भूमि स्तर से) पर प्रेषण करने हेतु व्यवस्थित किया जाता है। इसकी किरण (बीम) 1.4ए डीप (ग्लाइड पाथ केन्द्र से 0.7ए नीचे एवं 0.7ए ऊपर) होती है। पायलट विमान को इस प्रकार नियन्त्रित करता है कि उसका विमान स्थापित सूचक केन्द्र में ही रहे, जिससे विमान ग्लाइड पाथ का अनुसरण करते हुए किसी भी व्यवधान आदि से ऊपर रहते हुए उड़ानपट्टी पर एकदम टचडाउशन उपलब्ध कराता है)।



- नोएडा एयरपोर्ट पर रनवे का निर्माण कार्य पूरा, जून से ट्रायल की तैयारी

## शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में जीबीयू में किया जा रहा प्रयास : सिन्हा

- विशाल धर दुबे

**ग्रेटर नोएडा**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय तकनीकी क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है जिसके पीछे विश्वविद्यालय के कुलपति के नेतृत्व में पूरी टीम काम कर रही है।

जीबीयू ने पिछले कुछ महीनों मे कई नए प्रयोग किए हैं, जिसमें ड्रोन टेक्नॉलॉजी सेन्टर ऑफ एक्सिलेन्स सेन्टर स्थापित किया है, जिसमें आस-पास के कॉलेजों के विद्यार्थी ड्रोन तकनीकी का प्रशिक्षण ले सकेंगे। जीबीयू ने कई कंपनी के साथ मिलकर ड्रोन पायलट बनाने के लिए काम कर रही है, जिसका लाइसेन्स मिल गया है। साथ ही डायरेक्टर जनरल सिविल एविएशन से मान्यता मिला है। गौतम बुद्ध विवि के कुलपति रविन्द्र कुमार सिन्हा ने बताया कि ऐसी उम्मीद है कि भावी समय में प्रधानमंत्री की योजना के तहत ड्रोन दीदी व ड्रोन भाई बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जीबीयू में ड्रोन पायलट की ट्रेनिंग के लिए उपयुक्त जगह है, जहां अच्छी तरह से ट्रेनिंग दी जा सकती है। कारपोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी के तहत इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार जीबीयू में कृत्तिम बुद्धिमत्ता का एक एक उत्कृष्ट केन्द्र तैयार हो रहा है, जिसके लिए सरकार ने 50 करोड़ रुपए अपने बजट में पास किया है। इसको अंजाम देने के लिए जोर-शोर से काम चल रहा है। इसके तहत जीबीयू के शिक्षक, उत्तर प्रदेश सरकार के सचिव, माइक्रोसाफ्ट और एचसीएल जैसी कंपनियों के साथ तालमेल बनाने की कोशिश की जा रही है। जीबीयू में एआई के तहत कई प्रोग्राम बीटेक इन रोबोटिक, बीटेक इन कम्प्यूटर साइंस, इलेक्ट्रनिक्स कम्यूनिकेशन, स्पेशिलाइजेनस इन एआई शुरु कर रहा है। एग्रीकल्चर के साथ गवर्नेन्स में एआई के प्रयोग के लिए अनुसंधान करने के लिए टीम बनाया है। आगामी 10 तारीख को प्राइवेट सेक्टर के साथ मिलकर साइबर सिक्योरिटी में उत्कृष्टता केन्द्र की जीबीयू में स्थापित हो रहा है। इसमें साइबर सिक्योरिटी से सम्बंधित प्रोग्राम शुरु होंगे। ड्रोन फोरेन्सिक, एण्टी हैकिंग के शार्ट टर्म कोर्स कराए जाएंगे। आर एण्ड डी अनुसंधान एवं विकास में जीबीयू के शिक्षक क्वांटम कम्युनिकेशन और क्वांटम कम्युनिकेशन के क्षेत्र में प्रपोजल सरकार के विभिन्न एजेन्सियों में दिया है। इन सारे प्रयास से ड्रोन टेक, एआई, साइबर सिक्योरिटी, क्वांटम कम्युनिकेशन को आगे बढ़ाया जाएगा।



- ड्रोन टेक, एआई, साइबर सिक्योरिटी, क्वांटम कम्युनिकेशन में जीबीयू बढ़ रहा आगे
- जीबीयू में 50 करोड़ की लागत से स्थापित हो रहा है कृत्तिम बुद्धिमत्ता केन्द्र

## बीमार बच्चों के प्रबंधन व बाल चिकित्सा प्रारंभिक चेतावनी पर मंथन

**ग्रेटर नोएडा**, 8 मई(देशबन्धु)। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान(जिम्स) के बाल रोग विभाग ने ईको (ईसीएचओ) प्लेटफॉर्म के सहयोग से बीमार बच्चे के प्रबंधन और बाल चिकित्सा प्रारंभिक चेतावनी स्कोर (पीईडब्ल्यूएस) पर एक इंटरैक्टिव और विचार-मंथन सत्र का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया। बाल चिकित्सा प्रारंभिक चेतावनी स्कोर (पीईडब्ल्यूएस) एक महत्वपूर्ण उपकरण है जिसका उपयोग स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों द्वारा बाल रोगियों में बीमारी की गंभीरता का तेजी से आकलन करने और नैदानिक गिरावट का शीघ्र पता लगाने के लिए किया जाता है। यह स्कोरिंग प्रणाली हृदय गति, श्वसन दर, रक्तचाप, ऑक्सीजन संतृप्ति, चेतना का स्तर और समग्र उपस्थिति सहित कई शारीरिक मापदंडों का मूल्यांकन करती है। इन मापदंडों को व्यक्तिगत रूप से स्कोर किया जाता है और फिर एक समग्र स्कोर प्रदान करने के लिए सारांशित किया जाता है जो बच्चे की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति को इंगित करता है।

पीईडब्ल्यूएस की उपयोगिता अस्पतालों में बच्चों की निगरानी के लिए एक संरचित और व्यवस्थित दृष्टिकोण प्रदान करने की क्षमता में निहित है। यह उन लोगों की पहचान करने में सहायता करता है जो गंभीर रूप से बीमार होने के जोखिम में हैं, समय पर हस्तक्षेप को सक्षम करते हैं और संभावित रूप से गहन देखभाल में प्रवेश की आवश्यकता को रोकते हैं। जिम्स के निदेशक डॉ. ब्रिगेडियर राकेश गुप्ता ने कहा कि हमारे देश में बच्चों के समग्र परिणाम में सुधार के लिए चेतावनी संकेतों की व्याख्या के महत्व पर जोर दिया। इसके बाद एक इंटरैक्टिव सत्र हुआ जिसमें वीडियो और केस स्टडीज पर चर्चा की गई, जिसमें डॉ. सुजया मुखोपाध्याय, सहायक प्रोफेसर (बाल रोग), जीआईएमएस ने चर्चा की।

## सोसाइटी में बिजली कटने से लोगों ने किया हंगामा

### मल्टीप्वाइंट कनेक्शन के लिए मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा**, 8 मई(देशबन्धु)। बीते दिनों अंतरिक्ष फॉरेस्ट के बिल्डर ने बिना किसी उचित योजना के बिजली का बिलिंग सिस्टम पोस्टपेड से प्रीपेड कर दिया। बिजली अचानक कट जाने से पूरी सोसाइटी में अफरा-तफरी मच गई। वर्क फ्रॉम होम, बच्चों व सीनियर सिटीजन को बेहद ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी। प्रीपेड बिजली के बिल के साथ मेंटेनेंस भी साथ में कटने लगा है। इसके रोष में निवासियों ने मेंटिनेंस ऑफिस के बाहर काली पट्टी बांध कर सांकेतिक प्रदर्शन किया। बिजली कनेक्शन को मल्टीप्वाइंट करने के साथ साथ रजिस्ट्री तुरंत चालू करवाने के लिए मांग की गई। सोसाइटी निवासी मुकेश कुमार शर्मा का कहना है के विद्युत विभाग द्वारा परफैक्ट प्रॉपबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड संस्था (अंतरिक्ष फॉरेस्ट) को निर्गत 9 सितंबर 2021 में कहा था कि आप इंडिविजुअल उपभोक्ताओं को जिनका विद्युत आपूर्ति कर रहे हैं, उनके बिजली संबंधी देयो के अतिरिक्त अन्य किसी मद में बकाया होने पर उपभोक्ता का विद्युत संयोजन नहीं काट सकते जबकि आपके द्वारा उक्त नियम का उल्लंघन किया जा रहा है।

इस प्रकार बिल्डर संस्था द्वारा अनियमित रूप से अंतरिक्ष फॉरेस्ट निवासियों का विद्युत संयोजन विच्छेद किया जा रहा है। निवासी सुखपाल सिंह तूर ने बताया के बिल्डर ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में रिट डाल कर 3500 किलोवाट का स्थाई सिंगल प्वाइंट कनेक्शन की मांग की गई थी जिसे कोर्ट ने डिस्मिस कर दिया। विद्युत निगम ने कोर्ट में बताया के इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड 2005 को अगस्त 2018 में संशोधित कर मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में सिर्फ मल्टीप्वाइट कनेक्शन देने का प्रावधान कर दिया गया है। मल्टीप्वाइंट कनेक्शन के लिए जनसुनवाई पर मार्च 24 में बताया गया के सिंगल प्वाइंट से मल्टीप्वाइट कनेक्शन के लिए सोसाइटी में कोई आधारभूत सरचना नहीं है।



## रंजिश के चलते युवक को डंडों से पीटकर किया घायल

**दनकौर**, 8 मई(देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के अट्टा फतेहपुर गांव में रंजिश के चलते बुधवार को एक युवक को पड़ोसियों ने डंडों से पीटकर घायल कर दिया। जिसका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। इस संबंध में पीड़ित ने चार लोगों को नामजद करते हुए पुलिस से मामले की शिकायत की है। पीड़ित फिरोज ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसने गांव के एक व्यक्ति की जमीन को कुछ दिन पहले ठेके पर फसल बोने के लिए लिया था। आरोप है कि गांव का एक व्यक्ति भी उस जमीन को ठेके पर लेना चाहता था। लेकिन पीड़ित ने जमीन के मालिक से ले ली। इसी बात को लेकर आरोपी फिरोज से रंजिश मानता आ रहा है। आरोप है कि जब फिरोज बुधवार को अपने घर से किसी काम के लिए बाहर आ रहा था। उसी दौरान आरोपी ने गाली गलौज करते हुए डंडों से मारपीट कर दी।

## ग्रीनार्क सोसाइटी के स्विमिंग पूल में नहा कर हुए बीमार

**ग्रेटर नोएडा**, 8 मई(देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट के ग्रीनार्क सोसाइटी में स्विमिंग पूल में नहा कर निवासी बीमार पड़ रहे हैं, जिसकी शिकायत निवासियों ने सोसाइटी मेंटेनेंस विभाग, प्राधिकरण और जिला प्रशासन से किया है। ग्रेनो वेस्ट के टेकजोन-4 स्थित सेवियर ग्रीनार्क निवासियों ने बताया कि पिछले दिनों सोसाइटी में स्विमिंग पूल चालू तो हुआ है, लेकिन स्विमिंग पूल का फिल्टर काम नहीं कर रहा है। स्विमिंग पूल की साफ सफाई ठीक ढंग से नहीं की जा रही है। जिसके वजह से सोसाइटी के अनेकों निवासी पूल में नहा कर बीमार पड़ रहे हैं। सोसाइटी निवासी नवल किशोर सिंह, कृष्ण वर्मा एवं अन्य निवासियों ने बिल्डर और मेंटेनेंस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि स्विमिंग पूल में नहाने से उन्हें स्किन संबंधित समस्या हो गई। वहीं निवासी अनुराग सिन्हा ने आरोप लगाया कि स्विमिंग पूल में नहाने से उन्हें पेट में दर्द की शिकायत होने लगी। लोगों का कहना है कि स्विमिंग पूल के ओपन होते ही हर साल किसी न किसी समिति में बच्चे बीमार होते हैं, अगर अधिकारी उनकी जांच पहले ही कर ले तो यह नौबत देखने को नहीं मिलता।



**स्विमिंग पूलों के खिलाफ प्रशासन ने उठाया कदम**

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसायटियों में मानकों के अनुरूप नहीं चल रहे स्विमिंग को लेकर जिला उप क्रीडा अधिकारी अनीता नागर संज्ञान में लेते हुए दौरान किया और उन पर कार्यवाई की है। इस दौरान उन्होंने अजनारा होम्स सोसायटी के पूल अनियमियता मिलने पर बंद करा दिया और फ्यूजन होम्स, फ्रेंच अपार्टमेंट, चौरी काउंटी, व ग्रीन आर्च में लाइफ गार्ड न होने पर नोटिस भेजा है।


पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय

209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें

खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता

फोन:- 0120-4270009

देशबन्धु

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें

क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा

Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises

सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता

Mob.: 9910280173

Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए सिंगापुर के टेमासेक के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण



- गलगोटिया विवि में भ्रमण के दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक व अकादमिक सहयोग पर की चर्चा

**ग्रेटर नोएडा**, 8 मई(देशबन्धु)। एक समृद्ध सांस्कृतिक संगम के तहत टेमासेक पॉलिटेक्निक, सिंगापुर के छात्रों का गलगोटियास विश्वविद्यालय में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। सिंगापुर के छात्रों ने अकादमिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए, गलगोटियास विश्वविद्यालय के जीवंत परिसर के वातावरण में खुद को तल्लीन कर दिया। उनकी इस यात्रा का मुख्य आकर्षण गलगोटियास विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक सुविधाओं का दौरा था, जिसमें ऐप्पल और इंफोसिस जैसे उद्योग के दिग्गजों के सहयोग से स्थापित बहुत ही प्रसिद्ध 'आईओएस' विकास केंद्र भी शामिल था। इस यात्रा में न केवल दृश्यरंजन के अलावा, सिंगापुर के टेमासेक पॉलिटेक्निक के छात्रों ने सक्रिय रूप से गलगोटियास विश्वविद्यालय के गतिशील शिक्षण अध्यापन में लगे हुए, संकाय सदस्यों और साथी छात्रों के साथ विचारों और दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान किया।

## विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से छात्रों को किया जागरूक

**ग्रेटर नोएडा**, 8 मई(देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जनपद न्यायाधीश के दिशा-निर्देशन में अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भारतीय आदर्श इण्टर कॉलेज दादरी में छात्रों के मध्य किया गया। शिविर में अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्रधिकरण ऋचा उपाध्याय द्वारा छात्रों को शिक्षा का अधिकार, मुफ्त कानूनी सहायता, भारत के संविधान में दिए गए अधिकार एवं कर्तव्यों के संबंध मे जानकारी दी गई तथा जुवेनाइल जस्टिस एक्ट तथा मुख्यमंत्री बाल कल्याण योजना आदि विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराई गई है। शिविर में अपर जिला जज सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय के साथ विद्यालय के सस्थापक बलवीर सिंह आर्य, परा विधिक स्वयं सेवक तथा बालचन्द नागर व सतपाल एवं अधिक संख्या में छात्र शामिल हुए।







**प्रबंध समिति का चुनाव कार्यक्रम**

साधारण सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि Greater Noida Institute of Management महाविद्यालय की प्रबंध समिति के गठन हेतु 05 पदाधिकारी (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, उपसचिव, एवं कोषाध्यक्ष एवं छः सदस्यों का चुनाव महाविद्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार दिनांक 18 मई 2024 (शनिवार) को सम्पन्न होगा।

1. नामांकन प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक
2. नाम वापसी दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे
3. नामांकन की जाँच दोपहर 1:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक
4. मतदान (यदि आवश्यक है) 2:00 से 4:00 तक
5. मतगणना सायं 4:00 बजे से
6. परिणाम की घोषणा के पश्चात

चुनाव अधिकारी

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धनौरी में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 577, 811, 1604 | स्व0 श्रीभगवान शर्मा पुत्र स्व0 बालमुकुन्द शर्मा नि0 ग्राम धनौरी, खुर्द परगना दनकौर व तहसील सदर जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमति ओमवती | पत्नी |
| | | | श्री ब्रजभूषण शर्मा | पुत्र |
| | | | संजय शर्मा | पुत्र |
| | | | श्री राजेश शर्मा | पुत्र |
| | | | श्रीमती सुषमा शर्मा | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 617/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 23.04.2022 के अनुसार मृतक स्व0 श्री स्व0 श्यौराज सिंह पुत्र बलवीर सिंह नि0 ग्राम पारसौल परगना दनकौर तहसीलदार व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 18.05.2021 को हो चुकी है जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पारसौल | 591 | 654, 656 | स्व0 श्यौराज सिंह पुत्र बलवीर सिंह नि0 ग्राम पारसौल परगना दनकौर तहसीलदार व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती ओमबाला | 68 वर्ष | पत्नी |
| | | | | श्री कुलदीप मलिक | 41 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्री अंकित मलिक | 34 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्रीमती हेमलता | 42 वर्ष | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. L9-001, Ground Floor, Assotech Springfields, Super Area- 232.72 Sqm., Sector-Zeta-1, Greater Noida जो कि Mrs. Lakshmi Sangal & Sh. Shravan Kumar Sangal निवासी 296, Masjid Moth, Near R-39, South Extension- II, New Delhi-110049 के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-27.03.2012 को पंजीकृत है। Sh. Shravan Kumar Sangal & Mrs. Lakshmi Sangal की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र Mr. Atul Sangal ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण प्रस्तुत प्रपत्रों के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्युटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्युटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों Mr. Atul Sangal S/o Late Sh. Shravan Kumar Sangal का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 09 मई 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## अदानी-अंबानी पर मोदी और फंसे

लोकसभा के इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां एक ओर अत्यंत गरिमाहीन व अमर्यादित भाषण दे रहे हैं, वहीं उनके बयान एकदम तथ्यहीन भी होते हैं जो देश के लिये आश्चर्य कम और झटके अधिक साबित हो रहे हैं। वैसे तो श्री मोदी जब से देश के राजनीतिक क्षितिज पर उभरे हैं, अपने वक्तव्यों से वे झूठ के अंबार खड़े कर रहे हैं। दो कार्यकाल के जरिये दस साल का शासन लगभग पूरे कर चुके प्रधानमंत्री ने जितने असत्य व अर्द्ध सत्य कहे हैं, उसकी चाहे जितनी बड़ी फेहरिस्त बना ली जाये, कई झूठ छूट ही जायेंगे। कई लोगों का मानना है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिये अति व्यग्र मोदी तीन चरण के हो चुके मतदान के बाद अपनी साफ दिखती पराजय से इतने खौफ खाये बैठे हैं कि उन्होंने लोगों को प्रभावित करने के लिये अपने भाषणों में झूठ का तड़का बढ़ा दिया है। हालांकि उसकी मात्रा कुछ ऐसी ज्यादा हो चली है कि अब ये भाषण बेस्वाद व कड़ुए हो चले हैं।

विपक्ष, खासकर कांग्रेस पर वे अधिक हमलावर होते हैं। 'कांग्रेस मुक्त भारत' के नारे के साथ दिल्ली की गद्दी पर 2014 में विराजमान हुए मोदी ने 2019 में कहीं बड़ा बहुमत हासिल किया था। इससे ताकतवर बने मोदी के सामने अब बड़ा लक्ष्य था 'विपक्ष मुक्त भारत' बनाने का जिसके लिये भारतीय जनता पार्टी ने तमाम अनैतिक उपाय किये। इनमें विरोधी दलों की सरकारों को गिराने से लेकर विपक्षियों को डरा-धमकाकर या खरीदकर अपने खेमे में लाना शामिल था। उन्हें भी भाजपा में शामिल किया गया जिन पर उसकी ओर से भ्रष्टाचार या परिवारवाद के आरोप लगाये जाते रहे हैं। इसकी भी बहुत बड़ी सूची है। इस 'ऑपरेशन लोटस' के चलते देश का संघीय ढांचा ही नहीं वरन पूरी की पूरी लोकतांत्रिक प्रणाली ही ध्वस्त कर दी गई। विपक्ष के कमजोर होने से मोदी सतत मजबूत होते चले गये। उन्होंने खुद को एकमात्र विकल्प बनाये रखने के लिये प्रतिपक्ष के साथ ही खुद की पार्टी को भी अपनी मुट्ठी में कर लिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भी उनके सामने एक नहीं चलती, जिसके कार्यकर्ता के रूप में खुद उनका सार्वजनिक जीवन शुरू हुआ था।

दूसरी ओर दस वर्षों में देश की संसद के साथ सभी संवैधानिक संस्थाओं को किस कदर कमजोर कर दिया गया- यह हर कोई देख रहा है। सारे फैसले चुनिंदा लोगों के हित में लिये जा रहे हैं। देश के सार्वजनिक उपक्रम कौड़ियों के मोल प्रधानमंत्री के कारोबारी मित्रों के नाम चढ़ चुके हैं। प्रतिरोध की आवाजें उठनी ही बन्द हो गई थीं। विरोधी सांसदों समेत अपने खिलाफ़ उठने वाली हर आवाज़ को मोदी कुचलते चले गये। संसद के भीतर जनविरोधी फैसले कभी विरोधियों की अनुपस्थिति में तो कभी बिना चर्चा के, कभी अध्यादेशों के द्वारा या फिर सामान्य आदेशों के माध्यम से लिये गये। सभी राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक शक्तियां नरेंद्र मोदी ने अपनी जेबों में डाल दी हैं। देश में जातिवाद व साम्प्रदायिकता का चरम तो दिख ही रहा है, पूंजीवाद भी अपने उत्कर्ष पर है। प्रधानमंत्री मोदी के परम मित्र गौतम अदानी एवं मुकेश अंबानी को जिस मनमाने ढंग से भाजपा सरकार द्वारा फायदा पहुंचाया गया, उसकी गूंज देश के भीतर ही नहीं वरन विदेशों में भी पहुंच चुकी है।

सितम्बर, 2022 के बाद समय ने पलटना शुरू किया जब राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से श्रीनगर की पैदल यात्रा निकाली। इससे जहां एक ओर राहुल की वह छवि ध्वस्त हो गई जो भाजपा के आईटी सेल द्वारा करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई थी, तो वहीं दूसरी तरफ़ कांग्रेस पुनर्जीवित हो उठी। बड़ा परिवर्तन वह आया जिसका लोकतांत्रिक मूल्यों में भरोसा रखने वाली अवाम बेसब्री से इंतज़ार कर रही थी- विपक्षी एकता की राह प्रशस्त हो गई। इस यात्रा के दौरान राहुल ने देश का विमर्श बदल डाला। एक तरफ़ तो जनसरोकार के मुद्दे केन्द्र में लौट आये वहीं केन्द्र सरकार की विफलताएं तथा मोदी के अदानी-अंबानी से रिश्ते भी जगजाहिर हो गये। राहुल व कांग्रेस ने संसद के भीतर बड़ी कीमत चुकाकर अदानी के साथ मोदी के सम्बन्धों की आवाज़ उठाई। इसी साल 14 जनवरी को मणिपुर से निकलकर 18 मार्च को मुम्बई में समाप्त हुई राहुल की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' ने सरकार की चूलें हिला दीं। उद्योगपतियों के साथ अपने रिश्तों व उनके लिये काम करने वाली अपनी नीतियों के कारण मोदी बेपर्दा हो गये।

पराजय के डर से इस चुनाव प्रचार के दौरान मोदी के भाषण जहां एक ओर ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने वाले साबित हो रहे हैं वहीं वे राहुल पर अधिक हमलावर हो रहे हैं। उन पर अदानी-अंबानी को लेकर हुए हमलों पर अब तक चुप्पी साधने वाले मोदी ने पहली बार इन दोनों उद्योगपतियों के नाम जिस हास्यास्पद व विसंगतिपूर्ण ढंग से लिये उससे वे और भी फंसते चले गये। तेलंगाना के करीमनगर में उन्होंने कहा- 'पहले तो कांग्रेस के शहजादे (आशय- राहुल गांधी) दिन में कई बार अदानी-अंबानी का नाम जपते थे। इस चुनाव प्रचार में उन्होंने इन उद्योगपतियों के नाम लेने क्यों बन्द कर दिये? क्या रातों-रात कोई डील हो गई या उन तक बोरों में नोट पहुंच चुके हैं?' स्वाभाविक प्रतिक्रियास्वरूप कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि राहुल ने अदानी का 103 बार और अंबानी का 30 बार नाम लिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्विट किया है कि 'दोस्त दोस्त न रहा।' वैसे इस बयान से मोदी ने खुद पर उंगली उठा दी है। देखना होगा कि आगे के चार चरणों में नरेंद्र मोदी के इस बयान से भाजपा को मदद मिलती है या फिर मुसीबत में पड़ती है।

# एक ही मुखड़े पर अटके मोदी के सुर

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

देश में सात चरणों में हो रहे मतदान में तीन चरण पूरे हो चुके हैं और अब बचे चार चरणों के लिए राजनैतिक दलों के प्रचार जोरों पर हैं। दूसरे चरण के मतदान 26 अप्रैल को हुए थे और तीसरे चरण के 11 दिन बाद 7 मई को, इन 10-11 दिनों के अंतराल में राजनैतिक घटनाक्रम में तेजी से बदलाव आए। कांग्रेस ने अमेठी और रायबरेली सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। राहुल गांधी एक बार फिर से उत्तरप्रदेश से उम्मीदवारी के लिए तैयार हुए। कांग्रेस ने उन्हें अपनी मां सोनिया गांधी की संसदीय सीट को संभालने का जिम्मा सौंपा है, वहीं उनकी पहले की सीट अमेठी से कांग्रेस ने इस बार गांधी परिवार के नजदीकी के एल शर्मा को खड़ा किया है। प्रियंका गांधी अपने भाई राहुल और राजनैतिक सहयोगी के एल शर्मा के लिए जमकर प्रचार कर रही हैं। बीते सोमवार 6 मई से प्रियंका अमेठी और रायबरेली में हैं और 18 मई तक उनका यहीं रहने का इरादा है। 20 मई को पांचवे चरण के मतदान में अमेठी और रायबरेली की सीटें भी शुमार हैं। कांग्रेस इस बार अपनी इन दोनों सीटों को फिर से हासिल करने की तैयारी में है। भाजपा को उम्मीद नहीं थी कि कांग्रेस उत्तरप्रदेश में कुछ ऐसा दांव खेल जाएगी, क्योंकि भाजपा ने अमेठी को अपने लिए सुरक्षित सीट मान लिया था और सोनिया गांधी की गैरमौजूदगी में रायबरेली पर भी कब्जा करने की तैयारी उसकी थी। लेकिन कांग्रेस ने एक तीर से इस बार कई शिकार कर लिए। राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि अमेठी में स्मृति ईरानी के लिए अब जीतना कठिन हो गया है और हारने पर उनके सियासी भविष्य के लिए संकट होगा, क्योंकि जनता के बीच संदेश जाएगा कि वे कांग्रेस के एक साधारण कार्यकर्ता से हार गईं। वहीं रायबरेली से भी अगर राहुल गांधी की जीत होती है तो फिर वे वायनाड या रायबरेली किसी एक सीट को छोड़ सकते हैं और मुमकिन है उसके उपचुनाव में प्रियंका गांधी को खड़ा कर दिया जाए।

इस तरह कांग्रेस के लिए हर तरफ से जीत है, जबकि भाजपा के लिए इसमें नुकसान है। अमेठी में कांग्रेस के पक्ष में बन रहे इस माहौल के बीच ही रविवार रात कांग्रेस कार्यालय के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़-फोड़ की गई और कुछ लोगों को चोट भी पहुंचाई गई है। यह कृत्य किसका है, फिलहाल इसकी जांच ही चल रही है, लेकिन अमेठी में इससे पहले कभी इस तरह चुनावों के वक्त किसी राजनैतिक दल पर हमले की घटनाएं नहीं हुई हैं। इस बार क्यों हुई हैं, यह विचारणीय है। अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस की बढ़त बनाने की रणनीति के साथ-साथ हरियाणा से भी भाजपा के लिए अच्छी खबर नहीं आई। वहां तीन निर्दलीय विधायकों दादरी से सोमबीर सांगवान, पुंडरी से रणधीर गोलन और धर्मपाल गोंधर ने कांग्रेस को समर्थन देने का फैसला किया और भाजपा की सरकार से हाथ पीछे खींच लिए, जिसके बाद नायब सिंह सैनी की सरकार अल्पमत में आ गई है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक जेजेपी के दुष्यंत चौटाला ने भी कांग्रेस को साथ देने की बात कही है ताकि वह सरकार बना सके। यानी भाजपा से एक और राज्य की सत्ता जा सकती है। वहीं तीसरे चरण के मतदान के दिन ही महाराष्ट्र में एनसीपी नेता शरद पवार ने बयान दिया कि कुछ क्षेत्रीय दल कांग्रेस में खुद को मिला सकते हैं और उसका समर्थन कर सकते हैं। इससे पता चलता है कि अब कांग्रेस के बढ़ते कद को दूसरे नेता भी स्वीकार करने लगे हैं।

भाजपा और इंडिया गठबंधन के बीच हो रहे मुकाबले में अब तक बसपा किसी के साथ नहीं थी, लेकिन मंगलवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने अचानक अपने उत्तराधिकारी और पार्टी संयोजक आकाश आनंद को उनके दायित्वों से मुक्त कर दिया। मायावती ने आकाश आनंद की अपरिपक्व बताते हुए यह फैसला लिया। जबकि इस बार आकाश आनंद का बसपा के लिए प्रचार काफी सुर्खियां बटोर रहा था।

इधर उत्तरप्रदेश में तीन चरणों के मतदान के बाद खबरें आ रही हैं कि भाजपा को इस बार इंडिया गठबंधन से कड़ी टक्कर मिली है। जिस राज्य में भाजपा अपनी जीत का बड़ा आधार मान रही थी, वहां से उसे झटका मिला है। भाजपा और इंडिया गठबंधन के बीच हो रहे मुकाबले में अब तक बसपा किसी के साथ नहीं थी, लेकिन मंगलवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने अचानक अपने उत्तराधिकारी और पार्टी संयोजक आकाश आनंद को उनके दायित्वों से मुक्त कर दिया। मायावती ने आकाश आनंद की अपरिपक्व बताते हुए यह फैसला लिया। जबकि इस बार आकाश आनंद का बसपा के लिए प्रचार काफी सुर्खियां बटोर रहा था। लंदन से पढ़ाई करके आने के बाद अपनी बुआ की राजनैतिक विरासत को आगे बढ़ाने और दलितों के लिए राजनैतिक सत्ता की बात करने वाले आकाश आनंद अपने भाषणों में भाजपा पर तीखे प्रहार कर रहे थे। उनके भाषणों में वह धार मतदाताओं को दिख रही थी, जिसकी उम्मीद अब तक बहनजी से की जाती रही, लेकिन कई बरसों से निराशा ही मिल रही थी। दलितों से जुड़े अनेक गंभीर मामलों में बहनजी की चुप्पी उनके समर्थकों को अखर रही थी, लेकिन आकाश आनंद के कारण उनमें नया जोश भरा था। ऐसे में बसपा के लिए सीटें बढ़वाने की गुंजाइश बन रही थी, लेकिन शायद भाजपा की नाराजगी को भांपते हुए मायावती ने ऐसा फैसला ले लिया।

तीसरे चरण के मतदान के दौरान और उससे पहले हुई इन सियासी घटनाओं के बीच ब्रिटेन में एस्ट्राजेनेका फार्मा कंपनी ने अदालत में स्वीकार किया कि उसकी बनाई कोरोना वैक्सीन के घातक साइड इफेक्ट हो सकते हैं। इसके बाद कंपनी ने दुनिया भर में भेजी गई अपनी वैक्सीन को वापस मंगाने का फैसला भी लिया। इसी कंपनी के फार्मूले पर भारत में कोविशील्ड बनी थी और वैक्सीन प्रमाणपत्र पर मोदीजी की तस्वीरें तो होती ही थीं। लेकिन अब सरकार ने वैक्सीन के प्रमाणपत्र से नरेन्द्र मोदी की फोटो हटा ली है। इसका मतलब यह समझा जा सकता है कि इलेक्टोरल बॉंड के खुलासे की तरह कोविशील्ड के साइड इफेक्ट की बात से पर्दा उठना भाजपा के लिए महंगा पड़ चुका है।

प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों में भी पहले चरण से लेकर तीसरे चरण तक कई बदलाव आ गए, हालांकि उसका मुखड़ा एक ही रहा। कांग्रेस की आलोचना करना श्री मोदी के भाषणों का स्थायी मुखड़ा रहता है और अंतरे में मंगलसूत्र, भैंस, राम मंदिर, बाबरी ताला अपनी सुविधा से लाते रहते हैं। लेकिन बुधवार को उनके अंतरे ने सभी को चौंका दिया। इस बार अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि अडाणी, अंबानी का नाम अब वो नहीं ले रहे हैं, क्या उनके पास बोरियों में काला धन पहुंच गया है। प्रधानमंत्री के तेलंगाना में दिए इस भाषण के बाद प्रतिक्रियाओं का ढेर लग गया और सबमें लगभग एक जैसी ही राय दिखी कि क्या अब नरेन्द्र मोदी पर हार का डर इतना हावी हो गया है कि वे अडाणी-अंबानी के बारे में कह रहे हैं उन्होंने कांग्रेस की मदद की है।

दस सालों में प्रधानमंत्री मोदी को मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी के साथ नजदीकी संबंध निभाते तो कई बार देखा गया, लेकिन इस दौरान विपक्ष ने जब भी सवाल उठाए कि देश की सार्वजनिक संपत्ति, सारे संसाधनों पर केवल दो लोगों को हक क्यों दिया जा रहा है। विकास का ये कौन सा गुजरात मॉडल है। आखिर श्री मोदी इन दो उद्योगपतियों पर इतने मेहरबान क्यों हैं। तो इन सवालों का कोई जवाब नरेन्द्र मोदी ने नहीं दिया। उन्होंने दावा किया था कि काला धन वापस ले आएंगे और नोटबंदी का मकसद भी यही था। लेकिन अब वे कह रहे हैं कि इन उद्योगपतियों से कांग्रेस को काला धन मिला है। यानी प्रधानमंत्री मोदी अपनी विफलता के साथ-साथ देश की जांच एजेंसियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठा गए।

इलेक्टोरल बॉंड के साथ शुरु हुए इस बार के चुनावी सफर में अब वो मुकाम आ गया है जहां नरेन्द्र मोदी अडाणी-अंबानी को अपने भाषण का हिस्सा बना रहे हैं। इस सफर में अभी कई मोड़, कई ऊंचे-नीचे रास्ते आना बाकी हैं। देखना होगा कि श्री मोदी के भाषणों में कांग्रेस और गांधी परिवार की आलोचना के अलावा जनता से जुड़े मुद्दे भी शामिल होते हैं या उनके सियासी सुर एक ही मुखड़े पर अटके रहेंगे।

# उड़ीसा में राजनीति एक दिलचस्प मोड़ पर

■ सुशील कुट्टी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन राजनेताओं पर भी हंसते हैं जिनके बारे में आप कभी सोच भी नहीं सकते। उदाहरण के लिए, ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, जोगोलार्ध के सबसे शांत राजनेता हैं, और मोदी को दूर-दूर तक उनसे कोई खतरा नहीं। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को वह एक प्रतिद्वंद्वी दिखाई देते हैं, तब भी जब वह अपने काम से काम रखते हैं और बड़े पैमाने पर काम कर रहे होते हैं।

लेकिन अब समय आ गया है कि पटनायक मोदी के डाले चारे पर जागें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद को चतुर मानकर पटनायक को फंसाने का चारा डाल रहे थे। 6 मई को एक चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी अचानक उठे और घोषणा की कि पटनायक के शासन के दिन अब गिनती के शेष हैं। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि ओडिशा में एक ऐसा मुख्यमंत्री होना चाहिए जो उड़िया और ओडिशा संस्कृति को जानता हो।

ओडिशा के लोग इस बात पर मतदान करेंगे कि नवीन पटनायक को एक और कार्यकाल मिलना चाहिए या नहीं, और जो गुजराती भाषी प्रधानमंत्री के लिए एक समस्या है। मोदी ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का नाम नहीं लिया, जो एक सुसंस्कृत व्यक्ति का होता। मोदी ने बिना नाम लिए शर्मसार करने का फैसला किया। क्या प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री पटनायक से डरे हुए हैं? वह कारण सहित भी हो सकता है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक प्रधानमंत्री के तरकश के तीरों से परे हैं - केंद्रीय जांच एजेंसियों के लिए पहुंच से बाहर।

अब समय आ गया है कि पटनायक मोदी के डाले चारे पर जागें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद को चतुर मानकर पटनायक को फंसाने का चारा डाल रहे थे। 6 मई को एक चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी अचानक उठेऔर घोषणा की कि पटनायक के शासन के दिन अब गिनती के शेष हैं। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि ओडिशा में एक ऐसा मुख्यमंत्री होना चाहिए जो उड़िया और ओडिशा संस्कृति को जानता हो।

पीएम मोदी ने अपने पूर्व सहयोगी के खिलाफ अनपेक्षित आरोप लगाये और मीडिया ने इसे 'मोदी द्वारा नवीन पटनायक पर निशाना साधना' कहा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'ओडिशा को एक ऐसे मुख्यमंत्री की जरूरत है जो उड़िया भाषा और संस्कृति को समझता हो।' क्या यह 'पोलोमेनिया' का मामला है? मोदी द्वारा ओडिशा के बरहामपुर में संबोधित की जा रही एक राजनीतिक रैली के दौरान ये 'कंटीली टिप्पणियां' की गईं। मोदी का कहना है कि भाजपा10 जून को ओडिशा में सरकार बनायेगी। पटनायक के राज्य में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव एक साथ हो रहे हैं।

पिछली बार सुना था, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक नींद में भी उड़िया बोल सकते हैं। क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उड़िया संवेदनाओं को ठेस पहुंचाई है? इसका जवाब 4 जून के पैकेज डील में होगा, पटनायक का कहना है कि वह ओडिशा के मतदाताओं के साथ हस्ताक्षर करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि ओडिशा उनकी मुट्ठी में है और 4 जून को पटनायक को सेवानिवृत्ति दे दी जायेगी। पटनायक हंस नहीं रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुटकुले मजाकिया नहीं हैं। गेंद मतदाता के पाले में है और पलटवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर होगा।

सवाल यह है कि क्या मोदी ठुड्डी पर पलटवार कर सकते हैं? पटनायक के शीर्ष सहयोगी वीकेपांडियन, जो तमिल हैं लेकिन उड़िया संस्कृति के जानकार हैं, ने खुद पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री से पूछा कि वह क्या सोचते हैं कि मोदी दिन-ब-दिन मजाकिया होते जा रहे हैं? हालांकि उन्होंने इतने शब्दों में नहीं कहा। मुख्यमंत्री पटनायक ने मोदी पर पलटवार किया और पांडियन को आश्वासन दिया कि मोदी को चिंता करने की जरूरत नहीं है, बीजद ओडिशा की अगली सरकार बनायेगी और मोदी 'इच्छाधारी सोच' को रोक सकते हैं।

पटनायक ने पांडियन से कहा, 'भाजपा कई दिनों से दिवास्वप्न देख रही है।' पांडियन ने कहा, 'नवीन पटनायक 9 जून को एएम 11.30 बजे से पीएम 1.30 बजे के बीच लगातार छठी बार ओडिशा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे।' ऐसा प्रतीत होता है कि 'विजय कुमार' पांडियन को समय की समझ है और पीएम मोदी को अब ठीक-ठीक पता है कि पांडियन ने एएम से पीएम तक किस प्रकार उन्हें झांसा दिया। मोदी जैसे कामकाजी व्यक्ति को वीके पांडियन के रूप में अपने मुकाबले का आदमी मिला है।

मोदी ने पहले 'संसाधन संपन्न ओडिशा' में व्याप्त गरीबी के लिए बीजद और कांग्रेस दोनों को लताड़ा था। अपने अनूठे अंदाज में, मोदी ने दोनों पार्टियों पर ओडिशा के संसाधनों की व्यवस्थित लूट का आरोप लगाया: 'कांग्रेस पर लगभग 50 वर्षों तक, और बीजेडी लगभग 25 वर्षों तक। ओडिशा में उपजाऊ भूमि, खनिज संसाधन, समुद्री तट, बेरहामपुर जैसा एक व्यापार केंद्र है। संस्कृति, विरासत और क्या नहीं, ओडिशा में सब कुछ है। फिर यहां के लोग गरीब क्यों हैं, इस पाप के लिए कौन जिम्मेदार है? इसका जवाब है कांग्रेस और बीजेडी के छोटे नेता बड़े बंगलों के मालिक बन गये हैं।'

पटनायक सरकार के खिलाफ मोदी का हमला बंद नहीं हुआ। मोदी ने पटनायक पर केंद्रीय धन का उपयोग करने में विफल रहने का आरोप लगाया। 'मोदी ने 3.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक दिए, लेकिन आप जानते हैं कि केवल बजट से काम सुनिश्चित नहीं होगा। बीजेडी ने स्कीमों को लागू नहीं किया और भ्रष्टाचार किया। बीजेडी अपना स्टीकर लगाती है और श्रेय लेती है। वे खुद कुछ नहीं कर सके, 'मोदी ने अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कहा, '4 जून आपकी एक्सपायरी डेट है... 4 जून को भाजपा के सीएम चेहरे की घोषणा की जायेगी। 10 जून को शपथ ग्रहण समारोह होगा। मैं आप सभी को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित करता हूं।'

इससे पहले वीके पांडियन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपनी जुबान खोली थी। मोदी और पांडियन दोनों ने एक-दूसरे को बता दिया है कि कब कहां होना है? यह अब मजाकिया नहीं है। पांडियन और मोदी दोनों इस बात को लेकर बेहद गंभीर हैं कि ओडिशा में अगली सरकार कौन बना रहा है। यह अब इच्छाधारी सोच नहीं है। अब भाजपा दिवास्वप्न नहीं देख रही है। दोनों पार्टियां 4 जून के नतीजे से लड़ने के लिए तैयार हैं, चाहे कुछ भी हो। वीके पांडियन के 'नवीन पटनायक लगातार छठी बार ओडिशा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे - 9 जून को सुबह 1.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक। उतना ही आश्वस्त जितना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब वह कह रहे थे 'मैं आप सभी को 10 जून को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित करता हूं।'

**पावन प्रसंग**

## ज्ञान के लिए चित्त की शुद्धि आवश्यक

परमहंस देव साधु व विद्वानों के सत्संग समागम में विशेष अभिरुचि लेते थे। उनसे मिलने केशवचंद सेन, ईश्वरचंद्र जैसे महान विद्वान प्रायः आया करते थे। महात्मा विजयकृष्ण गोस्वामी जैसे उच्चकोटि के साधु उनके दर्शन को अपना सौभाग्य समझते थे। श्री रामकृष्ण देव अपनी वार्ता में अध्यात्मदर्शन एवं अनुभूतियों की बड़ी मौलिक एवं गूढ़ बातें जब प्रकट करते, तो सभी को परम आश्चर्य होता। वे सभी सोचने लगते कि इन्होंने तो कुछ विशेष पढ़ा-लिखा भी नहीं है, फिर इतने गूढ़ ज्ञान की बातें भला ये कैसे कर पाते हैं? उत्तर में दक्षिणेश्वर के ये संत बस मुस्करा देते और मोहक हास्य के साथ कहते, सारा ज्ञान मां अंदर से ठेलती है। ऐसे ही एक वार्ता प्रसंग में उन्होंने केशवचंद्र सेन से कहा था- 'यथार्थ ज्ञान विवेक ज्ञान है, जो पढ़ने से नहीं, बल्कि चित्तशुद्धि से प्राप्त होता है।' युगावतार श्रीरामकृष्ण देव के शिष्य युगााचार्य स्वामी विवेकानंद का शास्त्र अध्ययन, धर्मदर्शन. साहित्य आदि विषयों का ज्ञान, उनका पांडित्य बहुत परिपक्व प्रगाढ़ था। भारी-भारी कलेवर वाले ग्रंथों को वे कुछ ही देर में पढ़ व समझ लेते थे। किशोरवय में ही उनकी विद्वता की प्रशंसा विश्व के महान दार्शनिक हर्वर्ट स्पेन्सर ने उनका एक लेख पढ़कर की थी। लेख एशियाटिक सोसायटी के जर्नल में प्रकाशित हुआ था। पढ़ना स्वामी जी को ऐसी आदत थी कि जब भी उन्हें समय मिलता कुछ न कुछ पढ़ा करते थे परन्तु जब से उनकी साधना सघन हुई, पढ़ना, बौद्धिक ज्ञान का अर्जन उनके लिए व्यर्थ होने लगा। एक समय परमहंस देव ने उनसे पूछा- नरेन, इतनी सारी किताबें पढ़कर तुम्हें कैसा लगता है? उत्तर में स्वामीजी ने उन्हें दोनों हाथ जोड़कर प्रणाम किया और बोले- ठाकुर आपकी कृपा से मुझे सब सच समझ में आ गया है। इतनी ढेर किताबें, पढ़कर, मुझे यह लगने लगा है कि अब मुझे कोई ऐसी गोली मिल जाए, जिसे खाकर मैं वह सब भूल सकूं, जो कि मैंने पढ़ रखा है, क्योंकि पढ़ने से बहुत सारी जानकारियां एकत्र की जा सकती हैं, ज्ञान नहीं, क्योंकि ज्ञान तो ध्यान का सुफल है। निष्काम कर्मयोग व्यक्ति को ध्यान के लिए पात्र बनाता है और ध्यान से उसे ज्ञान है। जीवन के अंतिम वर्षों में स्वामी जी अपने शिष्यों से कहा करते थे कि यदि पुनः मेरा बचपन वापस लौटे, फिर से मुझे पढ़ना पड़े तो मैं पढ़ने के स्थान पर एकाग्रता का अभ्यास सीखूंगा। इस एकाग्रता से ध्यान और फिर ध्यान से ज्ञान, क्योंकि ज्ञान के लिए आवश्यक है- चित्तशुद्धि। चित्त ज्यों-ज्यों निश्छल व निर्दोष होता जाता है, तदनुरूप उसमें विवेक ज्ञान व्यापक होता है। इसी के साथ दूर होती है- जीव की भ्रांतियां, भटकाव व अज्ञान का अंधेरा। जिसे यह विवेक ज्ञान मिला, उसके जीवन के सभी दुख दूर हो जाते हैं, क्योंकि विवेक ज्ञान ही दुख दूर करने का उपाय है। सद्गुरु सामान्य नहीं होते हैं, वे महाचेतना के शक्तिपुंज होते हैं, परमात्मा के प्रखर प्रतिनिधि होते हैं। स्वयं परमात्मा इनकी नियुक्ति करता है और उनकी भावी कार्ययोजना बनाता है। सद्गुरु भागवत योजना को लेकर धरती पर अवतरित होते हैं और कार्य को पूर्णता देकर पुनः वहीं भगवद्धाम वापस लौट जाते हैं। उनकी कार्य योजना में अपने शिष्य को खोजना, उसे गढ़ना और फिर उसे ढालना प्रमुख होता है। उन्हें सब कुछ योजना के अनुसार करना पड़ता है। उन्हें ही पता होता है कि वे क्या करते हैं और क्या करना है। उनके कार्य बढ़े अजब, अनूठे व निराले होते हैं। सामान्य ढंग से न तो उसे समझा जा सकता है और न उसका अंदाजा ही लगाया जा सकता है।

गुरु का हर कार्य अनोखा और अद्भुत होता है। उनका प्रेम शिष्य का परिष्कार कर उसे प्रेम के साधक बनाता है। शिष्य धुले और उसकी रस नाड़ियों में प्रेम का रस बहे। गुरु चाहते हैं। समर्थ गुरु की चाहत को पूरा करने का साहस समर्पित शिष्य को जुटाना पड़ता है। उसे इस कार्य में अपने समस्त अस्तित्व के साथ गुरु की शरण में जाना पड़ता है।

**युग निर्माण योजना**

**आपके पत्र**

## महंगे सिलेंडर के कारण फिर से मिट्टी के चूल्हे जलाती महिलाएं

ऐसा लगता है कि गरीब मजदूर-किसानों के घरों को धुंआ मुक्त चूल्हा उपलब्ध कराने के उद्देश्य केंद्र सरकार ने जिस उज्ज्वला योजना की शुरुआत की थी वह महंगे गैस सिलेंडर की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। इस योजना के तहत जरूरतमंद परिवारों को मुफ्त एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए गए थे। इससे गरीब परिवारों विशेषकर महिलाओं के चेहरे पर खुशी देखते ही बनती थी। परंतु हर महीने रिफिलिंग में लगने वाले पैसों ने उनकी इस खुशी पर ग्रहण लगा दिया है। ऐसे में देश के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से बेहद कमजोर परिवार एक बार फिर से मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी, कोयले और अन्य जलावन से भोजन पकाने पर मजबूर हो गया है। जिस धुएं वाले चूल्हे से गरीब परिवार की महिलाओं को मुक्ति मिल गई थी, एक बार फिर से उन्हें उसी चूल्हे का रुख करना पड़ रहा है। उसी धुएं के बीच भोजन पकाना उनकी नियति बन गई है।

मिट्टी के चूल्हे पर जलावन से निकलते धुएं और चिंगारी के कारण झोपड़ीनुमा घरों में हर समय आग लगने की संभावना भी सबसे अधिक बनी रहती है। वहीं दूसरी ओर इससे निकलने वाला जानलेवा धुआं महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव डालता है। दरअसल पितृसत्तात्मक समाज ने सदियों से रसोई घर की ज़िम्मेदारी महिलाओं के कंधे पर डाल रखी है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में केवल खाना पकाना ही नहीं बल्कि जलावन के लिए लकड़ियों को इकठ्ठा करने की ज़िम्मेदारी भी महिलाओं की होती है। जिसके लिए प्रतिदिन उन्हें कई किमी दूर तक भी भटकना पड़ता है। जिन ग्रामीण क्षेत्रों में जंगल नहीं होते हैं वहां यह गरीब महिलाएं बड़े स्तर के किसानों और जमींदारों के खेतों से बड़ी कठिनाइयों से लकड़ियां इकट्ठी करती हैं। जिसके लिए इकट्ठी लकड़ियों का आधा हिस्सा उन्हें शुल्क के रूप में चुकाना होता है।

गरीबी इस कदर है कि घर के बूढे बुजुर्ग भी जलावन इकट्ठा करने निकलते हैं तब जाकर उनके घर का चूल्हा-चौका चलता है। 42 वर्षीय शिवझरी देवी कहती हैं कि- कई बार जलावन के लिए लकड़ियां काटते समय हाथ-पैर भी जखमी हो जाते हैं। कितने लोगों की आंखों में गहरी चोट लग जाती है। उन्हें इकट्ठा कर इतनी दूर से घर लाने में बहुत थकावट हो जाती है। कई बार बुखार भी लग जाता है परंतु दवाइयां खाकर भी जलावन काटने जाना पड़ता है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत 2026 तक 75 लाख 18 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग की महिलाओं को देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बावजूद जानकारी के अभाव में लोकल वेंडर मनमाने ढंग से गैस की दर ले रहे हैं। जिसकी वजह से गरीब परिवार सिलेंडर भरवाने से खुद को असहाय महसूस करता है। अब यह सिलेंडर गरीब परिवारों में मिट्टी के चूल्हे के पास रसोई की चीजों को रखने का स्थान मात्र बन कर रह गया है।

उज्ज्वला योजना को लेकर सरकार की जवाबदेही बनती है कि वैसी महिलाओं को चिन्हित करें जो विधवा, लाचार, बेबस व मजदूर हैं जिन्हें दो वक्त की रोटी जुटाने के लिए दिन-रात एक करना पड़ता है। वैसी महिलाओं को पंचायत स्तर पर राशन के साथ-साथ जनवितरण प्रणाली की दुकान से ही सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित करानी चाहिए ताकि घर की महिलाओं के साथ साथ किशोरियों को भी स्कूल छोड़कर लकड़ी की व्यवस्था के लिए भटकना न पड़े।

**सिमरन सहनी, मुजफ्फरपुर, बिहार**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## तुर्की में एक मालवाहक विमान बिना पहिया खुले उतरा

**इस्तांबुल।** तुर्की के इस्तांबुल हवाई अड्डे पर बुधवार को एक मालवाहक विमान आपातकाल पहिया खुले बिना ही उतर गया। स्थानीय मीडिया एनटीवी ब्रॉडकास्टर ने यह जानकारी दी। इस घटना में किसी के हताहत होने की रिपोर्ट नहीं है। एनटीवी ब्रॉडकास्टर ने बताया कि यह घटना बुधवार स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 8:30 बजे हुई, जब फेडएक्स एयरलाइंस के बोइंग 763 का फ्रंट लैंडिंग गियर खुलने में विफल रहा। ब्रॉडकास्टर द्वारा प्रसारित एक वीडियो में विमान को रनवे पर बिना पहिया के उतरते हुए दिखाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग के अधिकारी और स्वास्थ्यकर्मी घटनास्थल पर पहुंच गये। घटना की जांच के लिए विशेषज्ञों को नियुक्त किया गया था।

# देश विदेश

# रफा हमले से पहले हमास युद्धविराम के मसौदे पर सहमत नहीं था : अमेरिका



**वाशिंगटन,** 8 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी सरकार ने उन रिपोर्टों का खंडन किया, जिसमें कहा गया कि इजरायली सेना के रफा शहर में सैन्य अभियान शुरू करने से कुछ समय पहले हमास ने युद्धविराम के प्रस्ताव पर सहमति जताई थी। वाशिंगटन में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हमास ने युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया। हमास ने जवाब दिया और अपनी प्रतिक्रिया में कई सुझाव दिए। यह स्वीकार करने जैसा नहीं है। मैथ्यू मिलर ने बताया कि चर्चा का मसौदा अप्रैल के अंत में किया गया एक प्रस्ताव था। उन्होंने कहा कि यह वह प्रस्ताव है जो टेबल पर था। ऐसा लगा कि हमास ने उस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। लेकिन ऐसा नहीं है। इजरायली सेना ने मंगलवार को कहा कि उसने गाजा पट्टी के दक्षिण में रफा सीमा पार करने वाले फ़िलिस्तीनी हिस्से पर रातों रात नियंत्रण कर लिया है। रफा गाजा पट्टी का आखिरी शहर है, जहां इजरायली सेना इससे पहले नहीं गई थी।हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को दक्षिण इजरायल पर हमला किया था, जिसमें लगभग 1,200 लोगों की मौत हो गई थी और लगभग 200 लोगों को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इजरायल की सेना ने गाजा में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया।

### इजरायल को हथियारों की आपूर्ति में अमेरिका कर रहा देरी

**वाशिंगटन।** दक्षिणी गाजा के रफा शहर पर इजरायल के हमले से नाराज अमेरिकी प्रशासन इजरायल को हथियारों की आपूर्ति में देरी कर रहा है। अमेरिकी मीडिया में यह जानकारी समाने आ रही है। वाशिंगटन पोस्ट ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि बाइडेन प्रशासन ने इजरायल को दी जाने वाली दो हथियारों की खेप की आपूर्ति पर रोक लगा रखी है। अधिकारी के अनुसार यह रोक इजरायल को यह स्पष्ट संदेश है कि राफा में उसके द्वारा किये गये पूरी तरह से गैर नियोजित हमले को लेकर अमेरिकी प्रशासन गंभीर रूप से चिंतित है। अमेरिका का मानना है कि इस हमले से राफा में मृतकों की संख्या में न केवल इजाफा होगा बल्कि इस क्षेत्र में मानवीय आपदा और भी बढ़ेगी। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी से जब प्रशासन के फैसले की पुष्टि करने के लिए कहा गया, तो उन्होंने कहा कि मैंने इस पर प्रेस रिपोर्टिंग देखी है। मैं केवल इतना कह सकता हूं कि अमेरिका का इजरायल की सुरक्षा के लिए समर्थन बरकरार है। राफा, मिस्र की सीमा से सटे गाजा पट्टी के दक्षिणी छोर पर स्थित है, जहां 14 लाख फिलिस्तीनी शरणार्थी हैं और जब से इजरायल ने हमास के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया है तब से यह इलाका मानवीय मदद के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। गौरतलब है कि इजरायली रक्षा बलों ने मंगलवार तड़के एक बयान में कहा कि उसके सैनिक हमास के खिलाफ रात भर चले सटीक आतंकवाद विरोधी अभियान के बाद राफा क्रॉसिंग के गज़ान पक्ष पर परिचालन नियंत्रण स्थापित करने में कामयाब रहे।

# सिखों के लिए पाकिस्तान के दरवाजे खुले हैं : राजदूत

**वाशिंगटन,** 8 मई (एजेंसियां)। अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत मसूद खान ने बुधवार को कहा कि सिखों के लिए उनके देश के दरवाजे खुले हैं तथा पाकिस्तानी सरकार और यहां के लोग सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को अच्छी तरह से समझते हैं। श्री खान ने वाशिंगटन स्थित पाकिस्तानी दूतावास में अमेरिकी पंजाबी सोसायटी के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार ने विभिन्न धर्मों के लोगों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए धार्मिक पर्यटन के संबंध में अपनी वीजा नीति को भी सरल बनाया है। राजदूत ने सिख समुदाय को सुविधा जारी रखने के सरकार के संकल्प की पुष्टि की और साथ ही कहा कि उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को उनकी वीजा प्रक्रिया और पाकिस्तान यात्रा के दौरान सिख प्रतिनिधिमंडल को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर अमेरिकी पंजाबी सोसाइटी के अध्यक्ष गैरी सिक्का ने श्री खान को बताया कि उनके फोरम में करीब एक लाख सदस्य हैं। इनमें से कुछ पाकिस्तान से हैं। उन्होंने बताया कि संस्था का 115 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आगामी दिनों में



पाकिस्तान का दौरा करेगा। यह समूह लाहौर, फैसलाबाद, इस्लामाबाद और करतारपुर सहित विभिन्न धार्मिक स्थानों की यात्रा करेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कई धार्मिक स्थलों का घर है, जो सिख समुदाय के लिये पवित्र हैं। इन स्थलों पर हर साल दुनिया भर से हजारों सिख दौरा करते हैं। पिछले महीने, खालसा जन्म दिवस और बैसाखी समारोह में शामिल होने के लिये भारत से लगभग 2,400 सिख तीर्थयात्री वाघा सीमा के माध्यम से पाकिस्तान पहुंचे।

## सुडोकू 6549

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 9 | 3 | | | | | 2 |
| | 5 | | | | 4 | | | 3 |
| | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | | | |
| | 6 | | | | 7 | | | |
| | | 4 | | | | 3 | | |
| | | | 8 | | | | 1 | |
| | | | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | |
| 8 | | | 4 | | | | 3 | |
| 9 | | | | | 3 | 8 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 9 मई , 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 1**

### राशिफल

मेष - आज आपको आर्थिक मामलों और लेन-देन के मुद्दों में सतर्क रहने की जरुरत है। विवाद से बचें अन्यथा परिवार के सदस्यों के साथ कलह हो सकता है। खाने-पीने में सावधानी रखें। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

वृषभ - आपका आज का दिन लाभकारी होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आज आप काफी स्वस्थ रहेंगे। पूरे वक्त ताजगी का अनुभव करेंगे। आप अपनी कलात्मकता का उपयोग कर पाएंगे। आर्थिक योजना बना सकेंगे।

मिथुन - आज आपको अपने वाणी और व्यवहार में सावधानी रखने की जरुरत है। आपकी बातचीत से कोई गलतफहमी न हो, उसका ध्यान रखें। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है और विशेषकर आंखों में तकलीफ हो सकती है।

कर्क - आज का दिन आपके लिए लाभदायक साबित होगा। नौकरी और व्यवसाय में अनुकूल परिस्थितियां होंगी। धन लाभ होने की संभावना है। मित्रों, विशेष कर महिला मित्रों से लाभ होगा।

सिंह - आज आपके सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। व्यवसाय के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। पदोन्नति होगी। उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि आप पर बनी रहेगी। सभी ओर आपका प्रभुत्व और प्रभाव बढ़ेगा।

कन्या - आज का दिन आपके लिए शुभ है। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ का प्रवास आनंददायक रहेगा। धार्मिक काम या तीर्थ यात्रा होगी। मित्रों की तरफ से लाभ होगा।

तुला - आज किसी भी नए काम का आरंभ न करें। बोलते समय और व्यवहार में खूब संभलकर रहने की आवश्यकता है। गुप्त शत्रुओं के जाल में न फंसें, इसका ध्यान रखें। राग- द्वेष से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिक - आज आपको कुछ खास करने का मन करेगा। अपने लिए समय निकालने की इच्छा होगी। आप मित्रों के साथ बाहर घूमने जाने या भोजन करने का कार्यक्रम बनाएंगे।

धनु - आपका आज का दिन शुभ साबित रहेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यश-कीर्ति तथा आनंद की प्राप्ति होगी। परिजनों के साथ आनंद में समय व्यतीत होगा। विरोधियों और शत्रुओं पर विजय मिलेगी।

मकर - आज के दिन आपमें आलस्य और थकान रहने के कारण शारीरिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। मानसिक रूप से भी आपको चिंता सताएगी। व्यावसायिक क्षेत्र में भाग्य का साथ नहीं मिलेगा।

कुंभ - आपको अपने हठीले स्वभाव को छोड़ने की जरूरत है। अधिक भावुकता के कारण मन में अस्वस्थता का अनुभव होगा। सामाजिक रूप से सम्मान भंग न हो इसका ध्यान रखें।

मीन - आवश्यक निर्णय लेने के लिए आज का दिन शुभ है। रचनात्मकता में वृद्धि होगी। विचारों में स्थिरता तथा मन में दृढ़ता रहने से आप अपना काम बहुत अच्छी तरह से कर सकेंगे।


**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## गाजा में इजरायली बंधक की मौत : हमास

**गाजा,** 8 मई (एजेंसियां)। गाजा में एक इजरायली बुजुर्ग बंधक की मौत हो गई। हमास का कहना है कि उसे एन्क्लेव में अस्पतालों पर इजरायली हमलों के बीच इलाज नहीं मिला, जिस कारण उसकी मौत हो गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हमास की सशस्त्र शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने एक बयान में कहा कि गाजा पट्टी में हमलों में अस्पतालों के नष्ट होने के कारण बुजुर्ग महिला जूड़ी फेनस्टीन को गहन चिकित्सा देखभाल नहीं मिली, जिससे उसकी मौत हो गई। आधिकारिक इजरायली आंकड़ों के अनुसार, 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने दक्षिणी इजराइल पर हमला किया था। जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और लगभग 240 लोगों को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इजरायल की सेना ने गाजा में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया। रिपोर्ट के अनुसार, गाजा में इजरायली सेना के हमलों में 34,500 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 78,000 से अधिक घायल हुए हैं।

# बांग्लादेश में रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन

**ढाका,** 8 मई (एजेंसियां)। विश्वकवि एवं साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवीन्द्रनाथ टैगोर की 163वीं जयंती पर बंगलादेश में उनकी साहित्यिक विरासत का जश्न मनाते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। बंगाली कैलेंडर के मुताबिक श्री टैगोर की बुधवार को जयंती मनाई गई । बांग्लादेशियों के लिए श्री टैगोर का सबसे महत्वपूर्ण योगदान उनका राष्ट्रगान, आमार सोनार बांग्ला है। मूल रूप से 1905 में बंगाल के पहले विभाजन के दौरान रचित यह गान भूमि की प्रचुर सुंदरता, समृद्ध इतिहास और लचीले लोगों के प्रति प्रेम को अभिव्यक्त करता है। बंगलादेश में जिस समय पाकिस्तान से अपनी आजादी के लिए लड़ाई लड़ी गयी , उस दौरान मातृभूमि के प्रति प्रेम और स्वतंत्रता की खोज के विषयों के कारण अमर शोनार बांग्ला उनकी रैली का नारा बन गया तथा इसने देश को एकजुट करने वाली



ताकत के रूप में लोगों एकजुट किया। श्री टैगोर का काम

**■ महिलाओं के अधिकारों के हिमायती टैगोर उपनिवेशवाद के मुखर आलोचक थे**

सार्वभौमिक मानवीय भावनाओं की खोज है और पीढ़ियों से लोगों के लिए प्रासंगिक होने के कारण समय की कसौटी पर खरा उतरा है। उनकी कहानियाँ अक्सर प्रकृति की सुंदरता और उसके साथ मानवता के संबंधों का सूक्ष्मता से जश्न मनाती हैं। दूसरी ओर, उनका काम वर्ग असमानता, धार्मिक पूर्वाग्रह, कठोर जाति व्यवस्था और गरीबी जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी केंद्रित है। महिलाओं के अधिकारों के हिमायती श्री टैगोर उपनिवेशवाद के मुखर आलोचक थे। उन्होंने रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित किया, जिसका दुनिया भर में अभी भी अभाव है। उन्होंने 1921 में पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन में विश्वभारती विश्वविद्यालय की स्थापना की। कई बंगलादेशी वहां अपनी पढ़ाई करते हैं। अंतरसांस्कृतिक संवाद और बंगली भाषा पर विश्वविद्यालय के जोर से बंगाली संस्कृति को पनपने में मदद मिली। वर्ष 1913 में टैगोर साहित्य में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले पहले गैर-यूरोपीय बने। इस पुरस्कार ने बंगाली साहित्य को अंतर्राष्ट्रीय प्रशंसा दिलाई और टैगोर और उनकी प्रतिभा पर प्रकाश डाला। उनकी गीतांजलि यूनेस्को प्रतिनिधि कार्यों के संग्रह का हिस्सा है। बंगलादेश में आज भी श्री टैगोर की कविताएं साहित्यिक समारोहों में सुनाई जाती हैं।

## बिडेन प्रशासन ने इंटेल, क्वालकॉम का लाइसेंस रद्द किया

**वाशिंगटन,** 8 मई (एजेंसियां)। अमेरिका में बिडेन प्रशासन ने संचार प्रौद्योगिकी की दिग्गज कंपनी हुआवेई को सेमीकंडक्टर की आपूर्ति करने के लिए इंटेल और क्वालकॉम को दिए गए लाइसेंस को रद्द कर दिया है। फाइनेंशियल टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने कुछ निर्यात लाइसेंसों को रद्द करके, प्रभावित कंपनियों को सूचित किए बिना, लैपटॉप और मोबाइल फोन चिप्स तक हुआवेई की पहुंच को प्रभावित किया है। रिपोर्ट के मुताबिक वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि हम लगातार बदलते खतरे वाले माहौल और तकनीकी परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए आकलन करते हैं कि हमारे नियंत्रण हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के हितों की सर्वोत्तम रक्षा कैसे कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्वालकॉम ने टिप्पणियों का जवाब नहीं दिया है और इंटेल ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। अक्टूबर 2022 में बिडेन प्रशासन ने चीन में कंपनियों को उन्नत चिप्स के उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों और घटकों के निर्यात को सीमित करने के लिए नियम पेश किए।

# ब्राजील में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 90 हुई

**साओ पाउलो,** 8 मई (एजेंसियां)। दक्षिण ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में आए तूफान ने तबाही मचाई हुई है। बुधवार को बीते 24 घंटों में तूफान से पांच और लोगों की मौत हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर

**■ पिछले आठ दिनों में 200,000 से ज्यादा निवासियों को अपना घर छोड़ना पड़ा**


90 पहुंच गई। इसकी जानकारी राज्य की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने दी।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उरुग्वे और अर्जेंटीना की सीमा से लगे राज्य में रिकॉर्ड बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के चलते 132 लोग लापता हो गए और 361 घायल हो गए। पिछले आठ दिनों में 200,000 से ज्यादा निवासियों को अपना घर छोड़ना पड़ा। राज्य की नागरिक सुरक्षा एजेंसी के अनुसार, राजधानी पोर्टो एलेग्रे सहित राज्य के 497 शहरों में से 388 में 1.4 मिलियन से ज्यादा लोग आपदा से प्रभावित हुए हैं। शहर की 85 प्रतिशत से ज्यादा आबादी की पीने योग्य पानी तक पहुंच बंद हो गई है, जिसके चलते अधिकारियों को आपूर्ति में कटौती करनी पड़ी है। राज्य भर में 790 स्कूल बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और 388




को नुकसान पहुंचा है और अन्य 52 स्कूल लोगों को आश्रय दे रहे हैं, जिसके चलते कक्षाएं निलंबित कर दी गई हैं। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने आपदा स्थलों का दौरा किया और संघीय सहायता का वादा किया है।

## वर्ग पहेली 6549



**बायें से दायें:-**

१. ,समय सारिणी (टाईम टेबल)
४. तकलीफदेह
६. किसी वस्तु का टूटा हुआ भाग
७. राजा, हुकूमत करने वाला
८. परखने वाला, जांचने वाला
१०. रवैया,, रीति-रिवाज
११. शाश्वत, सत्य, नित्य ,अनादि, प्राचीन
१३. सुबह, भोर
१४. सशक्त, तीव्र
१५. दोष. ऐब, बुराई
१७. टिकना, ठहरना. स्थायी रूप से निवास करना
१९. समूह, संघ, तल, सभा, समिति, विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघटित सस्था, मिलना, एकत्र होना
२१. पानी में पैदा होने वाला
२३. नकल उतारने वाला (उर्दू)
२४. नकार देने या इंकार करने योग्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. वह स्थान जहां से यंत्रोंआदि की सहायता से ग्रहों आदि का पर्यवेक्षण किया जाता है
२. अशक्त होना, विवश होना, (मुहावरा)
३. कड़वी और अप्रिय बात
४. कठोरता
५. आंखों के सामने
९. कतराना, बचकर किनारे से निकल जाना (मुहावरा)
११. प्राणवान, जानदार
१२. युवक, जवान
१३. मांग, चाह, इच्छा(उर्दू)
१४. मूर्ति
१५. जिसका निवारण न किया जा सके, अदद, अत्यावश्यक
१६. पूज्य पुरुष, बड़ा, बुजुर्ग
१८. कामयाब
१९. विहान, भोर
२०. जन्मदाता
२३. चित्कार (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6548



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1502-क्रिस्टोफर कोलंबस ने स्पेन से अपने चौथे और आखिरी सफर की शुरुआत की। इस यात्रा के दौरान कोलंबस ने निकारागुआ, जमैका, क्यूबा जैसी जगहों की खोज की।
1540-राजस्थान के कुंभलगढ़ में महाराणा प्रताप का जन्म हुआ। वे मेवाड़ के 54वें राजा थे।
1653-विश्वविख्यात ऐतिहासिक इमारत और दुनिया के अजूबों में शुमार ताजमहल का निर्माण 22 वर्ष के निरंतर परिश्रम के बाद पूरा हुआ।
1689-अंग्रेज शासक विलियम तृतीय ने फ्रांस के साथ युद्ध की घोषणा की।
1866-महान नेता, समाज सुधारक एवं विचारक गोपाल कृष्ण गोखले का जन्म।
1874-बंबई (अब मुंबई) में पहली बार घोड़े से खींची जाने वाली ट्राम कार शुरू हुई।
1901-ऑस्ट्रेलिया की पहली संसद मेलबर्न में शुरू की गई।
1946-डॉ. राम मनोहर लोहिया की अगुआई में गोवा में पुर्तगाल के शासन के खिलाफ पहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू हुआ।
1947-वैश्विक वित्तीय संस्था विश्व बैंक ने अपना पहला ऋण फ्रांस को दिया। दूसरे विश्व युद्ध के बाद पुनर्निर्माण के लिए फ्रांस ने 50 करोड़ डालर का कर्ज मांगा था और 1944 में स्थापित विश्व बैंक ने उसे इससे आधा अर्थात 25 करोड़ डालर का कर्ज दिया।
1955-पश्चिम जर्मनी नाटो का सदस्य बना और फ्रांस स्थित नाटो मुख्यालय में जर्मनी का ध्वज फहराया गया।
1960-अमेरिका के खाद्य और औषधि प्रशासन ने पहली गर्भनिरोधक गोली को मंजूरी दी।
1975-पहली विद्युत टंकण मशीन बनायी गयी।

**आदेश** *कोर्ट ने दो मई को दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था*

# इस्लामाबाद हाइकोर्ट ने बुशरा बीबी को अदियाला जेल भेजने का दिया आदेश

**इस्लामाबाद, 8 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को बानीगाला उप जेल से अदियाला जेल में भेजे जाने का आदेश जारी किया। न्यायाधीश मियां गुल हसन औरंगजेब ने बुशरा बीबी की ओर से अदियाला जेल में स्थानांतरित करने की मांग वाली याचिका पर सुरक्षित फैसला सुनाया - जहां उनके पति वर्तमान में कैद हैं। कोर्ट ने दो मई को दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। जेल अधीक्षक ने कहा था कि वह बुशरा बीबी को सुरक्षा कारणों के कारण और जेल** में पहले से ही अधिक भीड़ होने के कारण अदियाला जेल में नहीं रख सकते। अदालत ने बुशरा बीबी के आवास बानी गाला को उप-जेल घोषित करने वाली अधिसूचना को भी अमान्य और शून्य घोषित कर दिया। बुशरा को कुख्यात तोशखाना मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद 31 जनवरी को बानीगाला स्थित उनके आवास पर नजरबंद कर दिया गया था। अदियाला जेल अधीक्षक के अनुरोध पर अधिकारियों ने पूर्व प्रथम महिला को कैद करने के लिए बानीगाला निवास को उप-जेल घोषित कर दिया था। छह फरवरी को बुशरा बीबी ने मामले में 14 साल की सजा काटने के लिए उन्हें बानीगाला में कैद करने के अधिकारियों के कदम को चुनौती दी थी। याचिका में, श्री खान की पत्नी ने कहा कि पार्टी के




अन्य राजनीतिक कार्यकर्ताओं की तरह, वह अपने आवास पर घोषित उप-जेल की बजाय अदियाला जेल में साधारण जेल परिसर में अपनी सजा काटने के लिए तैयार और इच्छुक हैं। इसके अलावा, पूर्व प्रथम महिला को संभावित सुरक्षा मुद्दों के कारण उप-जेल के परिसर में अकेले कैद में रहना असुरक्षित महसूस हुआ। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक की पत्नी ने कहा था कि उनके साथ किया गया विशेष व्यवहार संविधान के तहत प्रदत्त समानता की भावना के खिलाफ है और परिणामस्वरूप भेदभावपूर्ण है। याचिकाकर्ता ने अदालत से अनुरोध किया था कि उसके घर को उप-जेल घोषित करने की अधिसूचना को रद्द कर दिया जाए और उन्हें अदियाला जेल में स्थानांतरित कर दिया जाए। तोशखाना से सरकारी उपहारों की अवैध बिक्री से संबंधित मामले में जब जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश मुहम्मद बशीर ने फैसला सुनाया, तो बुशरा बीबी और श्री खान को 14-14 साल की जेल की सजा सुनाई गई। अदालत ने दंपती पर 1.57 अरब रुपये यानी प्रत्येक पर 78.7 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री को सार्वजनिक पद संभालने के लिए 10 साल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया।

## दुनिया को जानें

### पूर्वी म्यांमार में 10.5 लाख नशीली गोलियां जब्त

**यांगून,** 8 मई (एजेंसियां)। म्यांमार की पुलिस ने पूर्वी म्यांमार के शान प्रांत में 15 लाख नशीली गोलियां जब्त की है। सेंट्रल कमेटी फॉर ड्रग एब्यूज कंट्रोल (सीसीडीएसी) की ओर से जारी बयान के अनुसार खुफिया जानकारी के आधार पर छेड़े गये अभियान के दौरान पुलिस ने नॉन्गकियो टाउनशिप में एक ट्रक को रोका और तलाशी ली। ट्रक में भारी मात्रा में रखी गयी नशीली गोलियां जब्त कीं। मौके से भागने के लिए प्रयासरत ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया , लेकिन ट्रक नवांघकिओ-यात्सौक रोड के पास एक खड्ड में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जब्त दवाओं की कीमत लगभग 75 करोड़ क्याट है। शुरुआती जांच में पता चला है कि नशीली दवाइयों को शान प्रांत से मांडले क्षेत्र में ले जाया जा रहा था।



# प्रादेशिकी

## राहुल संविधान की कॉपी लेकर चलते है लेकिन उसे पढ़ते-लिखते नहीं हैं : नड्डा

**शिमला,** 8 मई (देशबन्धु) । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज बुधवार को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित किया और कांग्रेस की तुष्टिकरण एवं सनातन विरोधी राजनीति पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पन्ना प्रमुख उपस्थित थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बाकी सभी पार्टियों ने विचारधारा के साथ समझौता किया लेकिन भाजपा जन संघ के रूप में अपनी स्थापना से लेकर आज तक अपनी विचारधारा पर अडिग रही। हम आजादी के बाद से ही एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेगा-नहीं चलेगा के लिए संघर्षशील रहे।

# वनाग्नि को लेकर धामी की बड़ी कार्रवाई, 10 निलंबित 7 को नोटिस

## जंगलों में लगी आग, एक बड़ी समस्या और चुनौती : मुख्यमंत्री

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 8 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड राज्य में इन दिनों वनाग्नि, चारधाम यात्रा और पेयजल आपूर्ति एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इन चुनौतियों से पार पाने को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुपालन की न सिर्फ जानकारी ली, बल्कि वनाग्नि पर लगाम लगाने, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने और चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर तमाम जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान सीएम ने वनाग्नि की घटना में लापरवाही बरतने वाले 17 अधिकारियों और कर्मचारियों के सस्पेंशन के आदेश दिए हैं। 10 लोगों को निलंबित किया है, 5 लोगों को संबद्ध और 2 अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### ■ जिम्मेदार अधिकारियों को फील्ड में जाने के निर्देश



बैठक के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश के जंगलों में लगी आग, एक बड़ी समस्या और चुनौती बनी हुई है। इसकी समीक्षा के दौरान जिम्मेदार अधिकारियों को फील्ड में जाने को निर्देश दिए गए थे। ऐसे में अधिकारी फील्ड में जाकर वहां से काम कर रहे हैं। बैठक के दौरान अधिकारियों ने जो रिपोर्ट रखी है, उसके अनुसार वनाग्नि आधी से भी कम हो गई है। वनाग्नि की रोकथाम के लिए सभी जिलाधिकारियों और शासन के आला अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वो इसकी लगातार मॉनिटरिंग करें। सीएम ने कहा कि जो लोग वनाग्नि की घटनाओं को कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो। साथ ही जिन लोगों ने अपने कामों में लापरवाही बरती है, उनको सस्पेंड किया गया है। वनाग्नि को लेकर अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जा रही है।

उत्तराखंड चारधाम यात्रा का इंतजार उत्तराखंडवासियों समेत देश भर के लोगों को रहता है। ऐसे में चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई है, ताकि चारधाम यात्रा सही ढंग से संचालित हो। यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की कोई दिक्कत ना हो। श्रद्धालु उत्तराखंड से एक अच्छा संदेश लेकर जाएं, इसके लिए तमाम उपायों पर चर्चा की गयी है। साथ ही सीएम ने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि चारधाम यात्रा धार्मिक यात्रा है। ऐसे में सभी लोग यात्रा के नियमों का जरूर पालन करें। प्लास्टिक का इस्तेमाल न करके सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखें।

### पेयजल की समस्या को लेकर संवेदनशील हो पेयजल विभाग

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आपदा विभाग की भी समीक्षा बैठक की गई है। प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के चलते मुख्य रूप से भूस्खलन, आपदा, अतिवृष्टि, बर्फबारी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इन सभी के साथ सड़कों की व्यवस्था और पेयजल आपूर्ति की समीक्षा की गई है। हर साल पेयजल किल्लत की समस्या का सामना करना पड़ता है। लोगों को लंबी लंबी लाइनें लगाकर पानी लेने का इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में पेयजल विभाग को निर्देश दिए हैं कि जनता को पेयजल के लिए दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

## जयराम ने अहंकार में आकर विधानसभा में भगवान को चुनौती दी : सुक्खू

**शिमला,** 8 मई (देशबन्धु)। जिला कुल्लू के शमशी में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अहंकार में आकर विधानसभा में भगवान को चुनौती दी और कहा कि इस सरकार को भगवान भी नहीं बचा सकता। उन्होंने कहा कि पापियों का भगवान भी साथ नहीं देता है और आम आदमी का हित चाहने वाली प्रदेश सरकार को भगवान ने बचाया है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में क्रॉसवोटिंग करने के बाद छह बागी एक महीने तक प्रदेश से भागते रहे और एक महीने तक हिमाचल प्रदेश से बाहर रहे। हिमाचल प्रदेश लौटे तो सीआरपीएफ जवानों की सुरक्षा में, जो उन्हें नहीं बल्कि उनके ब्रीफ़केसों को सुरक्षा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का गणित कमजोर है, इसलिए वह बार-बार अपनी सरकार बनने का दावा कर रहे हैं। लेकिन वर्तमान राज्य सरकार अपना पांच वर्ष का कार्यकाल अवश्य पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि जनता की भावनाओं को ख़रीदने का प्रयास करने वाली भाजपा को जनता कभी माफ़ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की संस्कृति को कलंकित करने वालों को सबक़ सिखाने का वक्त आ गया है और प्रदेश की जनता ही लोकतंत्र को बचा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जयराम ठाकुर ने कंगना रणजीत के ख़िलाफ़ भी षडयंत्र रचा और उन्हें मंडी लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतार दिया। उन्होंने कहा कि कंगना अच्छी हीरोइन हैं, लेकिन उनके निर्देशक फ्लॉप हैं और फ़िल्म का फ्लॉप होना भी तय है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल कंगना के डायलॉग



### ■ जयराम ठाकुर का गणित कमजोर है, इसलिए वह बार-बार अपनी सरकार बनने का दावा कर रहे हैं

लिख रहे हैं और जयराम ठाकुर डायरेक्शन दे रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह राजनीति के हीरो हैं और उनकी जीत हो कर रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी विकास के नाम वोट मांग रही है और प्रदेश के मतदाता विकास को वोट देंगे। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने गाय के दूध का ख़रीद मूल्य 45 रुपए और भैंस के दूध का ख़रीद मूल्य 55 रुपए प्रति लीटर किया।

**सार संक्षेप**

### अयोध्या में उत्तराखंड भवन के निर्माण का रास्ता साफ

**देहरादून।** राम जन्मभूमि अयोध्या में राज्य अतिथि गृह के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। भूखण्ड के आवंटन से जुड़ी सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुए उत्तराखण्ड सरकार ने अयोध्या में आवंटित भूखण्ड की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली है। उत्तराखण्ड पहला राज्य है जिसने अयोध्या में राज्य अतिथिगृह के निर्माण के लिए भूखण्ड की रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी कर ली है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि सरकार अपने वायदे के अनुरूप जल्दी से जल्दी रामनगरी अयोध्या में अतिथि गृह का निर्माण करेगी ताकि रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आने वाले उत्तराखण्ड के श्रद्धालुओं को ठहरने के उचित सुविधा मिल सके। यह भूखण्ड राममंदिर से महज 7 किलोमीटर हवाई दूरी 3 किमी की दूरी पर स्थित है।

### मतदाताओं को जागरूक करने के उद्धेश्य से स्वीप गतिविधियां आयोजित

**केलांग।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति के मुख्यालय केलांग में पुराने विश्राम गृह के कैंपस में जिला स्तरीय रेड क्रॉस दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोकसभा चुनावों व विधानसभा उपचुनावों को मध्य नजर रखते हुए मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने वह मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत कई गतिविधियां भी जिला प्रशासन द्वारा आयोजित करवाई गई । जिला स्तरीय रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसाइटी एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। सहायक आयुक्त संकल्प गौतम ने मुख्य अतिथि वह विशेष रूप से मौजूद केंद्रीय व्यय पर्यवेक्षक सुरेश नंदनवर को खतग व टोपी पहनकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिए लोगों को निस्वार्थ भाव से आगे आना चाहिए और रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

### राजभवन में मनाया गया विश्व रेडक्रॉस दिवस

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला स्थित राजभवन में बुधवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी और प्रदेश रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने राज्यपाल एवं प्रदेश रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष शिव प्रताप शुक्ल तथा लेडी गवर्नर एवं प्रदेश रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्ष जानकी शुक्ल को रेडक्रॉस फ्लैग लगाए। इस वर्ष विश्व रेडक्रॉस दिवस का विषय 'मानवता को जीवित रखना' है। राज्यपाल ने रेडक्रॉस सोसाइटी के लिए अंशदान भी किया। राज्यपाल ने भारत रेडक्रॉस सोसाइटी हिमाचल प्रदेश के सभी सदस्यों और स्वयंसेवकों की प्रदेश में रेडक्रॉस आंदोलन को मजबूत करने के लिए किए जा रहे अथक प्रयासों की सराहना की।

### सुडोकू 6549 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 |
| 6 | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | 4 | 5 | 7 |
| 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 5 | 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 |
| 3 | 7 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 9 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 |

## अल्पमत में भाजपा सरकार, सैनी बहुमत साबित करें या फिर दें इस्तीफा : दुष्यंत

**हिसार,** 8 मई (एजेंसियां)। हरियाणा के पूर्व उप-मुख्यमंत्री एवं जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने बुधवार को कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों के सरकार से समर्थन वापस लेने के कारण प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार अल्पमत में हैं और नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री नायब सैनी को विधानसभा में बहुमत




साबित करना चाहिये या फिर मुख्यमंत्री पद से तुरंत अपना इस्तीफा देना चाहिये। श्री चौटाला बुधवार को हिसार में अर्बन एस्टेट स्थित अपने आवास पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार का बहुमत साबित करने के लिये जजपा राज्यपाल को पत्र लिखेगी।

उन्होंने कहा कि जजपा प्रदेश में भाजपा सरकार गिराने के पक्ष में है और इसके लिये समूचे विपक्ष का साथ देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि अब नेता प्रतिपक्ष भाजपा सरकार गिराने के लिए कदम उठाये। जजपा नेता ने कहा कि भाजपा सरकार को समर्थन देने वालों में से पांच विधायक कम हुये हैं। तीन निर्दलीय विधायकों ने सरकार से कल ही अपना समर्थन वापस लिया है और सत्ता पक्ष के मनोहर लाल खट्टर और रणजीत सिंह के रूप में दो विधायक पहले ही अपना इस्तीफा दे चुके हैं।

उन्होंने कहा कि निर्दलीय विधायकों द्वारा समर्थन वापस लेना भाजपा की कमजोरी को दर्शाता है। श्री चौटाला ने कहा कि मुख्यमंत्री हंस-हंस कर निर्दलीय विधायकों पर लेन-देन का आरोप लगा रहे हैं, इस पर उन्हें सबूत देना चाहिये। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार में ऐसे हालात कभी देखने को नहीं मिले थे। एक प्रश्न के उत्तर में श्री चौटाला ने यह भी कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पिछली सरकार के खिलाफ लाया गया था, न कि वर्तमान सरकार के खिलाफ लाया गया। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जजपा विधायक पार्टी में रहते हुये व्हिप का उल्लंघन नहीं कर सकते है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में राज्य सभा चुनाव के दौरान हिमाचल प्रदेश में कुछ विधायकों ने व्हिप का उल्लंघन किया था, विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी सदस्यता रद्द कर दी थी।

## हाईकोर्ट से विधानसभा से अपना इस्तीफा देने वाले निर्दलीय विधायकों को नहीं मिली राहत

**शिमला,** 8 मई (देशबन्धु)। प्रदेश हाईकोर्ट से विधानसभा से अपना इस्तीफा देने वाले निर्दलीय विधायकों को कोई राहत नहीं मिली। हाईकोर्ट ने निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे मंजूर करने से इंकार करते हुए स्पष्ट किया कि कोर्ट विधानसभा सदस्यों के इस्तीफे स्वीकार करने की शक्तियां नहीं रखता। मुख्य न्यायाधीश एम एस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने इस मुद्दे पर सहमति जताते हुए यह फैसला सुनाया। प्रार्थियों ने कोर्ट से विधानसभा स्पीकर को तय समय सीमा के भीतर उनके इस्तीफे मंजूर करने की गुहार के आदेशों की गुहार भी लगाई थी। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि कोर्ट विधानसभा स्पीकर को इस तरह के निर्देश नहीं दे सकता। न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ ने इस मुद्दे पर भिन्नता दिखाते हुए विधान सभा स्पीकर को दो सप्ताह के भीतर निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे मंजूर करने पर उचित निर्णय लेने के आदेश जारी किए। खंडपीठ में इस मुद्दे पर सहमति न होने के कारण खंडपीठ ने इस मुद्दे पर





निर्णय हेतु तीसरे न्यायाधीश के पास सुनवाई के लिए मामला रखने का आदेश पारित किया। अब तीसरे न्यायाधीश के फैसले पर यह निर्भर करेगा कि विधानसभा स्पीकर को इस्तीफे मंजूर करने संबंधी आदेश कोर्ट द्वारा जारी किए जा सकते हैं या नहीं। मुख्य न्यायाधीश एम एस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ के समक्ष इस मामले पर सुनवाई हुई थी। गौरतलब है कि तीन निर्दलीय विधायकों ने उनके इस्तीफे मंजूर न करने के खिलाफ याचिका दायर की थी। विधानसभा स्पीकर ने इस्तीफे मंजूर करने की बजाए पहले विधायकों पर बाहरी दबाव होने की जांच करना जरूरी समझा। इस दौरान इन विधायकों ने बीजेपी ज्वाइन कर कर ली और इस्तीफे बैक डेट से मंजूर करवाने के आदेशों की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी। निर्दलीय विधायकों का कहना था कि उन्होंने खुद जाकर स्पीकर के समक्ष इस्तीफे दिए, राज्यपाल को इस्तीफे की प्रतिलिपियां सौंपी, विधानसभा के बाहर इस्तीफे मंजूर न करने को लेकर धरने दिए और हाईकोर्ट तक का दरवाजा खटखटाया तो उन पर दबाव में आकर इस्तीफे देने का प्रश्न उठाना किसी भी तरह से तार्किक नहीं लगता और इसलिए इससे बढ़कर उनकी स्वतंत्र इच्छा से बड़ा क्या सबूत हो सकता है। प्रार्थियों का कहना था कि उनके इस्तीफे मंजूर न करने की दुर्भावना स्पीकर के जवाब से जाहिर है जिसके तहत उन पर दबाव में आकर राज्यसभा चुनाव के दौरान बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने के गलत आरोप लगाए गए हैं। प्रार्थियों का कहना था कि यदि स्पीकर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए उनके इस्तीफे मंजूर नहीं करता तो हाईकोर्ट के पास यह शक्तियां हैं कि वह जरूरी आदेश पारित कर उनके इस्तीफों को

# अब हाईवे पर नहीं चलेंगे ई रिक्शा और ई ऑटो



**हरिद्वार,** 8 मई (देशबन्धु)। ई रिक्शा व ई ऑटो को लेकर उच्च न्यायालय नैनीताल के महत्वपूर्ण आदेश के बाद एसपी यातायात ने ई रिक्शा यूनियन के साथ बैठक कर निर्देश दिये कि अब हाईवे पर ई रिक्शा व ई ऑटो नहीं चलेंगे और अगर ऐसा करते पाया गया तो ई रिक्शा सीज कर दिया जायेगा।

आज यहां पुलिस अधीक्षक यातायात पंकज गैरोला जनपद हरिद्वार द्वारा अपने कार्यालय स्थित सीसीआर में उच्च न्यायालय नैनीताल, उत्तराखण्ड के विचाराधीन याचिका (पीआईएल) 2024 अभिमन्यु भारद्वाज बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य योजित याचिका के क्रम में जनपद में संचालित ई-रिक्शा व ई-कार्ट को हाईवे एवं मुख्य मार्गो पर प्रतिबन्धित करने एवं शहरों के आन्तरिक सड़को में संचालन के लिए मार्ग निर्धारित करने सम्बन्धी अनुतोष मांगे जाने के क्रम में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा ई-रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने के उद्देश्य से ई रिक्शा के संचालन हेतु निम्न बिन्दुओ पर निर्णय लिये गये। उन्होंने कहा कि यदि कोई ई-रिक्शा हाईवे पर चलता है तो ई-रिक्शा को सीज किया जायेगा। सभी ई-रिक्शा चालको के पास सम्पूर्ण कागजात होने चाहिए जिसके लिए सभी ई-रिक्शा यूनियन के प्रधान को निर्देशित किया गया कि वह सभी अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझते हुये यूनियन के सभी ई-रिक्शा चालको निर्देशित करे कि उनके पास ई-रिक्शा सम्बन्धी सभी कागजात जैसे कृफिटनेस, डी एल, टैक्स व इन्श्योरेन्स पूर्ण होने चाहिए जिन ई-रिक्शा चालको के पास उक्त सभी दस्तावेज पूर्ण नही होगें उनके ई-रिक्शा को सम्बन्धित धाराओं में सीज किया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी ई-रिक्शा चालक व ई-रिक्शा यूनियन की होगी। उन्होंने कहा कि यदि जीरो जोन जैसे अपर रोड़ में अपने ई-रिक्शा चौकिंग के दौरान बिना पास के पाया जाता है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। सभी ई-रिक्शा पर रुट चार्ट व रेट लिस्ट चस्पा की जाए जिससे जनपद में आने वाले यात्री से किसी ई-रिक्शा चालक द्वारा मनमाना किराया न वसूला जाए। सभी ई-रिक्शा वर्तमान में लागू वनकृवे प्लान के अनुरुप ही चलाए जायेगे। यदि कोई ई-रिक्शा वन वे प्लान का पालन नही करता है तो उसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। यूनियन के साथ सहमति से शहर के आन्तरिक क्षेत्र में 16 रुटों का निर्धारण किया गया।


### ■ इनके लिए आंतरिक क्षेत्र में 16 रूटों का किया गया निर्धारण

## कांग्रेस प्रत्याशी आज से भरेंगे नामांकन मुख्यमंत्री और प्रदेशाध्यक्ष रहेंगे मौजूद : तोमर

**शिमला,** 8 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के सभी चारों प्रत्याशी कल यानी गुरुवार से नामांकन भरेंगे। आज यानी 9 मई को मंडी संसदीय सीट से पार्टी के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह नामांकन करेंगे उसके बाद सेरी मंच में शक्ति प्रदर्शन के माध्यम से विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी जिसमें सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू, पार्टी प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी पार्टी के मीडिया कॉर्डिनेटर जी.एस तोमर ने दी। आज ही यानी गुरुवार 9 मई को कांगड़ा- चंबा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार आनंद शर्मा भी दोपहर बाद 1 बजे नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उधर, हमीरपुर संसदीय सीट से 10 मई को पार्टी प्रत्याशी सतपाल रायजादा अपना नामांकन पत्र भरेंगे। जबकि 13 मई को शिमला संसदीय सीट से पार्टी प्रत्याशी विनोद सुलतानपुरी अपना नामांकन भरेंगे। नामांकन प्रक्रिया के दौरान शिमला के चौड़ा मैदान में एक विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी जिसमें सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू और पार्टी प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह मौजूद रहेंगी। इसके अलावा मंत्री व स्थानीय नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे। नामांकन प्रक्रिया के दौरान सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू और प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह व कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी और चंद्रशेखर भी सभी प्रत्याशियों के साथ मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मजबूती और मुद्दों के साथ चुनाव लड़ रही है। तोमर ने कहा कि भाजपा दस साल सत्ता में रहने के बाद भी मुद्दाविहीन पार्टी के रूप में कार्य कर रही है जबकि कांग्रेस पार्टी देश हित से जुड़े मुद्दों और स्थानीय मुद्दों के साथ मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है। भाजपा न तो आज महंगाई, बेरोजगारी और किसानों से जुड़े मुद्दों पर बात कर रही है और न ही महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बात कर रही है। भाजपा लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपनी हार निश्चित देखकर बौखलाहट में जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटका रही है।

### ■ आज मंडी सीट से विक्रमादित्य सिंह और कांगड़ा- चंबा सीट से आनंद शर्मा भरेंगे नामांकन

# चारधाम यात्रा के लिए उमड़े श्रद्धालु, पंजीकरण के लिए लंबी कतारें



**ऋषिकेश,** 8 मई (एजेंसियां)। चारधाम यात्रा को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु ऋषिकेश पहुंचने लगे हैं। पंजीकरण काउंटर पर श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी लाइनें लगी हुई है। प्रशासन ने भी व्यवस्थाओं को लेकर कमर कसी हुई है। वहीं चारधाम यात्रा को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ तीर्थनगरी में उमड़ पड़ी है। श्रद्धालु यात्रा को लेकर काफी उत्साहित नजर आए हैं। यात्रा पंजीकरण कार्यालय परिसर में हजारों श्रद्धालु ऑफलाइन पंजीकरण के लिए लाइन में लगे हुए देखे गए हैं। सुबह पांच बजे से ही पंजीकरण के लिए लाइन लगनी शुरू हो गई थी जो अभी तक लगातार लगी हुई है। श्रद्धालुओं के भीड़ को देखते हुए दर्जनों पुलिसकर्मी व्यवस्थाओं को बनाने में जुटे हैं। निगरानी के लिए खुद यात्रा के नोडल अधिकारी और एसपी देहात लोकजीत सिंह यात्रा पंजीकरण कार्यालय परिसर में मौजूद हैं।

### 31 क्विंटल फूलों से सजाया जाएगा गंगोत्री व यमुनोत्री धाम: मंदिर समिति

**उत्तरकाशी।** अक्षय तृतीय के पावन पर्व पर गंगोत्री तथा यमुनोत्री धाम के कपाट खोलने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गंगा व यमुना के मंदिर को रंग रोगन से भव्य रूप से सजाया गया है। गंगोत्री मंदिर 21 क्विंटल व यमुनोत्री मंदिर को 10 क्विंटल फूलों से सजाया जाएगा। इस बार गंगोत्री धाम में सुंदर प्रवेश द्वार भी बनाए गए हैं। श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि मंदिर की सजावट के लिए फूलकृपत्तियां गंगोत्री धाम पहुंच चुकी हैं। आज से मंदिर की फूलों से सजावट का कार्य शुरू हो जाएगा। शुक्रवार 10 मई को अक्षय तृतीय के पर्व पर गंगोत्री धाम में विशेष पूजा व अर्चना होगी। जिसके बाद मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ हेतु खोल दिए जाएंगे। वहीं, यमुनोत्री मंदिर समिति ने यमुनोत्री धाम को रंग रोगन से सजा कर तैयार कर लिया है। मंदिर समिति तथा पंच पंडा समिति ने भी कपाट खोलने की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यमुनोत्री मंदिर समित के पूर्व उपाध्यक्ष पवन उनियाल ने बताया कि अक्षय तृतीय के पर्व पर सुबह यमुना के मायके से शनिदेव की अगुआई में मां यमुना की डोली शीतकालीन निवास खरसाली से रवाना होगी। इस बार होमगार्ड के बैंड भी डोली यात्रा की अगुआई करेंगे।

### जागेश्वर धाम में खुदाई के दौरान 14वीं शताब्दी के शिवलिंग मिले

**जागेश्वर।** जागेश्वर धाम में खुदाई के दौरान अचानक जमीन के भीतर दो शिवलिंग मिले। शिवलिंग मिलने की सूचना पर भक्त भगवान शिव के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। यह मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। एएसआई इन शिवलिंग को सुरक्षित रखेगी। शिवलिंगों को 14वीं सदी का बताया जा रहा है। विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में मास्टर प्लान के तहत इलुमिनेशन का काम चल रहा है, इसके लिए खुदाई की जा रही है। बुधवार सुबह श्रमिक खुदाई के काम में जुटे थे तभी धाम में जमीन के भीतर अद्भुत शिवलिंग मिला। श्रमिकों को जागेश्वर मंदिर के ठीक पीछे प्राचीन शिवलिंग नजर आया। कुछ ही देर में यह जानकारी पूरे क्षेत्र में फैल गई तो सैकड़ों भक्त शिवलिंग के दर्शन को धाम पहुंच गए। भक्तों ने रोली, चंदन और पुष्प अर्पित कर भगवान शिव का विधिवत पूजन किया और भोले के जयकारे लगाए। शिवलिंग मिलने पर कार्यदाई संस्थान ने इस स्थान पर खुदाई रोक दी है। एएसआई के मुताबिक शिवलिंग 14वीं शताब्दी के हैं, इन्हें सुरक्षित रखा जाएगा। मान्यताओं के अनुसार जागेश्वर धाम से ही पृथ्वी पर लिंग के रूप में भगवान शिव के पूजन की शुरुआत हुई थी। जागेश्वर मंदिर समूह में भगवान शिव के करीब 108 मंदिर हैं।



# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद में फायरिंग का आरोपी आसिफ गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 8 मई (देशबन्धु)। फायरिंग के आरोपी के खिलाफ पीड़ित की तहरीर पर पुलिस नें मुकदमा दर्ज कर उसे दबोच लिया। शहर के मोहल्ला खैराती खां निवासी शरिफ अली पुत्र नासिर अली ने मुकदमा दर्ज कराया। जिसमे कहा कि उसके दो छोटे भाई सोयव पुत्र तारिक अली, आसिम पुत्र शाकिर अली मोहल्ले में स्थित मन्सूर की दुकान से दूध लेकर वापस आ रहे थे, तभी रास्ते में आसिफ पड्डा पुत्र मुजीब शराब के नशे में मोहल्ले में गाली गलौज कर रहा था तभी उसकी नजर सोयब व आसिम पर पड़ी तो उसने उन्हे रोककर गाली-गलौज और मारपीट करने लगा। जैसे तैसे मोहल्ले के लोगों ने बचाया, गर्मी की बजह से सब लोग छतों पर और बाहर टहल रहे थे उन सब लोगों ने सोयब व आसिम को बचाया। दोनों भाई भागे तो आसिफ पड्डे ने हवाई फायर कर दिया जिससे की किसी को भी गोली लग सकती थी।

# कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए संस्करण जैसा : योगी आदित्यनाथ

## घोषणा पत्र को भारत की सनातन आस्था के प्रति अन्याय पत्र बताया

**गोरखपुर,** 8 मई (वार्ता) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए संस्करण की तरह है, इसे न्याय पत्र कहा जाना न सिर्फ हास्यास्पद है बल्कि शर्मनाक भी है। योगी ने बुधवार को यहां कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र वास्तव में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जातियों के प्रति, भारत की सनातन आस्था के प्रति अन्याय पत्र है। कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए वर्जन के जैसा है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल का प्रतिनिधित्व करता हो, इससे ज्यादा शर्मनाक दूसरा कुछ और नहीं हो सकता। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी द्वारा भाजपा पर नफरत की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाए जाने के सवाल पर योगी ने तल्ख अंदाज में कहा कि सफेद झूठ बोलने की बजाय कम से कम सोनिया गांधी को तो सच बोलने की आदत डालनी चाहिए। चुनाव के दौरान अब वे लोग देश की जनता की आंखों में धूल झोंककर सत्ता नहीं हथिया पाएंगे क्योंकि मोदी के नेतृत्व में पूरा देश एकजुट होकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत के दर्शन के रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीमती गांधी की तरफ से भाजपा पर लगाया गया झूठा आरोप उल्टा चोर कोतवाल को डांटे को चरितार्थ करने जैसा है। यह हर व्यक्ति जानता है बांटों और राज करो की नीति कांग्रेस को विरासत में प्राप्त हुई है। अंग्रेजों की कुटिल चाल को 1947 में कांग्रेस ने सफल होने दिया और देश



अंग्रेजों की कुटिल चाल को 1947 में कांग्रेस ने सफल होने दिया व देश का बंटवारा किया : मुख्यमंत्री

का बंटवारा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद राजनीतिक स्वार्थ के कारण जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर देश के अंदर वर्ग संघर्ष को कांग्रेस ने बढ़ावा दिया। आतंकवाद, नक्सलवाद और अलगाववाद, यह सब कांग्रेस की ही देन है। सीएम ने सवालिया अंदाज में कहा कि यूपीए चेयरपर्सन के रूप में श्रीमती गांधी ने 2004 से लेकर 2014 के बीच में क्या किया, यह कौन नहीं जानता। उस समय क्या यह सच नहीं कि ओबीसी के आरक्षण पर सेंधमारी लगाने के लिए जस्टिस रंगनाथ मिश्रा की कमेटी इन्होंने गठित की थी और कमेटी ने संस्तुति की थी कि ओबीसी के आरक्षण में से 6 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को दे दिया जाय।

## कांग्रेस-सपा ने आधे समर में ही हार मान ली : योगी

**कानपुर/एटा/शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को कहा कि यह चुनाव रामभक्त और रामद्रोहियों के बीच है। जो रामभक्त हैं, वही राष्ट्रभक्त भी हैं। इन चुनाव में रामद्रोहियों को नकार दीजिए। सपा पर बरसते हुए योगी ने कहा कि सात मई को हुए चुनाव में सैफई परिवार तीन सीटों पर हारेगा। 13 को कन्नौज और 25 को आजमगढ़ का नंबर भी आने वाला है। उन्होंने अकबरपुर लोकसभा सीट से देवेंद्र सिंह भोले, फर्रुखाबाद से मुकेश राजपूत और शाहजहांपुर से अरुण सागर को फिर जिताने की अपील की। वहीं शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा में उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी अरविंद सिंह को जिताने का संकल्प दिलाया। उन्होंने जनता से कहा कि अकबरपुर का नाम ही ऐसा है कि बार बार बोलने में संकोच लगता है। ये सब बदल जाएगा।

## नौजवानों व किसानों का भविष्य खराब कर रही सरकार : अखिलेश यादव



**फर्रुखाबाद,** 8 मई (देशबन्धु)। सपा के गठबंधन प्रत्याशी डा. नबल किशोर शाक्य की चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने आए सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव बीजेपी की सरकार पर हमलावर दिखे। उन्होंने कहा की बीजेपी सरकार ने नौजवानों और किसानों के भविष्य को खराब किया है। युवा और किसान सरकार बदलनें का मन बना चुका है। शहर के बढ़पुर स्थित क्रिश्चियन कालेज मैदान में जनसभा को सम्बोधित करते हुए सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव नें कहा कि इस बार सपा प्रत्याशी की जीत के सभी रिकार्ड टूटने जा रहें हैं। इस बार युवा वर्तमान सरकार के खिलाफ हैं। 10 साल में बीजेपी नें गरीबों, किसानों और युवाओं से झूठे वादे किए। किसानों को उनकी फसल क बाजिब मूल्य नही मिला। किसान कर्ज में डूब गया। महंगाई लगातार बढ़ रही है। सरकार ने बड़े-बड़े उद्योग पतियों का 16000 करोड़ कर्ज माफ किए लेकिन गरीब किसान का कर्ज माफ नही किया गया। इसलिए सपा व गठबंधन नें तय किया है कि सरकार बनने पर किसानों को उनकी फसल का बाजिब मूल्य मिलेगा।

## मेडिकल कॉलेज की अव्यवस्थाओं को लेकर उठाए गए सवाल



**मेरठ,** 8 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी मेरठ के जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मेरठ मेडिकल कॉलेज में हो रही है अनियमितता को लेकर प्राचार्य आरसी गुप्ता से मुलाकात की अंकुश चौधरी ने, मेडिकल कॉलेज की अव्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े किए, भीषण गर्मी के दौरान लोग ओपीडी की लाइन में लगते हैं घंटों लाइन में लगने के बाद भी नंबर आना दूभर है। एक तो व्यक्ति बीमारी से पीड़ित दूसरी तरफ इतनी लंबी लाइन और अव्यवस्थाओं के कारण उसको परेशानी झेलनी पड़ती है मेडिकल कॉलेज में सिर्फ मेरठ से ही नहीं अन्य जनपदों से लोग इलाज कराने आते हैं उनको बड़ी उम्मीद होती है यहां पर अच्छा इलाज मिलेगा लेकिन यहां पर इलाज के नाम पर उनके साथ खिलवाड़ किया जा रहा है दवाइयां नहीं मिलती हैं और इसके उलट सफेद पर्चे पर लिखकर उनको बाहर से दवाइयां लाने को मजबूर किया जाता है पूरे मेडिकल परिसर के अंदर प्राइवेट अस्पतालों के दलाल कुकुरमुत्ते की तरह घूमते हैं और उनको प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती कराते हैं गरीब गुरबा इंसानों को सरकारी अस्पताल में इलाज मिलता नहीं और प्राइवेट में वह इलाज करा नहीं सकता दोहरी मार उस पीड़ित पर पड़ती है मेडिकल में टेस्ट के नाम पर लंबी तारीख उनको मिलती है सिटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे मशीन आए दिन खराब हो जाती है पीड़ितों के साथ घोर अन्याय और ज्यादती की जा रही है डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया गया लेकिन गरीब असहाय पीड़ित लोगों का मेडिकल कॉलेज में आकर शोषण हो रहा है।

**बाहर से दवाइयां लाने के लिए मरीजों के तीमारदारों को किया जा रहा मजबूर**

## सार संक्षेप

### जिला मजिस्ट्रेट से मिले विद्या ग्लोबल आई बी स्कूल के विद्यार्थी



**मेरठ।** शहर के विद्या ग्लोबल स्कूल आई.बी., एम.वाई.पी विंग के विद्यार्थियों ने पूर्व निर्धारित समय पर जिला मजिस्ट्रेट दीपक मीणा से भेंट की। विद्यार्थियों ने उनसे अनेक प्रश्न पूछे जैसे-यदि भविष्य में मैं डी. एम. बनना चाहूं तो मैं अभी से क्या तैयारी कर सकती हूं तथा आप यातायात व्यवस्था, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सड़क सुरक्षा जैसी व्यवस्थाओं को कैसे संचालित करते है जिला मजिस्ट्रेट ने शांतिपूर्वक सभी की जिज्ञासाओं को शांत करते हुए एवं उनको प्रोत्साहित करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। अंत में विद्यालय की आई .बी. कोर्डिनेटर मिस तन्द्रा शर्मा ने अपनी टीम के साथ एक प्रतीक चिह्न भेंट किया। मूल्यवान समय के लिए आभार व्यक्त करते हुए उनका धन्यवाद किया।

### बूंद फाउंडेशन के वॉटर हीरो ने कविता सैनी को किया सम्मानित

**मवाना।** नगर स्थित ए एस इंटर कॉलेज मवाना में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मान में मुख्य अतिथि के रूप में बूंद फाउंडेशन ट्रस्ट मेरठ के संस्थापक एवं निदेशक रवि कुमार मेरठ नगर निगम के 2024 के स्वच्छता सर्वेक्षण ब्रांड एंबेसडर के लिए बुधवार को स्कूल परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक, प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी तथा प्रधानाचार्य डॉ. मेघराज सिंह मा शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। तदोपरांत जनपद में कक्षा 12 की नवा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कविता सैनी मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन निपेद्र कुमार भटनागर ने किया कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर अंजू सिंह कोऑर्डिनेटर अर्चना तिवारी चीफ प्रॉक्टर कृष्ण चंद, मीनाक्षी, विभा जैन, श्रवण, राजीव,मोगा,विशेष कुमार, अभिषेक कुमार, चंद्रप्रकाश विपिन आदि का विशेष सहयोग रहा।

## गुजरात में खुल सकता इस बार कांग्रेस का खाता

**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। गुजरात की 25 सीटों के लिए मतदान कल सात मई को खत्म हो गया। भाजपा लगातार दो बार से सूबे की सभी 26 सीटो पर जीत हासिल करती आ रही है। लेकिन इस बार के चुनाव के बाद माना जा रहा है कि सूबे में 10 साल बाद कांग्रेस का खाता खुल सकता है। बतादें कि इस बार गुजरात में मतदान में 5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। जो भाजपा के लिए चिंता का सबब हो सकता है। पूरे राज्य में महज 59.91 फीसदी ही मतदान हुआ। इसमें सबसे ज्यादा मतदान वलसाड और सबसे कम मतदान अमरेली में हुआ। गुजरात की राजनीति पर गहरी पकड़ रखने वालों का दावा है कि चुनाव पर क्षत्रिय आंदोलन का भी असर रहा। इस समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर तकरीबन 80 फीसदी मतदान किया। बताया जा रहा है कि इस बार गुजरात की 7 सीटों सुरेंद्रनगर, आणंद, साबरकाठा, बनासकाठा, जामनगर,पाटण और भरूच में क्षत्रिय समाज की नाराजगी और अनकूल जातीय समीकरण के चलते कांग्रेस और भाजपा के बीच लडाई बेहद कांटे की रही हैं। इसके चलते कुछ सीटो पर इस बार कांग्रेस जीत हासिल कर अपना खाता खोल सकती है। अगर ऐसा हुआ तो भाजपा की लगातार तीन बार सूबे की सभी सीटों को जीतकर हैट्रिक लगाने की साध अधूरी रह सकती है।

# गर्मी में बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

- पेयजल का संकट गहराया
- उमस भरी गर्मी में उपभोक्ता बिजली कटौती से परेशान
- मवाना नगर में लो वोल्टेज की समस्याएं दूर नहीं हुई

**मवाना,** 8 मई (देशबन्धु)। एक ओर जहां तेज धूप व गर्मी का दौर शुरू हो गया है, वहीं दूसरी ओर शहर में अघोषित विद्युत कटौती के चलते उपभोक्ताओं का जीना दूभर हो गया है। निर्धारित रोस्टिंग के अलावा दिन भर बिजली की आंख मिचौली होती रहती है। रात के समय में भी लाइट की कटौती से उपभोक्ताओं की नींद खराब हो रही है। उमस भरी गर्मी में बिजली संकट उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत शुरू हो चुकी है।

आसमान से जहां सूर्य की किरणों से आग उबल रही है, ऐसे मौसम में विद्युत विभाग की ओर से गर्मी के इस मौसम में बिजली कटौती के चलते घरों व दुकानों में लगे विद्युत पर आधारित उपकरण शोपीस बने हुए हैं। बुधवार को कटौती का निर्धारित सुबह सात बजे से आठ बजे तक और शाम को साढ़े चार बजे से शाम छह बजे तक निर्धारित रोस्टिंग है। विद्युत विभाग की घोषणा के बाद भी आपूर्ति में सुबह व शाम शेड्यूल से कहीं अधिक कटौती प्रतिदिन की जा रही है। उपभोक्ताओं ने बताया कि इसके अलावा दिन भर बिजली कटौती का अब समय नहीं है। बिजली की आना जाना लगा हुआ रहता है। कई दिनों से बिजली कटौती से उपभोक्ता त्राहि-त्राहि कर उठे हैं। कालोनी प्रीतनगर में बिजली कटौती ज्यादा हो रही है। लोकल फाल्ट से भी आपूर्ति घंटों बाधित रहती है। इस सबके बावजूद विभागीय अधिकारी समस्या की ओर से बेखबर बने हुए हैं।

### लो वोल्टेज की समस्या

मवाना नगर में मकदूमपुर बस स्टैंड, शुगर मिल के सामने कालोनी में, मोहल्ला तिहाई, पुरानी सब्जी मंडी के आसपास, चौड़ा कुआं के आसपास वाला क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या काफी पुरानी है।

आरोप है कि इस ओर अफसर ध्यान नहीं देते हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिजली विभाग के तमाम अफर मवाना में नहीं रहते। केवल अवर अभियंता के सहारे मवाना नगर को छोड़ दिया जाता है। मवाना नगर में अधाधुंध हो रही बिजली कटौती से नगर पालिका के पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है, हालांकि सभी नलकूपों पर जनरेटर लगे हुए है लेकिन बिजली आपूर्ति बंद होने के बाद नगारिकों की दूसरी व पहली मंजिल तक पानी की आपूर्ति कम हो जाती है। यही स्थिति मवाना नगर में कई दिनों से बरकरार हैं। फ्लावदा रोड की बस्ती के लोग घरों के बाहर लगी टंकियों से पानी लेकर अपना काम चला रहे हैं।

### हस्तिनापुर रोड पर 132 लाख वोल्टेज वाली लाइन बनने से आपूर्ति बाधित

बिजली अफसरों के अनुसार हस्तिनापुर रोड पर रजवाहे के पास से किला परीक्षतगढ़ के अहमदपुरी से जानसठ कस्बे के लिए 132 लाख वोल्टेज की लाइन बनाई जा रही है, जिस कारण हस्तिनापुर बिजलीघर से आपूर्ति करने वाली लाइन से बिजली बाधित रही है। दिन भर में कई बार बिजली आपुर्ति बंद करनी पड़ी है। इसके अलावा मेरठ रोड स्थित बिजलीघर से जारी बिजली आपूर्ति लोकल फाल्ट के चलते बाधित रही है।

## वैंकटेश्वरा में तनाव प्रबंधन पर राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

### छात्र-छात्राओं को जीवन में तनाव से मुक्ति पाने के तरीकों पर डाला प्रकाश

**मेरठ,** 8 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वैंकटेश्वरा संस्थान में 'स्ट्रेस मैनेजमेंट पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए रेल मंत्रालय, भारत सरकार के वरिष्ठ निदेशक एवं विख्यात 'लाइफ कोच' मनीष प्रताप सिंह ने संस्थान के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को जीवन में तनाव से मुक्ति पाने के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए 'सुखद जीवन' जीने के सिद्धांतों को समझाया। वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालयध् संस्थान के डा. सी. वी. रमन सभागार में तनाव प्रबंधन विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, मुख्य अतिथि रेल मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशक मनीष प्रताप सिंह, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलसचिव डा. पीयूष पाण्डे आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सन्मुख दीप-प्रज्ज्वलित करके किया।



**मेडिटेशन को अपनाने की अपील की**

मनीष प्रताप सिंह ने सुखद जीवन के लिए 'स्वयं में विश्वास, समय प्रबन्धन जीवन के प्रति सकारात्मक नजरियां एवं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय जरूरतों के मुताबिक स्वयं को अपग्रेड करने का मूलमंत्र सिखाया और ध्यान (मेडिटेशन) को तनावमुक्ति का सबसे बड़ा 'टूल' करार देते हुए सभी से इसको अपनाने की अपील की। राष्ट्रीय कार्यशाला को प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलसचिव डा. पीयूष पाण्डे आदि ने भी सम्बोधित किया।

## जिलाधिकारी ने मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण



**मेरठ,** 8 मई (देशबन्धु)। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मतगणना केंद्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया तथा मतगणना तैयारियो की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं प्रमुख राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जीटीबी स्कूल में इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### क्रान्ति दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

**मेरठ,** 8 मई (देशबन्धु)। कैंट स्थित गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में आज क्रान्तिदिवस के उपलक्ष्य में इंटर हाउस क्विज काम्पिटिशन का आयोजन किया गया। जिसमें चारों हाउस के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर उत्सापूर्वक भाग लिया। जिसमें भाई वीर सिंह हाउस के बच्चों को क्रांतिवीर, गुरू गोविंद सिंह हाउस, आज़ादी के दिवाने, हरि सिंह नलवा हाउस क्रांति की चिंगारी एवं महाराजा रंजीत सिंह हाउस को मेरठ के जांबाज नाम से संबोधित किया गया। क्वीज 6 राउंड पर आधारित थी जिसमें सभी



प्रष्न 10 मई 1857 की क्रांति एवं मेरठ के ऐतिहासिक स्थलों की गौरव गाथा पर आधारित थे। क्विज में बच्चों ने धन सिंह कोतवाल, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, मंगल पांडे, कदम सिंह, पर आधारित, पिक्चर देखकर एवं गाना सुनकर प्रष्नों के जवाब बड़े ही उत्साहपूर्वक दिए। क्विज प्रतियोगिता में सभी प्रश्नों का उत्तर देते हुए महाराजा रंजीत सिंह हाउस 101 अंक प्राप्त कर प्रथम विजेता रहा तथा गुरू गोविंद सिंह हाउस ने 85 अंक अपने खाते में डालकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाई वीर सिंह हाउस एवं हरि सिंह नलवा हाउस को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में हेड मिस्ट्रेस प्रभा रॉव, जुवेरिया, नाजिष, हरविंदर कौर, हेमा मदान, षीरी, संगीता चौधरी, नीरू बाला, हरमनदीप कौर, रोमा रस्तौगी, आरिफ, षिखा जैन, मनमोहन सिंह आदि का सहयोग रहा।

# यूपी के मुख्यमंत्री की छवि पर बट्टा लगा रहे उच्च शिक्षा के कैबिनेट मंत्री

■ ओम प्रकाश सिंह

**लखनऊ/आजमगढ़,** 8 मई (देशबन्धु)। इसमें कोई दो राय नहीं है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि ईमानदार राजनीतिक की है। इस छवि को उन्हीं के उच्च शिक्षा मंत्री दागदार बना रहे हैं। मामला मुख्यमंत्री सचिवालय के संज्ञान में आया तो फाइल तलब कर ली गई है। शिब्ली नेशनल कालेज आजमगढ़ की 52 सहायक प्रोफेसर की नियुक्तियों का प्रकरण गंभीर होता जा रहा है। इसके जद में अब मैनेजमेंट से लेकर उच्च शिक्षा मंत्री तक आते जा रहे हैं। कुलपति की भूमिका पहले ही संदिग्ध बन चुकी है। शिब्ली कालेज की नियुक्ति संबंधी फाइल तलब होने के बाद भ्रष्टाचार के बचाव में उतरे मैनेजमेंट, मंत्री और विभाग में हड़कंप मचा है। मालूम हो कि आजमगढ़ की अल्पसंख्यक संस्था शिब्ली नेशनल कालेज में 52 सहायक प्रोफेसर नियुक्तियों में घोर धांधली और अनियमितता का आरोप लगा था। देशबंधु अखबार ने इसे प्रमुखता से उजागर किया था। इस भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त आवाज उठाते हुए राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से सीधे की थी। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर की शिकायत पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने पिछले 18 अक्टूबर को प्रकरण की जांच के लिए मंडलायुक्त आजमगढ़ को आदेश दिया। मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी से जांच कमेटी बनाकर जांच करने का निर्देश दिया। डीएम और कमिश्नर की जांच आख्या में शिब्ली नियुक्ति प्रक्रिया में भारी पैमाने पर अनियमितता भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार प्रमाणित हो गया। शिकायतकर्ता के 6 आरोप सही साबित हुए। ऐसे में 4 मार्च को मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल को आदेश दिया कि कमिश्नर आजमगढ़ की जांच





आख्या का परीक्षण करा कर कार्रवाई किया जाए। मुख्यमंत्री कार्यालय के आदेश पर विभागीय परीक्षण हुआ। संयुक्त सचिव प्रेम कुमार पांडेय ने विधिवत परीक्षण कर यह प्रस्ताव बनाया कि सभी नियुक्तियों को निरस्त करते हुए संबंधित दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई किया जाए अथवा पूरे प्रकरण की विजिलेंस टीम से जांच करा लिया जाए। इस प्रस्ताव को विशेष सचिव और प्रमुख सचिव ने सहमति जताते हुए पूरी पत्रावली विभागीय मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के पास अनुमोदन हेतु भेजा। विभागीय मंत्री ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने संबंधी फाइल में सहमति देने की बजाय फाइल में नोटिंग किया कि शिब्ली में कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। इसलिए प्रकरण में किसी कार्रवाई की जरूरत नहीं है। जब इसकी जानकारी शिकायतकर्ता को हुई तो शिकायतकर्ता ने इस प्रकरण में मंत्री की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय से सीधा हस्तक्षेप करने के प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने पूरे प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए 3 मई को फाइल सीधे सीएम आफिस तलब कर लिया। सीएम आफिस के इस एक्शन के बाद विभाग और मैनेजमेंट में हड़कंप मचा हुआ है। फाइल तलब होते ही विभागीय मंत्री की नोटिंग का असर शून्य हो गया। अब गेंद पूरी तरह से सीएम कार्यालय के पाले में है। फिलहाल सीएम कार्यालय का तलबी आदेश प्रमुख सचिव के यहां पहुंच चुका है। विभाग उस पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए पत्रावली आवश्यक कार्यवाही हेतु मुख्यमंत्री कार्यालय भेज देगा।

- उच्च शिक्षा मंत्री की भूमिका संदिग्ध देख सीएम आफिस ने तलब की शिब्ली के भ्रष्टाचार की फाइल
- विभाग के प्रस्ताव पर अनुमोदन देने की बजाय मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने नियुक्तियों को दी क्लीनचिट
- नियुक्तियों में भ्रष्टाचार करके हुईं थीं 52 सहायक प्रोफेसरों की नियम विरुद्ध नियुक्तियां

## वाटरमैलन पार्टी में बच्चों ने किया धमाल

**मवाना,** 8 मई (देशबन्धु)। मेरठ रोड स्थित स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल में बुधवार को वाटरमैलन पार्टी का आयोजन किया गया। पार्टी में किंडरगार्टन के नन्हे-मुन्ने बच्चे वाटरमैलन की वेशभूषा में तरबूज से क्राउन-ट्री, हैप्पी फेस, रेनबो, केक आदि बनाएं तथा तरबूज पर सुंदर-सुंदर कविताएं भी बहुत ही अनूठे व अनोखे अंदाज में सबके समक्ष प्रस्तुत किए। बच्चों ने तरबूज खाकर उसके स्वाद का आनंद लिया व तरबूज का जूस पीया। विद्यालय प्रबंधक मनोज रस्तोगी के प्रबंधिका मीनू रस्तोगी किंडरगार्टन के सभी बच्चों की बहुत प्रशंसा की और उन्हें बताया कि तरबूज के सेवन से इम्यूनिटी मजबूत होती है।



## चुनाव सूचना

**विमला देवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ग्राम- जुल्हेडा. तहसील- सरधना जिला मेरठ 1/4विमला देवी श्वेताम्बर जैन टंस्ट**1/2 की प्रबंध समिति के गठन हेतु 05 पदाधिकारी 1/4अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव, उप-सचिव, कोषाध्यक्ष1/2 एवं 06 सदस्यों हेतु चुनाव कार्यक्रम की सूचना निम्नवत है- 1/411/2 मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक 15.05. 2024 को प्रातः 10:00 बजे से मध्यान 12:00 बजे तक 1/421/2 मतदाता सूची पर आपति- दिनांक 15.05.2024 को मध्यान 01:00 बजे से मध्यान 03:00 बजे तक 1/431/2 मतदाता सूची पर आपत्तियो का निस्तारण एवं अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन- दिनांक 15. 05.2024 मध्यान 03:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक 1/441/2 नामांकन पत्र भरने की भरने की की तिथि दिनांक 16. 05.2024 को प्रातः 10:00 बजे से मध्यान 01:00 बजे तक 1/451/2 नामांकन पत्रों की जाँच एवं नामांकन पत्र वापसी की तिथि-दिनांक 16. 05.2024 को मध्यान 02:00 से सायं 04:00 बजे तक 1/461/2 मतदान की तिथी व समय 1/4यदि मतदान आवश्यक हुआ तो1/2- दिनांक 18.05.2024 को प्रातः 11:00 बजे से मध्यान 02:00 बजे तक 1/471/2 चुनाव परिणाम की घोषणा दिनांक 18.05. 2024 को सायं 04:00 बजे। चुनाव नियत दिन शनिवार दिनांक 18.05.2024 को महाविद्यालय परिसर में चुनाव अधिकारी एवं विश्वविद्यालय द्वारा नामित पर्यवेक्षक की देख-रेख में सम्पन्न कराया जायेगा। अतः आप सभी सदस्यो की उपस्थिति प्रार्थनीय हैं।

**-चुनाव अधिकारी**



**राजन ने चौथे चरण के मतदान वाले क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए निर्देश**

# मतदाताओं से व्यक्तिगत सम्पर्क करें, उनसे संवाद करें, उनकी शंकाओं का समाधान करें

**भोपाल,** 8 मई (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने लोकसभा निर्वाचन के चौथे चरण के लिये 13 मई को होने वाले मतदान के संदर्भ में संबंधित कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता जागरूकता गतिविधियां लगातार करने के निर्देश दिये है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार राजन चौथे चरण के मतदान वाले 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को वीडियों कान्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित कर रहे थे। श्री राजन ने कहा कि मतदाताओं से व्यक्तिगत सम्पर्क करें, उनसे संवाद करें, उनकी शंकाओ का समाधान करें और गर्मी को देखते हुए मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की सुविधाओं के बारे में भी बतायें। उन्होंने कहा कि मतदाता वोट देने मतदान केन्द्र तक आयें, इसके लिये सभी जरूरी प्रबंध किये जायें।

श्री राजन ने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए स्थानीय स्तर पर कार्ययोजना बनाकर घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया जाये। सरल, सुगम, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण रूप से निर्विघ्न मतदान कराने के लिए सभी चाक-चौबंद व्यवस्थाएं करें। गर्मी को देखते हुये मतदान केन्द्रों पर छाया, शीतल जल, बैठने की व्यवस्था, कूलर, पंखे, दवा सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जाएं। श्री राजन ने कहा कि निर्वाचन के दौरान




**मतदाता जागरूकता के लिए स्थानीय स्तर पर कार्ययोजना बनाकर घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया जाये। सरल, सुगम, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण रूप से निर्विघ्न मतदान कराने के लिए सभी चाक-चौबंद व्यवस्थाएं करें : अनुपम राजन, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी**

पूरी सावधानी और सतर्कता बरतें। स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिये सभी अधिकारी अपने लेवल ऑफ अलर्टनेस को बनाये रखें। श्री राजन ने वल्नरेबल क्षेत्र के मतदान केन्द्रो में सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। जिन भवनों में पाँच या उससे अधिक मतदान केन्द्र हैं, वहाँ सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये जायें। जिन मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहाँ अतिरिक्त मतदान कर्मियों की तैनाती करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चौथे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के कुल 18 हजार 7 मतदान केन्द्रों में 13 मई को मतदान कराया जायेगा। इनमें से 12 हजार 180 मतदान केन्द्रों की वेबकास्टिंग कराई जायेगी। उन्होंने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा कि मतदान में बाधा डालने वाले तत्वों पर निगरानी रखने के लिये क्रिटिकल मतदान केन्द्रों के भीतर और बाहर सीसीटीव्ही कैमरे लगाये जाएँ। साथ ही वेबकास्टिंग की निगरानी की पुख्ता व्यवस्था करें, जिससे किसी केन्द्र पर मतदान में अनियमितता दिखाई दे, तो तत्काल कार्रवाई की जा सके। श्री राजन ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर मतदान केन्द्र तक व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता गतिविधियां चलाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए 'चलें बूथ की ओर' अभियान चलाएं। प्रत्येक मतदान केन्द्र से जुड़े हर घर, हर मतदाता तक यह संदेश पहुंचे कि 13 मई को सभी अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। मतदाताओं को वोट डालने के लिये घर-घर जाकर प्रेरित करने के लिये सभी जिला निर्वाचन अधिकारी प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिये स्थानीय दल गठित करें।

## मध्यप्रदेश : रतलाम-झाबुआ संसदीय सीट पर कांग्रेस व भाजपा के बीच कड़ा संघर्ष

**झाबुआ,** 8 मई (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के रतलाम-झाबुआ संसदीय सीट पर इस बार हो रहे लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिलने वाला है। कांग्रेस ने यहां से जहां पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री, पांच बार के सांसद कांतिलाल भूरिया को मैदान में उतारा है तो दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार के मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनिता नागर सिंह चैहान पर दांव खेल कर इस मुकाबले को कड़ा बना दिया है। इन दोनों समेत यहां से कुल 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। यहां 13 मई को मतदान होना है। श्री भूरिया 2014 में भाजपा के दिलीप सिंह भूरिया से चुनाव हार गए थे, लेकिन कुछ समय बाद दिलीप सिंह भूरिया के निधन से हुए उपचुनाव में कांतिलाल भूरिया दोबारा सांसद का चुनाव जीत गये। साल 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने कांतिलाल भूरिया को टिकट दिया और वे विधायक चुन लिये गये। पिछले लोकसभा चुनाव में यहां से



- **कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री, पांच बार के सांसद कांतिलाल भूरिया को मैदान में उतारा**
- **भाजपा ने राज्य सरकार के मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनिता नागर सिंह चैहान पर दांव खेला**

भाजपा के गुमान सिंह डामोर ने कांग्रेस के कांतिलाल भूरिया पर जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार भाजपा ने यहां से श्री डामोर का टिकट काट कर श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान को टिकट दे दिया। गुजरात से सटी आदिवासीबहुल रतलाम-झाबुआ संसदीय सीट में आठ विधानसभा आती हैं। इनमें रतलाम जिले की रतलाम, रतलाम ग्रामीण और सैलाना विधानसभा, झाबुआ जिले की झाबुआ, थांदला और पेटलावद तथा अलीराजपुर की दो अलीराजपुर और जोबट शामिल हैं। इन आठ में से चार रतलाम, रतलाम ग्रामीण, पेटलावद तथा अलीराजपुर पर भाजपा, तीन थांदला, झाबुआ और जोबट पर कांग्रेस और सैलाना पर निर्दलीय ने जीत दर्ज की है। इस आदिवासीबहुल क्षेत्र में बेरोजगारी और इसके चलते गुजरात की ओर पलायन मुख्य मुद्दा है। कांग्रेस की ओर से यहां पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी श्री भूरिया के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर चुके हैं। वहीं भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन महीने पहले झाबुआ आकर विशाल आदिवासी महाकुंभ को संबोधित कर चुके हैं। भाजपा ने तब से ही इस सीट पर पूरी ताकत लगाई हुई है। प्रदेश मंत्रिमंडल के तीन सदस्य नागर सिंह चौहान, निर्मला भूरिया और चैतन्य कश्यप इसी संसदीय क्षेत्र से हैं, जो लगातार चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं।

## हमारी मांगों को पूरा करने वाले दल को मिलेगा सिख वोट : सरना

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। शिरोमणि अकाली दल दिल्ली इकाई के प्रधान सरदार परमजीत सिंह सरना ने कहा कि सिख कौम सिर्फ उसी राजनीतिक पार्टी या उम्मीदवारों को समर्थन देगा जो उसकी मांगों को पूरा करने का वादा स्पष्ट तौर पर करेंगे। श्री सरना ने कहा कि 30 वर्ष से जेल में बंद रहने वाले सिखों ने बहुत लंबे समय से नाइंसाफ़ी का सामना किया है। यह आवश्यक है कि नयी सरकार बनने पर उन्हें न्याय दिया जाए और उन्हें रिहा किया जाए। उन्होंने कहा कि देश भर के किसान अपनी मांगों को लेकर लगातार आवाज़ उठा रहे हैं,इसलिए नयी सरकार उनकी शिकायतों को सुनकर उसका समुचित समाधान करना चाहिए। किसानों को किसी भी लालच



**सिख कौम सिर्फ उसी राजनीतिक पार्टी या उम्मीदवारों को समर्थन देगा जो हमारी मांगों को पूरा करने का वादा स्पष्ट तौर पर करेंगे : परमजीत सिंह सरना**

के बिना किसी भी देश या क्षेत्र को अपनी उपज बेचने की इजाज़त दी जानी चाहिए।

अकाली नेता ने कहा कि श्री ननकाणा साहिब सिख कौम के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हर सिख इसके दर्शन के लिए सुबह-शाम अरदास करता है। नयी सरकार के कार्यकाल में सिखों को श्री ननकाणा साहिब के दर्शन के लिए वीज़ा ऑन अराइवल दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा इन मांगों के अलावा सिखों के धार्मिक मामलों में केंद्र या राज्य सरकारों द्वारा किसी भी तरह की दखल-अंदाज़ी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संविधान, नागरिक और मानव अधिकार खतरे में है। उन्होंने सिख समुदायों से अपील करते हुए कहा कि समुदाय के हितों को ध्यान रखने वाले दलों अपना मत दें।

# चौथे चरण की सभी पांच सीट पर राजग का कब्जा, तीन सीट पर इंडिया गठबंधन के नवोदित प्रत्याशी देंगे चुनौती

**बिहार लोकसभा चुनाव में चौथे चरण का मतदान 13 मई को मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर (सु) ,दरभंगा और उजियारपुर में होने जा रहा**

**पटना,** 8 मई (एजेंसियां) बिहार लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण की सभी पांच सीट मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर (सु) ,दरभंगा और उजियारपुर पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का कब्जा है वहीं तीन सीट मुंगेर, बेगूसराय और दरभंगा सीट पर इंडिया गठबंधन के टिकट पर पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी राजग के सांसदों को चुनौती देंगे। बिहार लोकसभा चुनाव में चौथे चरण का मतदान 13 मई को मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर (सु) ,दरभंगा और उजियारपुर में होने जा रहा है। इनमें से मुंगेर, बेगूसराय, और दरभंगा सीट पर इंडिया गठबंधन के टिकट पर पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी राजग के सांसदों को चुनौती देंगे। चौथे चरण में पांच दिग्गज राजनेताओं की साख भी दाव पर है। इसमें बेगूसराय से केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, उजियारपुर से केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय, मुंगेर से जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, दरभंगा से पूर्व मंत्री ललित यादव एवं उजियारपुर से पूर्व सांसद आलोक मेहता की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। मुंगेर संसदीय सीट से राजग के घटक दल में शामिल जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह चुनावी समर में उतरे हैं। वहीं, उनसे मुकाबला करने के लिये इंडिया गठबंधन के घटक राष्ट्रीय



जनता दल (राजद) ने बाहुबली अशोक महतो की पत्नी अनीता देवी महतो को प्रत्याशी बनाया है, जो पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रही हैं। ललन सिंह चौथी बार मुंगेर से चुनाव लड़ रहे हैं। वर्ष 2009 और वर्ष 2019 के चुनाव में उन्हें जीत मिली, हालांकि उन्हें वर्ष 2014 के चुनाव में हार का भी सामना करना पड़ा। बेगूसराय सीट पर राजग के घटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के फायरब्रांड नेता केन्द्रीय मंत्री गिरीराज सिंह दूसरी बार इस सीट से चुनाव जीतने की फिराक में है, वहीं इंडिया गठबंधन के घटक वामदल ने बछवाड़ा विधानसभा के तीन बार के विधायक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) प्रत्याशी अवधेश राय को भाजपा के गिरिराज सिंह के विरुद्ध उन्हें सियासी रणभूमि में उतारा है। श्री राय पहली बार लोकसभा के रण में अपनी किस्मत आजमां रहे है। दरभंग लोकसभा सीट पर भाजपा ने अपने वर्तमान सांसद गोपालजी ठाकुर पर फिर से भरोसा जताते हुये उन्हें उम्मीदवार बनाया है वहीं राजद दरभंगा ग्रामीण के विधायक और पूर्व मंत्री ललित यादव को भाजपा के श्री ठाकुर के विरुद्ध सियासी अखाड़ा में उतारा है। ललित यादव ने छह बार विधानसभा का चुनाव जीता है। उन्होंने वर्ष 1995, 2000 और अक्टूबर 2005 में मनिगाछी विधानसभा जबकि 2010, 2015 और 2020 में दरभंगा ग्रामीण से विजय हासिल की हैं। हालांकि वह पहली बार लोकसभा के रण में उतरे हैं।

उजियारपुर संसदीय सीट वर्ष 2008 में परिसीमन के बाद वर्ष 2009 में अस्तित्व में आया। उजियारपुर से केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय जहां हैट्रिक लगाने की फिराक में हैं, वहीं राजद ने आलोक कुमार मेहता को उम्मीदवार बनाया है। राजद के श्री मेहता ने वर्ष 2014 के चुनाव में समस्तीपुर संसदीय सीट से जीत हासिल की थी। राजद के श्री मेहता उजियारपुर सीट पर तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं।

## भाजपा ने अरुणाचल में पार्टी प्रत्याशियों के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ने पर 28 नेताओं को निष्कासित किया

**ईटानगर,** 8 मई (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा ने मंगलवार को 28 असंतुष्ट पार्टी नेताओं को निष्कासित कर दिया, जिन्होंने टिकट से इनकार किए जाने के बाद 19 अप्रैल को पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवारों के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ा था। राज्य भाजपा द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, तार तारक की अध्यक्षता वाली भाजपा की राज्य अनुशासनात्मक




कार्रवाई समिति ने कहा कि नेताओं को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। अब निष्कासित नेताओं ने नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी), नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी), पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल और स्वतंत्र उम्मीदवारों के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा था। एनपीपी का नेतृत्व मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा कर रहे हैं। सत्तारूढ़ भाजपा ने अरुणाचल की सभी विधानसभा सीटों पर 60 उम्मीदवार उतारे थे, जिनमें से 10 निर्विरोध चुने गए। बिना किसी मुकाबले के जीतने वाले प्रमुख नेताओं में मुख्यमंत्री पेमा खांडू, उपमुख्यमंत्री चौना मीन, तेची कासो, जिक्के ताको, न्यातो डुकम, मुच्चू मिथि और दासांगलू पुल समेत अन्य शामिल हैं। भाजपा शासित राज्य में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ पहले चरण में 19 अप्रैल को हुए थे।

## बसपा ने होशियारपुर प्रत्याशी का टिकट निरस्त किया

**होशियारपुर,** 8 मई (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी ने पंजाब के होशियारपुर से अपने प्रत्याशी राकेश सोमन का टिकट निरस्त करने की बुधवार को घोषणा की। बसपा के केन्द्रीय संयोजक और पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में पार्टी मामलों के प्रभारी रणधीर सिंह बेनीवाल ने एक बयान जारी कर कहा कि श्री सोमन का टिकट कल निरस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसा करने का कारण श्री सोमन का वैध मतदाता सूची मुहैया करवाने में विफल रहना है। श्री बेनीवाल ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची से श्री सोमन का नाम आम आदमी पार्टी सरकार के कथित सहयोग से हटाया गया है। कल ही पंजाब बसपा अध्यक्ष जसवीर सिंह गढ़ी, विधायक नच्छतर पाल और श्री सोमन चंडीगढ़ में मुख्य चुनाव अधिकारी से मिले थे और उन्होंने श्री सोमन के मताधिकार का मुद्दा सुलझाने की अपील की थी। चुनाव अधिकारी के निर्देश पर श्री सोमन ने एक लिखित शिकायत और नया वोट बनवाने का अनुरोध किया था। उससे पहले पाँच मई को भी श्री सोमन ने ऐसा अनुरोध



बूथ लेवल ऑफिसर को किया था। श्री बेनीवाल ने कहा कि इस झटके के बावजूद बसपा होशियारपुर लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी देगी।

### परिवार और यादव समाज के उम्मीदवारों का हाल बेहाल : मायावती

बसपा सुप्रीमो मायावती ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर जोरदार पलटवार किया। मायावती ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, बीएसपी संगठन में क्या कुछ चल रहा है, इस पर घोर दलित-विरोधी सपा अगर कोई टिप्पणी और चिंता नहीं करे तो बेहतर है। इसके बदले सपा नेतृत्व को चुनाव में उतारे गए उनके अपने परिवार और उनके यादव समाज के प्रत्याशियों का क्या हाल है, इसकी केवल चिंता करें क्योंकि उन सबका हाल बेहाल है। मायावती ने आगे लिखा, सपा का चाल, चरित्र व चेहरा, हमेशा की तरह आज भी, जबरदस्त दलित, अति-पिछड़ा व संविधान में इनको दिए गए आरक्षण आदि के अधिकारों की विरोधी पार्टी का है। प्रमोशन में आरक्षण को खत्म करना तथा इस संबंध में बिल को संसद में फाड़ना आदि इनके ऐसे कार्य हैं, जिसे माफ करना मुश्किल है। बीएसपी सरकार की ओर से बहुजन समाज में जन्मे महान संतों, गुरुओं और महापुरुषों के आदर-सम्मान में उनके नाम पर यूपी में बनाए गए जिलों, पार्कों, विश्वविद्यालयों आदि के नाम को जातिवादी सोच के कारण बदलना सपा सरकार के ऐसे कृत्य हैं, जो इतिहास में काले कारनामे के रूप में दर्ज हैं।'

## होशियारपुर से बसपा उम्मीदवार राकेश सोमन आम आदमी पार्टी में शामिल

**चंडीगढ़,** 8 मई (एजेंसियां)। पंजाब में होशियारपुर लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार राकेश सोमन बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गये। आप पंजाब के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राकेश सोमन को औपचारिक तौर पर पार्टी में शामिल कराया और उनका आप परिवार में स्वागत किया। श्री सोमन बसपा के वरिष्ठ नेता थे। वह पंजाब कांग्रेस कमेटी के भी महासचिव रह चुके हैं। होशियारपुर और आसपास के दलित लोगों के बीच उनकी अच्छी खासी पकड़ और लोकप्रियता है। उनका पार्टी छोड़ना बसपा के लिये एक बड़ा झटका की तरह है। आप में शामिल होने के बाद श्री सोमन ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान गरीबों, दलितों और बेरोजगारों के लिये काफी अच्छा काम कर रहे हैं। उनके पिछले दो सालों के कार्यों से प्रभावित होकर मैंने आम आदमी पार्टी में शामिल होने का फैसला किया। गरीबों को अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधायें देना काफी नेक काम है और मान सरकार लगातार इसके लिये काम कर रही है।



# ताजा आतंकी हमलों के बीच मतदान के अगले तीन चरण चिंता के कारण बने

**जम्मू,** 8 मई (देशबन्धु)। राजौरी व पुंछ के अतिरिक्त कश्मीर में आतंकी हमलों में आई तेजी ने सुरक्षाबलों को लोकसभा चुनावों के अगले तीन चरणों के लिए सुरक्षा नीतिओं में बदलाव करने पर मजबूर इसलिए किया है क्योंकि खबरें कहती हैं कि आतंकी इन दो चरणों के दौरान खूनी खेल खेल सकते हैं। श्रीनगर, बारामुल्ला और नवगठित अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीटों पर आसन्न चुनावों के साथ, सुरक्षा बल लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अखंडता और सुरक्षा की रक्षा के लिए अपनी तैयारी बढ़ा रहे हैं। इससे पहले, चुनाव आयोग के निर्देश के तहत, जम्मू और उधमपुर संसदीय चुनावों के दौरान जम्मू कश्मीर पुलिस के साथ-साथ अन्य सुरक्षा बलों ने पूरी लगन से अपने कर्तव्यों का पालन किया। इन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान सफलतापूर्वक संपन्न होने के साथ, सुरक्षा बलों का पूरा ध्यान अब आगामी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में शांतिपूर्ण और निर्बाध चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने की ओर है। श्रीनगर निर्वाचन क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है, जबकि बारामुल्ला में 20 मई को



- **श्रीनगर, बारामुल्ला और नवगठित अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीटों पर आसन्न चुनावों की रक्षा के लिए अपनी तैयारी बढ़ा रहे**
- **आतंकी हमलों में आई तेजी ने सुरक्षाबलों को लोकसभा चुनावों के अगले तीन चरणों के लिए सुरक्षा नीतिओं में बदलाव करने पर मजबूर**

मतदान होना है। इसके अतिरिक्त, अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट के लिए चुनाव, जो पहले स्थगित कर दिया गया था, अब 25 मई को निर्धारित है, जो इस क्षेत्र में चल रही व्यापक चुनावी प्रक्रिया को उजागर



करता है। मतदान की प्रत्याशा में, सुरक्षा अधिकारियों ने सुरक्षा चिंता के हर पहलू को संबोधित करने के लिए एक सावधानीपूर्वक रणनीति बनाई है। अधिकारियों के बकौल, मतदान केंद्रों को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर मजबूत करने, स्ट्रांग रूम को सुरक्षित करने और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के संग्रह और वितरण केंद्रों की सुरक्षा के लिए एक व्यापक सुरक्षा खाका तैयार किया जा रहा है। सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्र कहते थे कि परिवहन रसद, मार्ग योजना और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की रणनीतिक तैनाती भी व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा है। सूत्रों ने कहा कि एक मजबूत संचार रणनीति कानून और व्यवस्था को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए सुरक्षा उपायों की पूरक होगी। उनके बकौल, विघटनकारी व्यवहार के इतिहास वाले व्यक्तियों की निगरानी के लिए गहन निगरानी प्रयासों के साथ, किसी भी आपात स्थिति को संबोधित करने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) स्थापित की जाएंगी। अधिकारी बताते थे कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से, अधिकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के संभावित दुरुपयोग के खिलाफ सतर्कता बरतने को कहा गया है। इसके अलावा, मतदान दलों की गतिविधियों की सावधानीपूर्वक निगरानी, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के लिए आवास व्यवस्था और सार्वजनिक समारोहों, जुलूसों और रैलियों के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए जा रहे हैं। राष्ट्रविरोधी तत्वों की विध्वंसक गतिविधियों को विफल करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सूत्र बताते थे कि मजबूत पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) के साथ रिपोर्टिंग चैनल बढ़ा रहे हैं। चुनावधिकारियों के अनुसार, पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, और यदि आवश्यक हो, तो अर्धसैनिक बलों और मतदान कर्मचारियों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से दूरदराज के इलाकों में पहुंचाया जाएगा, जो कश्मीर प्रांत में स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुरक्षित चुनाव कराने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। जानकररी के लिए चुनावी परिदृश्य में संसदीय सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले उल्लेखनीय दावेदार शामिल हैं, जिनमें उमर अब्दुल्ला, सज्जाद लोन, महबूबा मुफ्ती, वहीद पारा, आगा रुहुल्ला, जफर इकबाल मन्हास, मियां अल्ताफ और अशरफ मीर जैसे चेहरे शामिल हैं। चूंकि मंच एक महत्वपूर्ण चुनावी प्रक्रिया के लिए तैयार है, सुरक्षा बलों और चुनावी अधिकारियों के सामूहिक प्रयासों का उद्देश्य लोकतांत्रिक सिद्धांतों को बनाए रखना और क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने में नागरिकों की शांतिपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करना है।

## बठिंडा से भाजपा उम्मीदवार बनीं आईएएस अधिकारी बोलीं, केंद्र ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया, दोबारा ड्यूटी पर नहीं लौटूंगा

**चंडीगढ़,** 8 मई (एजेंसियां)। पंजाब के बठिंडा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार पूर्व आईएएस अधिकारी परमपाल कौर सिद्धू ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और वह राज्य सरकार के निर्देश के अनुसार दोबारा ड्यूटी पर नहीं आएंगी। पंजाब सरकार को जवाब देते हुए सिद्धू ने कहा, 'मैं नौकरी दोबारा ज्वाइन नहीं करूंगी। वे (पंजाब सरकार) जो चाहें कार्रवाई कर सकते हैं। मैं अब सेवानिवृत्त हो गई हूं और मेरा इस्तीफा केंद्र सरकार ने स्वीकार कर लिया है।' उन्होंने कहा, 'मैं जल्द ही अपना नामांकन दाखिल करूंगी और चुनाव लड़ूंगी।' इससे पहले, केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को सिद्धू द्वारा चुनी गई स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना को तत्काल प्रभाव से स्वीकार करने का निर्देश दिया था। दूसरी ओर, राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारी को तुरंत ड्यूटी पर लौटने के लिए कहा



था और कहा था कि उन्हें 'सेवानिवृत्त या सेवा से मुक्त' नहीं माना जा सकता। उन पर सेवानिवृत्ति लेने के लिए 'झूठे आधार' देने का भी आरोप लगाया गया, जबकि वह राजनीतिक गतिविधियों में व्यस्त थीं। अधिकारी को लिखे पत्र में राज्य कार्मिक विभाग ने कहा कि नौकरी छोड़ने के लिए उनकी तीन महीने की नोटिस अवधि माफ नहीं की गई है। 2011 बैच की 59 वर्षीय आईएएस अधिकारी अपने पति के साथ 11 अप्रैल को भाजपा में शामिल हुईं। 1999 के चुनावों को छोड़कर बठिंडा सीट 1996 से शिरोमणि अकाली दल का गढ़ रही है।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 2.43 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.25 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.89 प्रतिशत |
| एलटी | 1.53 प्रतिशत |
| मारुति | 1.41 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 2.31 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 1.76 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.65 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.61 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.25 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## भारत-ताइवान का व्यापार 25 अरब डॉलर तक पहुंचाने की तैयारी

**ताइवान 'साउथबाउंड पॉलिसी' के तहत भारत को मानता है महत्वपूर्ण साझेदार**

**नई दिल्ली**, 8 मई (एजेंसियां)। भारत और ताइवान के बीच व्यापार में हाल के वर्षों में काफी बढ़ोतरी हुई है। दोनों देश आपसी सहयोग से लगातार निवेश और तकनीक साझा कर रहे हैं, जिससे भारत और ताइवान के बीच व्यापार 25 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों की ओर से ये जानकारी दी गई है।

> ताइवानी इंडस्ट्री के लिए भारत एक मित्र देश है, उनके साथ हमारे वाणिज्यिक संबंधों में तेजी से इजाफा हो रहा है : पीटर हुआंग



ताइवान बाहरी व्यापार विकास परिषद में दक्षिण एशिया अनुभाग (बाजार विकास विभाग) के विशेषज्ञ पीटर हुआंग (जो भारत में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं) ने कहा कि ताइवानी इंडस्ट्री के लिए भारत एक मित्र देश है। उनके साथ हमारे वाणिज्यिक संबंधों में तेजी से इजाफा हो रहा है। यह भारत के लिए हमारा 15वां व्यापार प्रतिनिधिमंडल है। उन्होंने आगे कहा कि ताइवानी कंपनियों के लिए भारत एक अनछुआ बाजार है। यहां व्यापार और निवेश की काफी संभावनाएं हैं। इलेक्ट्रॉनिक, ऑटो-पार्ट्स, मशीनरी, फूड प्रोसेसिंग, मेडिकल उपकरण और अन्य सेक्टरों में यहां निवेश के काफी मौके हैं।

ताइवान अपनी नई साउथबाउंड पॉलिसी के तहत भारत को एक महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। दोनों देशों ने प्रवासी अनुबंध भी किया हुआ है, जिसके तहत भारतीय कर्मचारी आसानी से ताइवानी इंडस्ट्रीज में काम कर सकते हैं। एमवीआईआरडीसी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर मुंबई के अध्यक्ष विजय कलंत्री ने कहा कि भारत-ताइवान आर्थिक संबंध महत्वपूर्ण मोड़ पर है। भारत ने पहली बार ताइवानी कंपनी फॉक्सकॉन के सीईओ यंग लियू को पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया, जो दिखाता है कि भारत और ताइवान के संबंध मजबूत हो रहे हैं। ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र (टीईसीसी) भी भारत में अपने तीसरे ऑफिस की योजना को लेकर कार्य कर रहा है। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि मौजूदा समय में भारत और ताइपे का व्यापार 8 अरब डॉलर का है जो निवेश और तकनीक शेयरिंग के कारण 25 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। 8 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार में ताइवान भारत को 6 अरब डॉलर निर्यात करता है, जबकि 2 अरब डॉलर का आयात करता है।

## वित्त वर्ष 2023 में विनिर्माण व खनन में निवेश घटा

**निर्यात में गिरावट व कम निजी खपत है मुख्य कारक**

**नई दिल्ली**, 8 मई (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 23 में विनिर्माण, निर्माण और खनन क्षेत्रों में निवेश घटा है। सकल पूंजी निर्माण (जीसीएफ) के तौर पर दिखाए जाने वाले इस निवेश में गिरावट का कारण निर्यात में प्राथमिक तौर पर गिरावट और कम निजी खपत है। यह जानकारी सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की जारी राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी, 2024 के उद्योग-वार विश्लेषण में दी गई है।

यह वह समय है जब वित्त वर्ष 23 में सकल जीसीएफ स्थिर मूल्य पर 6.9 प्रतिशत बढ़कर 55.3 लाख करोड़ रुपए हो गया है। जीसीएफ अर्थव्यवस्था में निवेश का व्यापक माप है और यह अचल संपत्तियां, इंवेंटरी और कीमती सामानों सहित भौतिक परिसंपत्तियों के कुल मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है। दूसरी तरफ सकल तय पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) अर्थव्यवस्था में निवेश का संकुचित रूप से प्रतिनिधित्व करता है। इसका कारण यह है कि इसमें मूल्यवान इंवेंटरी या अधिग्रहण को शामिल नहीं किया जाता है। वास्तविक



जीएफसी विनिर्माण 5.4 प्रतिशत संकुचित होकर 9.4 लाख करोड़ रुपए हो गया।ढयह साल भर में 'कम विनिर्माण वृद्धि' का प्रतिनिधित्व कर सकता है। अर्थशास्त्रियों के अनुसार कम विनिर्माण वृद्धि का कारण क्षमता का कम उपयोग और कंपनियों के निवेश में कम पहल करना है। इसके अलावा निर्माण क्षेत्र पर सरकार के अधिक पूंजीगत व्यय किए जाने के कारण इस क्षेत्र में पूंजी निर्माण में गिरावट आई है। इस क्षेत्र में पूंजी निर्माण वित्त वर्ष 23 में 2.9 प्रतिशत घटकर 4.02 लाख करोड़ रुपए हो गया जबकि यह वित्त वर्ष 22 में 4.14 लाख करोड़ रुपए था। इसमें गिरावट का प्रमुख कारण सस्ते आवास क्षेत्र में गिरावट आना है।

## वाहटर ने दिल्ली-एनसीआर में बेची पानी की 2 लाख बोतलें

**नई दिल्ली**, 8 मई (एजेंसियां)। विज्ञापन एवं डिब्बाबंद पेयजल ब्राण्ड वाहटर ने अपने लॉन्च के पहले ही महीने में दिल्ली-एनसीआर में 2 लाख बोतलें बेचने का रिकार्ड बनाया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह उपलब्धि देश भर के उपभोक्ताओं को साफ और किफ़ायती पेय जल उपलब्ध कराने के साथ-साथ विज्ञापन उद्योग में बदलाव लाने की वाहटर की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

यह अनूठा बिज़नेस मॉडल एक और दो रुपए में बोतलबंद पेयजल उपलब्ध कराता है। उपभोक्ता पानी की बोतल पर अपने पसंदीदा ब्राण्डों के विज्ञापन देखकर भी बेहद उत्सुक हैं, जो निश्चित रूप से वाहटर का आकर्षण बढ़ा रहे हैं।

वाहटर का विज्ञापन-उन्मुख राजस्व मॉडल ब्राण्डों को विज्ञापन के लिए लागत प्रभावी विकल्प उपलब्ध करा रहा है। आम तरीकों से हटकर वाहटर मार्केटिंग का नया तरीका लेकर आया है, जिसके ज़रिए ब्राण्ड विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के साथ जुड़ रहे हैं। इसके अलावा वाहटर विज्ञापनों को ज़्यादा भीड़भाड़ वाली लोकेशनों जैसे इंडिया गेट और कर्तव्य पथ तक भी पहुंचा रहा है ,जहां आमतौर पर विज्ञापन के अन्य साधन नहीं पहुंच पाते।

## बढ़ रही छोटे मझोले शॉपिंग सेंटरों की वीरानी

**नई दिल्ली**, 8 मई (एजेंसियां)। नाइट फ्रैंक इंडिया की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश में आन लाइन खरीदारी के बढ़ते रुझान और बड़े शापिंग माल के प्रति ग्राहकों के आकर्षण के कारण बहुत से खुदरा शापिंग सेंटर में वीरानगी छाई हुई है। यह रुझान ऐसे समय दिखा है जबकि देश में खुदरा कारोबार की जगह की आपूर्ति में वृद्धि हो रही है।

Knight Frank

- बंद हो चुके शॉपिंग सेंटर के रूप में 67 अरब की सम्पत्ति फंसी
- एनसीआर-दिल्ली में ज्यादा बड़ी संख्या में हो रही समस्या

इस रिपोर्ट के अनुसार देश में 29 प्रमुख शहरों में शॉपिंग सेंटरों में वीरान हुई जगह का सकल क्षेत्र फल 2022 से साल दर साल 59 प्रतिशत बढ़ गया है। रिपोर्ट के अनुसार इनमें वीरान हुए या बहुत कम चल रहे खुदरा शापिंग स्थलों का कुल क्षेत्रफल 1.33 करोड़ वर्ग फुट तक पहुंच गया है। शॉपिंग स्थलों के कई डेवलपर उस जगह को आवासीय या वाणिज्यक परिसर का रूप दे रहे हैं, या बेच कर उससे निकलने में लगे हैं। यह समस्या एनसीआर-दिल्ली में ज्यादा बड़ी है। नाइट फ्रैंक इंडिया रिपोर्ट की रिपोर्ट 'घोस्ट शॉपिंग सेंटर्स' के अनुसार बंद हो चुके शापिंग सेंटर के रूप में 67 अरब रुपए की सम्पत्ति फंसी है। रिपोर्ट के अनुसार देश के शीर्ष आठ शहरों में 2023 में 16 खुदरा केंद्र स्थायी रूप से बंद हो गए और उनमें कुल शापिंग केंद्रों की संख्या घटकर 263 रह गई। रिपोर्ट के अनुसार मुख्य बाजरों में शापिंग सेंटरों की संख्या बढ़ी है। वर्ष 2023 के अंत में इन केंद्रों में शापिंग माल की संख्या 64 हो गयी थी जो एक वर्ष पहले 57 थी।

रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) दिल्ली में वीरान शापिंग स्टोर का क्षेत्र बढ़ कर 53 लाख वर्ग फुट (सालाना 58 प्रतिशत की वृद्धि) के साथ सबसे अधिक है। इसके बाद मुंबई में 21 लाख वर्ग फुट (86प्रतिशत की वृद्धि) और बेंगलुरु में 20 लाख वर्ग फुट (46 प्रतिशत की वृद्धि) शापिंग के स्थान वीरान हो गए हैं। हैदराबाद एकमात्र ऐसा शहर है, जहां वीरान शापिंग स्थल का क्षेत्र साल-दर-साल 19 प्रतिशत गिर कर 2023 में 9 लाख वर्ग फुट आ गया है। रिपोर्ट के अनुसार आठ नये खुदरा केंद्रों के जुड़ने के बावजूद, 2023 में शॉपिंग सेंटरों की कुल संख्या घटकर 263 रह गई।

## छह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार में घटबढ़


**मुंबई**, 8 मई (एजेंसियां।) एशियाई बाजारों के नकारात्मक रुझान के दबाव में स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, आईटी, बैंकिंग और टेक समेत छह समूहों में हुई बिकवाली से आज सेंसेक्स फिसल गया जबकि निफ्टी हरे निशान पर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 45.46 अंक उतरकर 73,466.39 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी बढ़त के साथ 22,302.50 अंक पर रहा। हालांकि मझौली और छोटी कंपनियों में हुई लिवाली ने बाजार को और अधिक गिरने से बचाया। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.78 प्रतिशत की छलांग लगाकर 41,531.57 अंक और स्मौलकैप 0.50 प्रतिशत उछलकर 46,148.67 अंक हो गया।

- सेंसेक्स 45.46 अंक उतरकर 73,466.39 पर बंद
- निफ्टी बढ़त के साथ 22,302.50 अंक पर रहा

इस दौरान बीएसई में कुल 3926 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2128 में लिवाली जबकि 1667 में बिकवाली हुई वहीं 131 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी 25 कंपनियां तेजी जबकि 24 गिरावट पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के छह समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे वित्तीय सेवाएं 0.40, हेल्थकेयर 0.03, आईटी 0.57, बैंकिंग 0.38, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.11 और टेक समूह के शेयर 0.29 प्रतिशत टूट गए। वहीं, ऊर्जा 1.67, इंडस्ट्रियल्स 1.79, यूटिलिटीज 0.94, ऑटो 1.18, कैपिटल गुड्स 2.13, धातु 1.61, तेल एवं गैस 1.79, पावर 1.55, रियल्टी 0.65 और सर्विसेज समूह के शेयरों में 0.80 प्रतिशत की तेजी रही।




अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एशियाई बाजारों में गिरावट रही। इस दौरान जापान का निक्केई 1.63, हांगकांग का हैंगसेंग 0.90 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.61 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं, ब्रिटेन का एफटीएसई 0.52 और जर्मनी का डैक्स 0.54 प्रतिशत मजबूत रहा।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 287 अंक लुढ़ककर 73,225.00 अंक पर खुला और भारी बिकवाली के दबाव में दोपहर से पहले 73,073.92 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया लेकिन लिवाली शुरू होने से दोपहर बाद 73,684.93 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले सत्र के 22,302.50 अंक की तुलना में सकारात्मक रुझान के साथ 22,302.50 अंक पर सपाट रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही कंपनियों में एशियन पेंट 2.31, अल्ट्रासिमको 1.76, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.65, एचडीएफसी बैंक 1.61, एचसीएल टेक 1.25, बजाज फाइनेंस 1.05, बजाज फिनसर्व 0.78, आईसीआईसीआई बैंक 0.77, इंफोसिस 0.75, टाइटन 0.49, टीसीएस 0.49, इंडसइंड बैंक 0.38, टेक महिंद्रा 0.37, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.25 और विप्रो 0.12 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टाटा मोटर्स 2.43, पावरग्रिड 2.25, एनटीपीसी 1.89, एलटी 1.53, मारुति 1.41, नेस्ले इंडिया 1.19, रिलायंस 1.18, टाटा स्टील 1.13, एसबीआई 1.05, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.47, सन फार्मा 0.32, भारती एयरटेल 0.17, कोटक बैंक 0.12, एक्सिस बैंक 0.12 और आईटीसी के शेयरों ने 0.11 प्रतिशत का लाभ उठाया।

## विदेशी कर्मचारियों के बारे में विचार कर रहा ईपीएफओ

**नई दिल्ली**, 8 मई (एजेंसियां)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने बताया कि वह अंतरराष्ट्रीय कर्मचारियों को पीएफ और पेंशन योजना के तहत कवर करने के बारे में कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले पर 'आगे की कार्यवाही पर सक्रिय रूप से' विचार कर रहा है।

ईपीएफओ ने एक बयान में कहा कि ईपीएफओ को कर्नाटक उच्च न्यायालय के हालिया फैसले की जानकारी है। फैसला अंतरराष्ट्रीय कर्मचारियों के संबंध में कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 के पैराग्राफ 83 और कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के पैराग्राफ 43ए के विशेष प्रावधानों के बारे में है, जिसे संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन बताया गया है। ईपीएफओ फैसले पर आगे की कार्यवाही पर सक्रिय रूप से विचार कर रहा है।




- भारत का 21 देशों के साथ है सामाजिक सुरक्षा समझौता

ईपीएफओ ने बताया कि वर्तमान में भारत का 21 देशों के साथ सामाजिक सुरक्षा समझौता है। इन समझौतों से इन देशों के कर्मचारियों के लिए सतत सामाजिक सुरक्षा कवरेज सुनिश्चित होती है। जब इन देशों के नागरिक एक-दूसरे के यहां रोजगार के लिए जाते हैं तो उनकी सामाजिक सुरक्षा में निरंतरता बनी रहती है। बयान में कहा गया है कि ये समझौते भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं।

## सार संक्षेप

### हीरो मोटोकॉर्प का मुनाफा 18 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2024) में 1,016 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 859 करोड़ रुपए से 18 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने आज यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि मार्च 2024 को समाप्त इस तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 9,519 करोड़ रुपए रहा जो मार्च 2023 के तिमाही के 8,307 करोड़ रुपए की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने 40 रुपए का अंतिम लाभांश घोषित किया है। इसके साथ ही विशेष लाभांश के साथ यह लाभांश, चेयरमैन एमेरिटस डॉ. बृजमोहन लाल मुंजाल के शताब्दी वर्ष को चिह्नित करते हुए 100 रुपए प्रति शेयर वर्ष 2023-24 के लिए दिया जाएगा। इस तरह कुल लाभांश 140 रुपए प्रति शेयर यानी 7000 प्रतिशत हो जाएगा।

### भारत में स्टील डिमांड में तेजी जारी रहेगी

**नई दिल्ली।** इस्पात सचिव नागेन्द्र नाथ सिन्हा ने बुधवार को कहा कि सरकार के बुनियादी ढांचे पर ध्यान देने से अगले कुछ वर्षों में घरेलू इस्पात की मांग 10 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। अधिकारी ने राष्ट्रीय राजधानी में भविष्य के लिए तैयार तथा हरित विनिर्माण पर सीआईआई सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार के बुनियादी ढांचे पर ध्यान देने से घरेलू इस्पात की मांग दोहरे अंक में बढ़ेगी। सिन्हा ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में मांग में सालाना आधार 13-14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भविष्य में इसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि जारी रहेगी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में कच्चे इस्पात का उत्पादन करीब 14.5 करोड़ टन रहा जो वित्त वर्ष 2022-23 में 12.7 करोड़ टन था। वित्त वर्ष 2023-24 में खपत 13.6 करोड़ टन रही, जबकि 2022-23 में यह 12 करोड़ टन थी।

### बिरला ग्रुप की 100 अधिक सेंटर बनाने की योजना

**नई दिल्ली।** सी.के.बिरला ग्रुप की कंपनी और आई.वी.एफ नेटवर्क बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने एआरएमसी आई वी एफ फर्टिलिटी चेन का अधिग्रहण करने की घोषणा करते हुए कहा कि बिरला ग्रुप की 500 करोड़ रुपए के निवेश से 100 अधिक सेंटर बनाने की योजना है। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ के फिलहाल देशभर में 30 सेंटर है और मौजूदा अधिग्रहण के बाद इसका विस्तार दक्षिण भारत में केरल, कर्नाटक एवं तमिलनाडु में हो जाएगा। अधिग्रहण के बाद, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ के कुल 37 सेंटर हो जाएंगे। इसके साथ, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ देश में फर्टिलिटी समाधान ढूंढ़ रहे दंपत्तियों के लिए अग्रणी और भरोसेमंद पार्टनर के तौर पर अपनी पहचान को और मजबूत करेंगे। ए आर एम सी आई वी एफ की स्थापना 2009 में आईपीएफ विशेषज्ञ डॉ के यू कुंजीमोइद्दीन ने की थी।

## पाम ऑयल व वनस्पति तेल सस्ता, चीनी महंगी

**नई दिल्ली**, 8 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में गिरावट आने के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में पाम ऑयल और वनस्पति तेल सस्ता हो गया जबकि चीनी महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के



भाव स्थिर रहे। **तेल-तिलहन** : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा पांच रिंगिट फिसलकर 3,955 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.55 सेंट की गिरावट के साथ 43.95 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में पाम ऑयल 134 रुपए और वनस्पति तेल में 133 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और सोया रिफाइंड के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी** : मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई । **दाल-दलहन** : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : दाल-दलहन : चना 6300-6400, दाल चना 7300-7400, मसूर काली 7450-7550, मूंग दाल 10500-10600, उड़द दाल 12700-12800, अरहर दाल 11200-11300 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

## एआई से सेवा पेशेवरों की हो रही समय की बचत : रिपोर्ट

- एआई से दक्षता व ग्राहक संतुष्टि में हो रहा सुधार
- ग्राहकों की अपेक्षाएं बढ़ने से सेवा एजेंट पर बढ़ रहा दबाव

**बेंगलुरू**, 8 मई (एजेंसियां)। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के बढ़ते उपयोग के बीच सेवा क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवरों का कहना है कि इससे समय की बचत के साथ ही दक्षता और ग्राहक संतुष्टि में भी सुधार हो रहा है।

सेल्सफोर्स ने अपनी नई स्टेट ऑफ सर्विस रिपोर्ट में यह बात कही है। इस रिपोर्ट में 30 देशों में 5,500 सेवा पेशेवरों के बारे में सर्वे के परिणाम दिए गए हैं, जिनमें भारत के 300 पेशेवार शामिल हैं। इस रिपोर्ट में ग्राहक सेवा का निर्धारण करने वाली प्राथमिकताओं, चुनौतियों और रणनीतियों को शामिल किया गया है, जिनमें यह भी शामिल है कि सर्विस टीमें ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं के बीच अपना राजस्व, एफिशियंसी और ग्राहक संतुष्टि बढ़ाने के लिए किस प्रकार एआई और डेटा का उपयोग कर रही हैं।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि संगठन एफिशियंसी बढ़ाने के लिए एआई का उपयोग कर रहे हैं। क्वालिटी से समझौता किए बिना सेवा में सुधार के लिए संगठन एआई के उपयोग की तरफ ज्यादा झुक रहे हैं। इसमें कहा गया है कि भारत में 73 प्रतिशत सेवा संगठन एआई का उपयोग या आकलन कर रहे हैं। देश में 93 प्रतिशत सेवा संगठन इस साल एआई में निवेश बढ़ाना चाहते हैं। भारत में सेवा के लिए एआई के उपयोग के सर्वोच्च 3 मामले हैं, ऑटोमेटेड सारांश और रिपोर्ट, बेहतर ऑफर एवं परामर्श, ज्ञानपूर्ण लेख की रचना।



> भारत में 73 प्रतिशत सेवा संगठन एआई का उपयोग या आकलन कर रहे हैं, 93 प्रतिशत इस साल एआई में निवेश बढ़ाना चाहते हैं : सेल्सफोर्स

इसमें कहा गया है कि भारत में एआई का उपयोग करने वाले 94 प्रतिशत सेवा पेशेवरों ने कहा कि इससे उनका समय बचता है। सेवा संगठनों ने राजस्व निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया। सेवा को लागत केंद्र के रूप में राजस्व निर्माता के रूप में देखने का चलन बढ़ रहा है, और सेवा टीमें विस्तार के लिए निवेश कर रही हैं। देश में 79 प्रतिशत संगठनों को उम्मीद है कि इस साल उनके राजस्व में सेवा का योगदान ज्यादा रहेगा। भारत में 85 प्रतिशत सेवा संगठनों को इस साल ज्यादा बजट की उम्मीद है। भारत में 80 प्रतिशत सेवा संगठन इस साल ज्यादा संख्या में लोगों की उम्मीद कर रहे हैं। सेवा टीमों पर बढ़ती मांग का दबाव है। ग्राहकों की अपेक्षाएं बढ़ने के साथ सेवा एजेंट पर दबाव बढ़ रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार भारत में सेवा एजेंट अपने समय का औसतन 35 प्रतिशत हिस्सा ग्राहकों की मदद करते हुए व्यतीत करते हैं। देश में 77 प्रतिशत सेवा संगठनों को अगले साल ज्यादा राजस्व की उम्मीद है। भारत में 88 प्रतिशत सेवा पेशेवरों का कहना है कि आज के ग्राहक पहले के मुकाबले ज्यादा मांग करने लगे हैं।

# खेल जगत

## चौदह भारतीय पहलवान पेरिस ओलंपिक कोटा करेंगे प्रतिस्पर्धा

**इस्तांबुल।** अमन सहरावत और दीपक पूनिया की अगुवाई में चौदह भारतीय पहलवान विभिन्न भार वर्गों में गुरुवार से तुर्की के इस्तांबुल में शुरू होने वाले विश्व कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर में पेरिस ओलंपिक 2024 कोटा हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस्तांबुल में आयोजित हो रही यह प्रतियोगिता पहलवानों के लिए आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए जगह पक्की करने का आखिरी मौका होगा। प्रत्येक डिवीजन में दो फाइनलिस्ट अपने-अपने देशों के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करेंगे। इस बीच, तीसरा स्थान भार वर्ग में दो कांस्य पदक विजेताओं के बीच प्लेऑफ मुकाबले के विजेता को मिलेगा।



# विराट के बूते प्ले ऑफ की उम्मीद जिंदा रखने उतरेगी बेंगलुरु

### पंजाब के हर्षल, अर्शदीप व रबाड़ा ले सकते विराट, जैक व फॉफ का कड़ा इम्तिहान

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। एक शतक और चार अर्द्धशतक सहित रन बनाने मे शीर्ष पर चल रहे विराट कोहली के बल्ले से दमदार प्रदर्शन की बदौलत गुजरात टाइटंस से अपने दोनों और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच सहित अपने पिछले लगातार तीन मैच जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अब पंजाब किंग्स पर उसके दूसरे घरेलू धर्मशाला के मैदान पर रिटर्न मैच में भी बृहस्पतिवार को जीत के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में प्ले ऑफ में पहुंचने की मामूली उम्मीद को जिंदा रखने के मकसद से उतरेगी। आरसीबी ने विराट की 77 रन की बेहतरीन पारी से मौजूदा संस्करण में बेंगलुरू के अपने घरेलू मैदान दूसरे मैच में चार गेंदों के बाकी रहते चार विकेट से हरा अपनी पहली जीत दर्ज की थी। आरसीबी और पंजाब किंग्स के 11 -11 मैचों से समान रूप से चार-चार जीत और सात-सात हार के साथ आठ-आठ अंक हैं । आरसीबी अपने बेहतर नेट रन रेट के कारण फिलहाल सातवें और पंजाब किंग्स आठवें स्थान पर है और दोनों ही प्ले ऑफ के लिए गुणा भाग के फेर में फंसी हैं। आरसीबी के लिए अच्छी बात यह है कि उसे

**■ आरसीबी अपने बेहतर नेट रन रेट के कारण फिलहाल सातवें और पंजाब किंग्स आठवें स्थान पर है**



अब पंजाब किंग्स के खिलाफ के बाद दिल्ली कैपिटल्स और सीएसके से अपने घर बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलने हैं। वही पंजाब किंग्स को सीएसके खिलाफ बृहस्पतिवार के मैच के बाद अपने राजस्थान रॉयल्स से उसके दूसरे घरेलू मैदान गुवाहाटी और सनराइजर्स हैदराबाद से उसके घर हैदराबाद में खेलने हैं और इनमें जीत कतई आसान नहीं रहने वाली है। दरअसल आरसीबी और पंजाब किंग्स को बृहस्पतिवार में आपस में भिड़ने के बाद अपने अपने आखिरी दोनों मैचों में जिन भी टीमों से भिड़ना हैं वे फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष पांच में हैं।

विराट कोहली (कुल 542 रन), दो- दो अर्द्धशतक जड़ने वाले कप्तान फाफ डू प्लेसी (कुल 352 रन), दिनेश कार्तिक (कुल 283 रन) , रजत पाटीदार (कुल 213 रन) और मात्र छह मैच खेल एक शतक और एक अर्द्धशतक जड़ने वाल विल जैक (कुल 177 रन) की मौजूदगी में देर से सही आरसीबी के बल्लेबाज सही वक्त पर रंग में आ गए हैं। अपनी धीमी स्ट्राइक रेट और स्पिनरों को खेलने की कथित कमजोरी के चलते भारत और दुनिया के पूर्व महानतम बल्लेबाजों में एक सुनील गावसकर जैसे क्रिकेट कमेंटेरों के निशाने पर आए भारत की टी-20 विश्व कप के लिए चुनी गई टीम में जगह बनाने वाले विराट कोहली की कोशिश की पंजाब किंग्स के खिलाफ तेज पारी खेल कर उनका जवाब देने के साथ अपनी टीम को लगातार चौथी और कुल पांचवीं जीत दिला कर उसकी मौजूदा संस्करण में चुनौती बनाए रखने की होगी। मौजूदा संस्करण में मुंबई इंडियंस के लिए सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (कुल 18 विकेट) के बाद दूसरे नंबर पर चल रहे पंजाब किंग्स के हर्षल पटेल (कुल 17 विकेट), बाएं हाथ के अर्शदीप सिंह(कुल 15 विकेट), कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहे सैम करेन (कुल 13 विकेट), कसिगो रबाड़ा (कुल 11 विकेट) जैसे तेज गेंदबाजों की चौकड़ी के साथ देर से रंग में आने वाले लेग स्पिनर राहुल चाहर(कुल 6 मैच, 8 विकेट)व हरप्रीत बराड़ (कुल छह विकेट) आरसीबी के विराट, फाफ डू प्लेसी व विल जैक का कड़ा इम्तिहान ले सकते हैं।

**आईपीएल 2024**

अपने नियमित कप्तान शिखर धवन के पांच मैचों के बाद चोट के चलते बाहर होने से अब आखिर में लय पाने वाले दो अर्द्धशतक जड़ने वाले नौजवान शशांक सिंह (कुल 315 रन), एक शतक जड़ने वाले जॉनी बैरिस्टो (9 मैच, कुल 257 रन) और एक एक शतक जड़ने वाले प्रभसिमरन सिंह (कुल 251 रन) और सैम करेन (कुल 185 रन) को छोड़ पंजाब किंग्स की बल्लेबाज मौजूदा संस्करण में संघर्ष करते ही नजर आए हैं। पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी शशांक, बैरिस्टो और प्रभसिमरन पर निर्भर है लेकिन उसके लिए एक अच्छी बात यह है कि आरसीबी के गेंदबाज अभी तक गेंदबाजी इकाई के रूप में प्रभावी प्रदर्शन करने में कामयाब नहीं रहे है। आरसीबी के लिए बाएं हाथ के यश दयाल (10 मैच, 10 विकेट), मोहम्मद सिराज (10 मैच, 8 विकेट), विजय व्यस्क (चार मैच, चार विकेट) और कैमरून ग्रीन 9 मैच, सात विकेट) विकेट चटकाने के संघर्ष करते नजर आए हैं। ऐसे में बैरिस्टो और शशांक अपनी मौजूदा फॉर्म के खिलाफ तेज और बड़ी पारी खेलने में धर्मशाला में कामयाब रहे तो फिर ये दोनों पंजाब किंग्स की नैया किनारे लगा सकते हैं। आरसीबी के लिए उत्तर प्रदेश के लिए खेलने वाले बाएं हाथ के स्वप्निल सिंह ने 3 मैचों में 3 और लेग स्पिनर कर्ण शर्मा ने पांच में चार विकेट चटकाए हैं लेकिन दोनों ने खासतौर पर बीच के ओवर में जितनी गेंदबाजी करने का मौका मिला है उसका पूरा लाभ उठाया है।

# सूर्यकुमार ने खोला 'सुपला' शॉट के पीछे का राज

**मुंबई,** 8 मई (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने अपने पूरे करियर में लगाए गए बल्लेबाजी शॉट्स के शस्त्रागार को तोड़ दिया, जब उन्होंने 51 गेंदों में नाबाद 102 रन बनाए, जिससे संघर्षरत मुंबई इंडियंस की टीम ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में सात विकेट से जीत हासिल की। प्रतिष्ठित 'ऑफसाइड स्कूप' से लेकर अपने लोकप्रिय सुपला शॉट तक, 33 वर्षीय ने हैदराबाद के खिलाफ बहुआयामी शॉट खेलने की क्षमता की झलक दिखाई। यादव ने अपने प्रदर्शनों की सूची में शॉट्स की उत्पत्ति के पीछे की कहानी साझा की। यादव का सुपला शॉट उनके द्वारा खेली गई प्रत्येक पारी से परिचित हो गया है, अब उन्होंने खुलासा किया है कि उन्होंने मुंबई में टेनिस बॉल क्रिकेट खेलना शुरू किया था।



सूर्यकुमार यादव ने जियोसिनेमा से कहा कि मुझे लगता है कि शॉट का नाम स्थानीय टेनिस बॉल क्रिकेट से आया है जो मुंबई में खेला जाता है। और वहां से, जब मैंने वह शॉट खेलना शुरू किया क्योंकि लोगों ने इसे टेनिस बॉल क्रिकेट में बहुत खेला है, तो उन्होंने इस शॉट से जुड़ना शुरू कर दिया और इसे एक नाम दिया। जब शॉट खेला जाता है और इसे सुपला शॉट कहा जाता है, तो यह सुनना अच्छा लगता है। यादव ने अपने स्कूल के दोस्तों के साथ रबर बॉल क्रिकेट खेलते हुए शॉट को कैसे परफेक्ट किया, इसके बारे में विस्तार से जाना और दिखाया कि शॉट को कैसे निष्पादित किया जाता है। शॉट के पीछे की कहानी खूबसूरत है। मैं अपने स्कूल के दोस्तों के साथ सीमेंट के सख्त ट्रैक पर क्रिकेट खेला करता था और ऑफ साइड में 20 मीटर की बाउंड्री होती थी। हम बरसात के मौसम में रबर की गेंदों से खेलते थे और गेंद को जोर से फेंकने से पहले गीला कर लेते थे। वे मेरे घुटने से मेरे सिर तक गेंदबाजी करते थे, इसलिए यदि आप गेंद से प्रभावित हुए बिना रन बनाना चाहते हैं, तो शॉट वहीं से आता है।

**शॉट के पीछे की कहानी खूबसूरत है। मैं अपने स्कूल के दोस्तों के साथ सीमेंट के सख्त ट्रैक पर क्रिकेट खेला करता था और ऑफ साइड में 20 मीटर की बाउंड्री होती थी**

# कैच पर असहमति जताने के लिए सैमसन पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली,** 8 मई मई (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ कल खेले गये मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

**■ सैमसन की मैदान छोड़ने से पहले मैदानी अंपायरों से काफी देर बहस हुई थी**

सैमसन को अंपायर के फैसले से असहमति व्यक्त करने के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल एक का दोषी पाया गया। उन्होंने दोष और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गये मैच में 222 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन 16वें ओवर में मुकेश कुमार की गेंद पर शाई होप ने लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट हो गए थे। होप ने सीमा रेखा के करीब कैच लपका और अपने पैर जमाने से पहले थोड़ी देर के लिए लड़खड़ा गए। इस बात को लेकर अनिश्चितता थी कि उनका पैर बाउंड्री को छू गया था या नहीं, मैदानी अंपायरों ने टीवी अंपायर माइकल



गफ को बुलाया गया उन्होंने कैच आउट पर फैसला दिया था। सैमसन की मैदान छोड़ने से पहले मैदानी अंपायरों से काफी देर बहस हुई थी। आरआर के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह रिप्ले और एंगल पर निर्भर करता है और कभी-कभी आपको लगता है कि पैर छू गया है, लेकिन तीसरे अंपायर के लिए निर्णय करना कठिन होता है। खेल निर्णायक चरण में था, इसलिए क्रिकेट में ऐसा होता है। इस पर हमारे अलग-अलग दृष्टिकोण हैं।

# क्रिकेट की दुनिया के नए रोमांचक मुकाम की शुरुआत, बिग क्रिकेट लीग का हुआ शुभारंभ

**नोएडा,** 8 मई (एजेंसियां)। बिग क्रिकेट लीग (बीसीएल) ने बुधवार को अपनी धमाकेदार शुरुआत की। आधिकारिक उद्घाटन में एक ऐसी लीग का अनावरण किया गया जो भारत में क्रिकेट को ग्रास रूट स्तर एक रोमांचक रूप देने के प्रयास करेगी। यह लीग महत्वाकांक्षी लोकल खिलाड़ियों को अपने प्रिय क्रिकेट सितारों के साथ खेलने का अवसर प्रदान करेगी। यह बीसीएल के संस्थापक और अध्यक्ष, रुद्र प्रताप सिंह का विजन है, जो स्वयं भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हैं। सिंह ने बताया कि हमने बहुत से प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को देखा जिनके सपने कई वजहों और हालातों के कारण से पूरे नहीं हो पाते हैं, बीसीएल इन सभी महत्वाकांक्षी लोकल क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपने क्रिकेट हीरोज़ के साथ क्रिकेट खेलने के अभूतपूर्व अनुभव का अवसर देगा।

महान क्रिकेट हस्तियों दिलीप वेंगसरकर, लीग कमिश्नर और कर्टनी वाल्श, उपाध्यक्ष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आर पी सिंह के उत्साह और दृष्टिकोण का समर्थन किया। पूर्व भारतीय कप्तान और महान बल्लेबाज वेंगसरकर ने कहा कि यह सिर्फ एक और क्रिकेट लीग नहीं है, बल्कि देश के तमाम उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अवसर देने के बारे में है जिन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के मौके नहीं मिले और भारत में क्रिकेट प्रतिभा के अविश्वसनीय खजाने को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने के बारे में है। पूर्व अंतरराष्ट्रीय सितारों और स्थानीय प्रतिभाओं का मेल ही बीसीएल को अन्य क्रिकेट लीग्स से अलग करता है। यह अपने शुद्धतम रूप में क्रिकेट का उत्सव है। बीसीएल के वाइस प्रेसिडेंट, वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान और महान तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श ने भी कहा कि हम कुछ बेहतरीन मैच देखेंगे, अप्रत्याशित नायकों को उभरता देखेंगे, जो दुनिया भर के खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरणा देंगे। रुद्र प्रताप सिंह, बीसीएल के संस्थापक और अध्यक्ष, ने भी इन भावनाओं को दोहराते हुए कहा कि बीसीएल केवल क्रिकेट से अधिक है, भारतीय क्रिकेट में एक अलग तरह की पहल है। हम सभी को इस यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं। अनिरुद्ध चौहान, जो बीसीएल के सह-संस्थापक और सीईओ हैं, ने कहा कि हमने बिग क्रिकेट लीग सीज़न-1 के चयन के दौरान देश भर में कुछ अद्भुत प्रतिभाएं देखी हैं।



**यह सिर्फ एक और क्रिकेट लीग नहीं है, बल्कि देश के तमाम उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अवसर देने के बारे में है जिन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के मौक़े नहीं मिले : दिलीप वेंगसरकर , पूर्व भारतीय कप्तान**

## सार संक्षेप

### पीएसजी को हराकर चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंची डॉर्टमुंड

**पेरिस।** सारे पूर्वानुमानों को धता बताते हुए बोरूसिया डॉर्टमुंड ने किलियन एम्बाप्पे जैसे दिग्गजों से सजी पेरिस सेंट-जर्मेन को 1-0 से हराकर 2013 के बाद चैंपियंस लीग फाइनल में प्रवेश किया। डॉर्टमुंड और पीएसजी के बीच मंगलवार को खेले गये मुकाबले में गोल दूसरे हाफ में डॉर्टमुंड के मैट हम्मेल्स ने जूलियन ब्रांट कॉर्नर से हेडर से गोल किया। डॉर्टमुंड मैच के आखिर तक अपनी इस 1-0 की बढ़त को बरकरार रखते हुए मुकाबले में जीत दर्ज की। पीएसजी के दिग्गज खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे ने मैच के बाद कहा कि हम हमेशा पीएसजी में जीतना चाहते हैं, हमें गोल करना चाहिए था। हमारे पास गोल करने के मौके थे, जब आप ऐसा नहीं करते, जब आप दोनों छोर पर कुशल प्रदर्शन नहीं करते है तो आगे बढ़ना मुश्किल होता है। चैंपियंस लीग का फाइनल एक जून को लंदन के वेम्बली स्टेडियम में खेला जाएगा।

### जगुआर ने बड़ा उलटफेर करते हुए पहली जीत की दर्ज

**नई दिल्ली।** जगुआर एफसी ने बड़ा उलटफेर करते हुए सिटी फुटबाल क्लब को 2-0 से हरा कर डीएसए सीनियर डिवीजन लीग में अपनी पहली जीत दर्ज की। आज यहां विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मैदान पर खेले गए मैच में विजेता टीम जगुआर एफसी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच थांरेसो और रिशब गिरी ने गोल दागे। अब तक खेले गए मैचों के आधार पर यूनाइटेड भारत ने आठ मैचों में 17 अंक जुटा कर सुपर सिक्स का टिकट पा लिया है। वायुसेना पालम 16 अंक, नेशनल यूनाइटेड, हिंदुस्तान एफसी, शास्त्री और अजमल भी इस दौड़ में शामिल हैं। सभी के नौ मैचों में 14 अंक हैं। जगुआर ने पहली जीत का स्वाद चखा तो सिटी, दिल्ली टाइगर और उत्तराखंड का खराब प्रदर्शन जारी है।

### एआईएफएफ कार्यकारी समिति ने तत्काल प्रभाव से यौन उत्पीड़न रोकथाम नीति को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने यौन उत्पीड़न रोकथाम (पीओएसएच) नीति को आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी है, जिसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा। गहन विचार-विमर्श और सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श के बाद एआईएफएफ कार्यकारी समिति द्वारा यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। एआईएफएफ यौन उत्पीड़न रोकथाम नीति, जो यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम 2013 पर आधारित है, का उद्देश्य फुटबॉल समुदाय के भीतर एक सुरक्षित और समावेशी वातावरण सुनिश्चित करना है। अनुपालन और प्रभावकारिता के उच्चतम मानकों का पालन करने के लिए इसे एआईएफएफ कानूनी टीम द्वारा सावधानीपूर्वक तैयार और जांचा गया है।

# टी-20 विश्व कप के लिए बतौर ओपनर बेस्ट होंगे यशस्वी : ज्वाला

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। टी20 विश्व कप 2024 नजदीक है। खेल का यह सबसे छोटा प्रारूप इस साल वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के लिए यात्रा करने वाले अधिकांश खिलाड़ियों के पास दोनों मेजबान देशों में खेलने का अनुभव न के बराबर है। आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में, यशस्वी जायसवाल के कोच, जो उनके लिए उनके पिता के सामान है, ज्वाला सिंह ने बताया कि उनका मानना है कि युवा भारतीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी भारतीय टीम के लिए पारी की शुरुआत करेंगे। वेस्टइंडीज पर्यटन और टूर्नामेंटों के लिए सबसे अधिक बार होने वाला गंतव्य हो सकता है, लेकिन यह वह देश है जहां युवा जायसवाल भारत के लिए मैदान पर उतरे। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने रोसिया, डोमिनिका के विंडसर पार्क में डेब्यू किया, जहां उन्होंने 171 रनों की शानदार पारी खेलकर भारत को एक टेस्ट मैच में प्रमुख जीत दिलाई, जिसे उन्होंने पारी और 141 रनों से जीता। उनका टी20 में भी शानदार रिकॉर्ड है। एक ऐसा प्रारूप जिसमें उन्होंने केवल एक बल्लेबाज के रूप में ओपनिंग की है।

# ब्राजील फुटबॉल परिसंघ ने बाढ़ के बाद 3 शीर्ष स्तरीय क्लबों के मैच स्थगित किए

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। ब्राजील के राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद, तीन शीर्ष स्तरीय क्लबों--इंटरनेशियल, ग्रेमियो और जुवेंट्यूड- ने ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ से अपने मैच अगले 20 दिनों तक स्थगित करने का अनुरोध किया है क्योंकि वे सभी बाढ़ग्रस्त राज्य से बाहर हैं और ऐसे समय में फुटबॉल मैचों की मेजबानी करने की स्थिति में नहीं हैं। सीबीएफ ने आधिकारिक तौर पर अनुरोध पर सहमति व्यक्त की है और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में रियो ग्रांडे डी सुल की टीमों से जुड़े और 27 मई, 2024 तक निर्धारित सभी मैच, घर या बाहर, स्थगित कर दिए गए हैं। स्टेडियम में जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए



उचित बुनियादी ढांचे की कमी के कारण खाली होने से पहले ग्रेमियो फुटबॉल क्लब ने जरूरतमंद लोगों के लिए एरेना डो ग्रेमियो के दरवाजे खोल दिए। बाद में एरेना डो ग्रेमियो की भी तस्वीरें ऑनलाइन सामने आईं, जिसमें व्यापक बाढ़ के कारण क्षति हुई। रियो ग्रांडे डो सुल में सार्वजनिक आपदा की स्थिति के कारण, संघीय और राज्य सरकारों द्वारा आदेशित, चरम मौसम की घटनाओं के परिणामस्वरूप, सीबीएफ रियो ग्रांडे डो सुल की आबादी के साथ अपनी पूर्ण एकजुटता व्यक्त करता है और इस बात को पुष्ट करता है कि वर्तमान ध्यान उनकी तत्काल और आपात स्थिति से निपटने पर केंद्रित किया गया है। सीबीएफ, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की आयोजन इकाई के रूप में, और अपने संस्थागत कार्यों के साथ-साथ मानवीय प्रयासों के प्रति चौकस है, जिसकी इस समय आवश्यकता है, अधिकारियों को अपने अप्रतिबंधित समर्थन की पुष्टि करता है ताकि सभी उपायों और कार्यों को लाभ के लिए अपनाया जा सके।

### काउंटी क्रिकेट खेलेंगे सिद्धार्थ कौल

**नई दिल्ली।** पंजाब के तेज़ गेंदबाज़ सिद्धार्थ कौल तीन काउंटी मैचों के लिए नॉर्थैम्पटनशायर जाएंगे। 33 वर्षीय कौल 2018 में भारत के लिए तीन वनडे और इतने ही टी20 खेल चुके हैं। उन्होंने 2023-24 की रणजी ट्रॉफ़ी के दौरान 31.26 की औसत से 15 विकेट लिए थे। उनके नाम 26.44 की औसत से कुल 286 विकेट है, जिसमें 16 बार 5-विकेट हॉल शामिल है। वह ऑस्ट्रेलियाई तेज़ गेंदबाज़ क्रिस ट्रिमैन की जगह लेंगे। कौल ने कहा कि नॉर्थैम्पटनशायर का प्रतिनिधित्व करने के लिए मैं बेहद उत्साहित और ख़ुश हूं। मुझे भरोसा है कि मैं अपने अनुभव और सकारात्मक माइंडसेट से अपनी टीम को किसी भी परिस्थिति में मैच जीतने में मदद करूंगा। कौल चयन के लिए उपलब्ध हैं और वह 10 मई को ग्लॉस्टरशायर के ख़िलाफ़ मैच में खेल सकते हैं।

# अथापथु के शतक से श्रीलंका ने महिला टी-20 विश्वकप क्वालीफायर पर कब्जा जमाया

**अबू धाबी,** 8 मई (एजेंसियां)। चामरी अथापथु की 102 रन की सनसनीखेज पारी ने श्रीलंका को यहां शेख जायद स्टेडियम में स्कॉटलैंड के खिलाफ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर 2024 के फाइनल में मैच विजयी स्कोर बनाने में मदद की। कप्तान ने 13 चौकों और चार छक्कों की मदद से 63 गेंदों में 102 रन बनाए, जिससे श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 2 ओवर में 169/5 रन बनाए। जवाब में स्कॉटलैंड 20 ओवर में 101/7 रन ही बना सका।

**■ जीत के साथ, श्रीलंका अब महिला टी-20 विश्व कप के ग्रुप-ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, भारत और पाकिस्तान के साथ शामिल हो जाएगा**

क्वालीफायर के फाइनलिस्ट होने के नाते, श्रीलंका और स्कॉटलैंड दोनों बांग्लादेश में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके थे। जीत के साथ, श्रीलंका अब महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, भारत और पाकिस्तान के साथ शामिल हो जाएगा। इस बीच, स्कॉटलैंड मेजबान बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के साथ शामिल हो गया। स्कॉटलैंड की कप्तान सारा ब्राइस के पहले गेंदबाजी करने के फैसले को उनके गेंदबाजों ने समर्थन दिया, तेज गेंदबाज प्रियानाज चटर्जी ने तीसरे ओवर में विशमी गुणरत्ने (9) का महत्वपूर्ण विकेट झटका। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑफ स्पिनर कैथरीन फ्रेजर ने पहले पावरप्ले की समाप्ति से पहले हर्षिता समराविक्रमा (8) को फंसाया और स्कॉटलैंड को एक और सफलता दिलाई। इसके बाद लेग स्पिनर अब्ताहा मकसूद ने गतिशील ऑलराउंडर कविशा दिलहारी को हटा दिया, जो चौथे नंबर पर आई और कप्तान अथापथु के साथ पारी को फिर से बनाने की कोशिश की और कुछ आक्रामक चौके लगाए। फिर, हन्ना रेनी के तीसरे ओवर में अथापथु ने गति पकड़ी। तीसरी गेंद पर फ्री हिट कॉल का फायदा उठाते हुए, उसने तेज गेंदबाज को कवर के ऊपर से चौका मारा और इसके बाद अगली कुछ गेंदों पर दो और चौके लगाए।



क्लो एबेल की गेंद पर छक्का और चौका लगाने से अथापथु को टूर्नामेंट में अपना दूसरा अर्धशतक पूरा करने में मदद मिली और आखिरकार 14वें ओवर में उन्होंने अपना अर्द्धशतक पूरा किया। मकसूद द्वारा फेंके गए 17वें ओवर में फॉर्च्यून ने दो बार अथापथु का साथ दिया। बल्लेबाज को अंदरूनी किनारा मिला जिससे गेंद पीछे जाकर स्टंप्स को छू गई। हालाँकि, बेल्स उखड़ने में विफल रही। अगली ही गेंद पर डीप में क्षेत्ररक्षक ने कैच छोड़ कर श्रीलंकाई खिलाड़ी को एक और जीवनदान दे दिया।